# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, सोमवार, 18 अगस्त 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 92 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


## देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

**1949:** हंगरी में संविधान लागू हुआ।

**1951:** पश्चिम बंगाल के खड़गपुर में भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान की स्थापना।

**1973:** अमेरिका के बोस्टन में पहले एफ.एम. रेडियो स्टेशन के निर्माण को मंजूरी।

**2000:** इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को हराकर इतिहास रचा।

**2012:** नाटो के हवाई हमले में अफ़ग़ानिस्तान के कम से कम 13 आतंकवादियों की मौत।

# सीएम हेमंत ने विसर्जित की शिबू सोरेन की अस्थियां

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रविवार को अपने पूरे परिवार के साथ रजरप्पा मंदिर पहुंचे और पारंपरिक विधि-विधान तथा संथाली परंपराओं के अनुसार अपने पिता एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक संरक्षक, दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन की अस्थियां दामोदर नदी में विसर्जित कीं। इस अवसर पर उनके छोटे भाई और झामुमो विधायक बसंत सोरेन, मुख्यमंत्री के बेटे, अन्य परिजन और परिवार के करीबी सदस्य भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भावपूर्ण श्रद्धा के साथ अस्थि विसर्जन किया और परिवार की ओर से अन्य धार्मिक परंपराओं का पालन भी किया। इस दौरान दामोदर तट पर श्रद्धालुओं ने गुरुजी के सम्मान में श्रद्धासुमन अर्पित किए। पूरे माहौल में श्रद्धा, भावुकता और गुरुजी की यादें गूंजती रहीं। रविवार सुबह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन परिवार सहित अपने पैतृक गांव नेमरा से रजरप्पा के लिए रवाना हुए थे। उन्होंने अपने परिवार के साथ रामगढ़ के सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। पूजा-अर्चना सुभाशीष पंडा, सेठी पंडा और गुड्डू पंडा ने विधिवत करवाई। संथाली रीति-रिवाज के साथ अस्थि विसर्जन के समय मुख्यमंत्री की आंखों में अपने पिता को खोने की पीड़ा साफ झलक रही थी। मंदिर में पूजा के बाद मुख्यमंत्री ने वहां मौजूद गरीब और असहाय लोगों के बीच कपड़े और खाद्य सामग्री का वितरण किया। इस कार्य को उन्होंने सामाजिक सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के रूप में देखा। पूजा और वितरण के बाद मुख्यमंत्री अपने पैतृक गांव नेमरा लौट गए।





# चुनाव आयोग के लिए सभी समान : ज्ञानेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने रविवार को नेशनल मीडिया सेंटर में एक प्रेस वार्ता की। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि भारत के संविधान के अनुसार 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले भारत के प्रत्येक नागरिक को मतदाता बनना चाहिए और मतदान भी करना चाहिए। आप सभी जानते हैं कि कानून के अनुसार प्रत्येक राजनीतिक दल का जन्म चुनाव आयोग में पंजीकरण के माध्यम से होता है। फिर चुनाव आयोग समान राजनीतिक दलों के बीच भेदभाव कैसे कर सकता है? चुनाव आयोग के लिए न तो कोई विपक्ष है और न ही कोई पक्ष। सभी समान हैं। चाहे कोई किसी भी राजनीतिक दल से संबंधित हो, चुनाव आयोग अपने संवैधानिक कर्तव्य से पीछे नहीं हटेगा।' मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि पिछले दो दशकों से लगभग सभी राजनीतिक दल मतदाता सूची में त्रुटियों को सुधारने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए चुनाव आयोग ने बिहार से एक विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरुआत की है। एसआइआर की प्रक्रिया में सभी मतदाताओं, बूथ स्तर के अधिकारियों और सभी राजनीतिक दलों द्वारा नामित 1.6 लाख बीएलए ने मिलकर एक मसौदा सूची तैयार की है।' उन्होंने कहा



कि लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया में एक करोड़ से ज्यादा कर्मचारी, 10 लाख से ज्यादा बूथ लेवल एजेंट, उम्मीदवारों के 20 लाख से ज्यादा पोलिंग एजेंट काम करते हैं। इतने सारे लोगों के सामने इतनी पारदर्शी प्रक्रिया में क्या कोई मतदाता वोट चुरा सकता है? सीईसी ने कहा कि बिहार में मसौदा सूची जब से तैयार की जा रही थी तभी से इसे सभी राजनीतिक दलों के बीएलए से हस्ताक्षर करा सत्यापित कराया गया। इसमें आने वाली त्रुटि को ठीक करने के लिए सभी राजनीतिक दल और मतदाता अहम योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर में त्रुटि हटाने के लिए अभी भी 15 दिनों का समय बाकी है। हम सभी दलों और बीएलए से अपील करते हैं कि आने वाले 15 दिनों में सूची में त्रुटि को फॉर्म भरकर बताएं। जमीनी स्तर पर सभी बीएलओ, बीएलए और मतदाता मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर सही समय पर त्रुटि हटाने का आवेदन न किया जाए और वोट चोरी जैसे गलत शब्दों का इस्तेमाल कर जनता को गुमराह किया जाए तो यह तो गलत है। यह संविधान का अपमान नहीं तो और क्या है। कुछ लोगों ने ऐसे ही बेबुनियाद आरोप लगाए। जब उनसे सबूत मांगे गए तो जवाब नहीं दिया गया। मतदाताओं के तस्वीरों का इस्तेमाल बिना उनकी इजाजत के किया गया, यह लोकतंत्र का अपमान नहीं तो और क्या है। ऐसे बेबुनियाद आरोपों से चुनाव आयोग डरने वाला नहीं है। विपक्ष चुनाव आयोग के कंधे पर बंदूक रखकर राजनीति करने का प्रयास कर रहा है। ऐसे में हम साफ कर देते हैं कि चुनाव आयोग बिना किसी डर के गरीब, अमीर, बुजुर्ग, महिला, युवा समेत सभी धर्मों-वर्गों के लोगों के साथ चट्टान की तरह खड़ा था, खड़ा है और खड़ा रहेगा।

# मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भंडाफोड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** जिले की पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह से जुड़े पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। रविवार को दुग्दा थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी हरविंदर सिंह ने मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपितों से पूछताछ और छापेमारी के बाद चोरी की आठ मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। पुलिस के अनुसार 16 अगस्त को स्टारी के महावीर चौक पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान दो संदिग्धों को रोका गया। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि वे चोरी की बाइक धनबाद में बेचने जा रहे थे। इसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर सख्ती से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान गिरोह का नेटवर्क सामने आया और अन्य आरोपियों तक पुलिस की पहुंच हुई। गिरफ्तार आरोपियों में चन्द्रपुरा का आकाश यादव (27), दुग्दा का सागर कुमार तुरी, धनबाद के बाघमारा का सुमित कुमार और दो नाबालिग शामिल हैं। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर चन्द्रपुरा, दुग्दा, बोकारो



और धनबाद इलाके से चोरी की गई आठ मोटरसाइकिलें बरामद कीं। बरामद बाइक में हीरो होंडा, होंडा एसपी 125 और टीवीएस स्टार सिटी प्लस जैसी गाड़ियां शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि कुछ मोटरसाइकिलों के रजिस्ट्रेशन नंबर भी मिटा दिए गए थे ताकि उनकी पहचान न हो सके। पुलिस की जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी आकाश यादव के खिलाफ चन्द्रपुरा थाने में पहले से पांच अलग-अलग मामले दर्ज हैं। यह गिरोह लंबे समय से चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था और बाइक को धनबाद के विभिन्न बाजारों में बेच देता था। पुलिस की इस कार्रवाई में बेरमो-तेनुघाट अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एसपी ने कहा कि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेन की चपेट में आने से बैंक मैनेजर की मौत

**सीवान (नबिटा ब्यूरो)।** सीवान जंक्शन के आंदर ढाला के पास निराला नगर में रविवार को ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में सहायक ब्रांच मैनेजर के पद पर कार्यरत संजय कुमार श्रीवास्तव (50) के रूप में की गई है। इस हादसे ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है।

### सड़क हादसे में अभियंता की मौत

**बेगूसराय (नबिटा ब्यूरो)।** लाखों थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा और इनियार के बीच एनएच-31 फोरलेन पर तेज रफ्तार कार ट्रक से टक्कर के बाद डिवाइडर पर चढ़ गई। हादसे में भूमि सुधार विभाग के इंजीनियर की मौत हो गई। मृतक की पहचान विकास कुमार(36) के तौर पर हुई है। वे रोहतास जिले के गोरारी गांव के रहने वाले थे। वे पिछले पांच साल में मुंगेर में तैनात थे।

### सर्पदंश से छात्र की मौत

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के छतरपुर प्रखंड अंतर्गत ओकराहा गांव में जन्माष्टमी पूजा के दौरान एक दर्दनाक घटना हुई। गांव की 13 वर्षीय छात्रा आरती कुमारी को सांप ने डस लिया। परिजन उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर अस्पताल ले गए लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव और विद्यालय में शोक की लहर है। आरती राजकीय उत्क्रमिक मध्य विद्यालय में सातवीं कक्षा की छात्रा थी।

### कोयला लदा ट्रक जलकर खाक

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बरवाअड्डा थाना अंतर्गत जीटी रोड पर शनिवार की देर रात एक बड़ा हादसा हो गया। खरनी मोड़ के पास कोयला लदा ट्रक अचानक आग की लपटों में घिर गया। ट्रक की पहचान संख्या जेएच 10 सीटी 3094 के रूप में हुई है। घटना रात करीब तीन बजे की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक बाघमारा से कोयला लादकर जा रहा था। खरनी मोड़ पर पहुंचते ही अचानक उसमें आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे ट्रक को अपनी चपेट में ले लिया।

### अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, युवक की मौत

**चतरा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के इटखोरी थाना अंतर्गत भुरकुंडा जंगल के समीप देर रात दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में 28 वर्षीय संजय यादव की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक संजय यादव माधोपुर गांव के रहने वाला था। बताया जाता है कि वह पीतीज की ओर से अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर लौट रहा था। इसी दौरान भुरकुंडा जंगल के पास बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई। बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़े एक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई जिससे युवक की मौके पर ही जान चली गई।

# अमरेंद्र सिंह हत्याकांड का खुलासा, चार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के सदर थाना अंतर्गत जोगियाही स्थित रेलवे पटरी के पास 15 अगस्त को बरामद हुए युवक के कटे हुए शव की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। मृतक की पहचान अमरेंद्र सिंह उर्फ बबलू सिंह (22 वर्ष), पुत्र जयराम सिंह, ग्राम सुआ के रूप में की गई है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि मृतक का पिछले पांच वर्षों से काजल कुमारी के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। काजल की शादी 2022 में हो चुकी थी लेकिन दोनों के बीच बातचीत और मुलाकात जारी थी, जिससे लड़की के परिजन नाराज रहते थे। राखी के मौके पर काजल मायके आई थी और 15 अगस्त को अमरेंद्र से स्कूल में मिली। पुलिस के अनुसार रात में मिलने की योजना बनते ही अभियुक्तों को इसकी भनक लगी। रात को अमरेंद्र मिलने पहुंचा तब अभियुक्तों ने उसे पकड़कर घर ले जाकर रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी। साक्ष्य छिपाने के लिए शव को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया जिससे ट्रेन की चपेट में आने से शव दो टुकड़ों में बंट गया। पुलिस ने मामले में अभियुक्त योगेन्द्र यादव, राकेश यादव, कलावती देवी और बृक्ष यादव (सभी ग्राम सुआ, थाना सदर) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हत्या में प्रयुक्त रस्सी, गमछा, मोबाइल और बाइक भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को दो से तीन घंटे में गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि यह हत्या का मामला है और सभी आरोपियों को 24 घंटे के भीतर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।



# तड़पती रही प्रसव पीड़िता, घर नहीं पहुंचा एंबुलेंस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चतरा।** जिले के कुंदा थाना क्षेत्र के सिकिदाग पंचायत का बूटकुईया गांव बरसात में पूरी तरह टापू बन जाता है। यहां सड़क सुविधा के अभाव में ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाओं तक पहुंचने के लिए भी जद्दोजहद करनी पड़ती है। इसी कारण अरविंद गंझु की पत्नी भीखी देवी को प्रसव पीड़ा के दौरान परिजनों को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। जानकारी के मुताबिक भीखी देवी को दर्द शुरू होने पर परिजनों ने ममता वाहन को बुलाया लेकिन गांव तक सड़क और पुल नहीं होने की वजह से एंबुलेंस वहां पहुंच ही नहीं सकी। मजबूर परिजनों ने महिला को खाट पर लिटाकर तीन किलोमीटर पैदल चलकर मुख्य सड़क तक पहुंचाया। नदी पार करने से लेकर कच्चे रास्ते पर सफर करना बेहद कठिन था। मुख्य सड़क पर पहुंचने के बाद ही उन्हें एंबुलेंस मिल सकी। एंबुलेंस से पहले भीखी देवी को कुंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया लेकिन वहां से उन्हें चतरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। अंततः परिजनों ने उन्हें एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों की देख-रेख में सुरक्षित प्रसव हुआ। मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बूटकुईया समेत आसपास के कई गांवों में यह समस्या वर्षों से है। एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पाती जिस कारण खाट को ही एंबुलेंस बनाना पड़ता है। इससे पहले प्रतापपुर प्रखंड के हिंदीयखुर्द गांव में भी एक महिला को खाट पर ले जाते समय ही प्रसव हो गया था। ग्रामीणों ने कहा कि यह स्थिति सरकारी दावों और हकीकत के बीच का बड़ा अंतर दिखाती है। कुंदा प्रखंड के बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा ने भी माना कि बूटकुईया गांव आदिम जनजाति बहुल इलाका है और अब तक वहां तक सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि इतनी लंबी सड़क का निर्माण प्रखंड स्तर पर संभव नहीं है। इसके लिए ग्रामीण सड़क विकास योजना और पथ निर्माण विभाग की जिम्मेदारी है।



# स्मार्ट कक्षाओं से तकनीकी रूप से दक्ष होंगे कैडेट : अन्नपूर्णा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोडरमा।** सैनिक स्कूल तिलैया में रविवार को डिजिटल शिक्षा का नया दौर शुरू हुआ। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और कोडरमा विधायक अमित यादव ने संयुक्त रूप से स्मार्ट इंटरैक्टिव क्लास का उद्घाटन किया। इस पहल से छात्रों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से पढ़ाई का नया अनुभव मिलेगा। केंद्रीय मंत्री की पहल पर केंद्रीय कोल फील्ड्स लिमिटेड के सीएसआर फंड से करीब 70 लाख रुपये की लागत से 26 कक्षाओं में स्मार्ट पैनल लगाए गए हैं। अधिकारियों के अनुसार यह पहल छात्रों की शिक्षा को और अधिक गुणवत्तापूर्ण और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के उद्देश्य से की गई है। डिजिटल क्लास रूम से छात्रों को विषयों को समझने और सीखने की प्रक्रिया में सरलता होगी। झारखंड का सैनिक स्कूल तिलैया राज्य का एकमात्र और देश का सबसे बड़ा सैनिक स्कूल माना जाता है। यहां छठी से बारहवीं तक की पढ़ाई होती है और छात्राओं को भी शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है। इस संस्थान से हर साल बड़ी संख्या में कैडेट राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में चयनित होते हैं। स्कूल के सैकड़ों पूर्व छात्र भारतीय रक्षा सेवाओं और अन्य उच्च पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यही कारण है कि इस स्कूल को झारखंड ही नहीं, पूरे देश में विशेष पहचान प्राप्त है। कार्यक्रम के दौरान अन्नपूर्णा देवी ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर वीर सैनिकों को नमन किया। इसके बाद स्कूल के प्राचार्य कर्नल आर. मोहन राव ने उन्हें शॉल और मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि स्मार्ट कक्षाओं से कैडेट न केवल तकनीकी रूप से दक्ष होंगे, बल्कि ऑनलाइन शिक्षा का भी लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि सैनिक स्कूल तिलैया के छात्रों को किसी भी सुविधा से वंचित नहीं रखा जाएगा।




FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT

DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

GLOBAL VISION

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

# नीतीश को नारी शक्ति पर भरोसा, महिला जदयू की 40 टीमें रवाना होंगी, पार्टी का खास अभियान



**पटना, एजेंसी।** सुशासन का सार-आपके द्वार अभियान में महिला जदयू की 40 टीम रविवार को रवाना होगी। पार्टी 17 से 23 अगस्त तक पूरे प्रदेश में यह अभियान चलाएगी। इस दौरान यह टीम सभी जिलों में जाएगी। शनिवार को जदयू कार्यालय में अभियान की तैयारी को लेकर बैठक हुई। इसमें प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के अलावा महिला जदयू की पदाधिकारीगण वर्चुअल माध्यम से शामिल हुईं। अध्यक्षता महिला जदयू की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. भारती मेहता ने की।

उमेश कुशवाहा ने कहा कि आधी आबादी को विकास की मुख्यधारा में शामिल करने और उनके सर्वांगीण उत्थान के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जो कार्य किए हैं, वैसा उदाहरण किसी अन्य राज्य में नहीं मिलता। अब समय है कि प्रदेशभर में बूथस्तर तक सघन अभियान चलाकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में नीतीश सरकार द्वारा उठाए गए कदमों को बुकलेट, हैंडबिल और स्टिकर के माध्यम से प्रत्येक महिला मतदाता तक पहुंचाया जाए। विधानपरिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन सर्राफ ने कहा कि हर बूथ के प्रत्येक परिवार तक पहुंचना है और महिलाओं को नीतीश सरकार की उपलब्धियों एवं कार्यों की जानकारी देनी है। मुख्य सचेतक संजय गांधी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यों और नारी सशक्तिकरण को लेकर उनके दूरदर्शी विजन को घर-घर तक पहुंचाना है। पार्टी नेत्रियों की ऊर्जा, समर्पण और निष्ठा के बल पर 2025 में 225 सीटों पर विजय का लक्ष्य अवश्य पूरा होगा। डॉ. मेहता ने कहा कि 2025 में 225 और फिर से नीतीश के लक्ष्य की प्राप्ति तक हम सबको अनवरत और समर्पित भाव से कार्य करना है। बैठक में चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, चंदन कुमार सिंह, प्रो. नवीन आर्य चंद्रवंशी, श्वेता विश्वास, कंचन गुप्ता उपस्थिति थी। धन्यवाद ज्ञापन रेणुका कुशवाहा ने किया। बिहार में इसी साल विधानसभा के चुनाव होने वाले है। एनडीए ने 2025 में 225 का लक्ष्य तय किया है। इसके तहत सरकार के जन कल्याणकारी कार्यों की जानकारी आम आवाम तक पहुंचाने का अभियान चल रहा है। सरकार ने चुनावी साल में कई लोक लुभावन घोषणाएं भी की हैं।

## लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष से प्रदेश उपाध्यक्ष की मुलाकात



**किशनगंज, एजेंसी।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अति पिछड़ा प्रकोष्ठ विकास ठाकुर ने दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात की। इस दौरान पार्टी की मजबूती और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा हुई। चिराग पासवान ने विकास ठाकुर ने अति पिछड़ा प्रकोष्ठ को मजबूत करने के प्रयासों की सराहना की। किशनगंज जिले के ठाकुरगंज से विकास ठाकुर संभावित प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं।

**बिहार फर्स्ट-बिहारी फर्स्ट :** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) बिहार के सभी जिलों में चुनाव लड़ेगी। किशनगंज जिले में किस सीट से चुनाव लड़ा जाएगा, इसका निर्णय पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व करेगा। पार्टी एनडीए गठबंधन के साथ बिहार फर्स्ट-बिहारी फर्स्ट के विजन के साथ चुनाव लड़ेगी।

**चुनाव की तैयारियों की करेंगे समीक्षा :** राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान जल्द ही बिहार का दौरा करेंगे। इस दौरान वे पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

पार्टी का मानना है कि बिहार में एनडीए गठबंधन की सरकार फिर से बनेगी और राज्य का चौमुखी विकास होगा।



## जेल से रिहा राजबल्लभ यादव ने परिवार संग की पूजा

**नवादा, एजेंसी।** नवादा के प्रसिद्ध गोवर्धन मंदिर में 16 अगस्त 2025 को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। वृंदावन और मथुरा से आए कलाकारों ने भजनों से माहौल को भक्तिमय बनाया। हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच मंदिर समिति के अध्यक्ष और पूर्व श्रम राज्य मंत्री राजबल्लभ यादव ने विशेष पूजा-अर्चना की। जेल से रिहा होने के बाद राजबल्लभ यादव अपनी पत्नी और आरजेडी विधायक विभा देवी के साथ मंदिर पहुंचे। उनके साथ भतीजे और एमएलसी अशोक यादव भी मौजूद रहे। दक्षिण भारतीय स्थापत्य शैली में निर्मित गोवर्धन मंदिर, नवादा जिले का सबसे बड़ा आध्यात्मिक स्थल है। जन्माष्टमी पर मंदिर को सजाया गया।

### सुरक्षा के पुलिस बल तैनात

वृंदावन-मथुरा के ब्राह्मणों ने वैदिक रीति से पूजा करवाई। राधा-कृष्ण और शिव-पार्वती की पूजा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। मंदिर परिसर भक्ति भजनों से गूंजता रहा। मंदिर समिति के सदस्य महेंद्र यादव ने बताया कि पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। इससे सभी श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के दर्शन कर सके। राजबल्लभ यादव की मौजूदगी को सियासी संदेश के रूप में भी देखा जा रहा है। आरजेडी के गोविंदपुर विधायक मोहम्मद कामरान भी मंदिर पहुंचे।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**भागलपुर, एजेंसी।** बिहपुर प्रखंड के मधुसूदन उच्च बुनियादी विद्यालय बिहपुर के परिसर से शनिवार को राजस्व महाअभियान प्रचार रथ को रवाना किया गया। नवगछिया डीसीएलआर शैलेंद्र कुमार, बिहपुर अंचलाधिकारी लवकुश कुमार व राम जानकी ठाकुरबाड़ी के महंत नवल किशोर दास ने झंडी दिखाकर प्रचार रथ को रवाना किया। डीसीएलआर ने बताया कि इससे किसानों व जमीन के रैयतों को मिलने वाले सरलता से लाभ के बारे में बताया गया।

### माड़ीपुर में बैट्री एजेंसी से 50 हजार की चोरी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** काजीमोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के माड़ीपुर स्थित बैट्री एजेंसी से शनिवार को दिनदहाड़े 50 हजार रुपये चोरी कर लिये गये। पूरी वारदात एजेंसी में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। दुकानदार राहुल कुमार ने बताया कि फुटेज में दिख रहा युवक उसका पूर्व कर्मचारी है। दिसंबर में उसे चोरी की आशंका पर नौकरी से निकाल दिया था। शनिवार को वह अपनी बाइक का काम कराने पास के गैरेज में आया था। इसी बीच दुकान मालिक थोड़ी देर के लिए पीछे के घर में गए। इसी बीच पूर्व कर्मचारी ने काउंटर की चाबी निकाली और लगभग 50 हजार रुपये लेकर फरार हो गया। इधर, काजीमोहम्मदपुर थानेदार ने कहा कि अब तक किसी तरह की लिखित शिकायत नहीं मिली है।

### एसडीओ पूर्वी को मैसेज भेज मांगी रंगदारी, आरोपित गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** एसडीओ पूर्वी अमित कुमार को व्हाट्सएप पर अज्ञात नंबर से मैसेज भेजकर रंगदारी मांगी गई है। एसडीओ पूर्वी ने जब मैसेज का जवाब दिया तो छवि धूमिल करने की धमकी दी गयी। धमकी भरा यह मैसेज 15 अगस्त की देर शाम करीब आठ बजे के आसपास आया। इस संबंध में एसडीओ पूर्वी ने सदर थाने में रंगदारी मांगने, छवि धूमिल करने, धमकी देने, मानहानि समेत अन्य गंभीर आरोप लगाते हुए एफआईआर कराई है। एफआईआर के बाद पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपित को चिन्हित कर गिरफ्तार कर लिया है। वह पताही जगन्नाथ निवासी संजीव कुमार राजन है। इलाके में चर्चा है कि आरोपी जदयू का नेता है। हालांकि, जदयू जिलाध्यक्ष रामबाबू सिंह कुशवाहा का कहना है कि पूर्व में किसान प्रकोष्ठ के पदाधिकारी थे। वर्तमान में उनका पार्टी से कोई संबंध नही है। एफआईआर में एसडीओ पूर्वी ने बताया है कि वह पताही इलाके में भ्रमणशील थे।



## पति से लड़ाई, 2 बच्चों संग महिला ने दी जान : मधेपुरा में तालाब से मिला शव

**मधेपुरा, एजेंसी।** मधेपुरा में एक महिला ने अपने दो बच्चों के साथ तालाब में छलांग लगाकर जान दे दी। महिला का शव रविवार की सुबह पोखर से बरामद हुआ है। जबकि दोनों बच्चे का शव शनिवार को दोपहर में उसी पोखर से बरामद किया गया था। घटना कुमारखंड थाना क्षेत्र के रौता गांव की है। मृतका की पहचान रौता वार्ड-11 निवासी राकेश कुमार यादव की पत्नी आशा देवी (25), दोनों बच्चे कृति कुमारी (2) और बेटा रियांशु कुमार (1) के रूप में हुई है। रविवार की सुबह ग्रामीणों ने शव मिलने की सूचना कुमारखंड थाने की पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोखर से निकलने में जुट गई है। महिला के पति तीन माह पहले मजदूरी के लिए पंजाब गए हैं।

महिला अपने सास-ससुर से अलग रहती थी। ससुर ने बताया, मैं जुट निकालने के लिए बहियार गया था। करीब 11 बजे जब लौटा तो घर का दरवाजा बंद मिला। देखा तो घर में आग लगी थी। तभी पड़ोस के लोगों ने बताया कि दोनों बच्चों की लाश तालाब से मिली है। बताया जा रहा है कि पति से ही किसी बात को लेकर फोन पर झगड़ा हुआ था। इसके बाद महिला ने गुस्से में आकर यह कदम उठा लिया। मृतका के पति से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया है।

# मध्य प्रदेश के कारीगर सहरसा में बना रहे खटिया: 20 मिनट में बनाकर करते है तैयार

### 1200 रुपए कीमत, गांव-गांव में बढ़ी डिमांड

**सहरसा, एजेंसी।** सहरसा में मध्य प्रदेश के नीमच जिले से आए कारीगर लक्ष्मण कुमार और उनकी टीम अपने हुनर से रोजगार चला रहे हैं। टीम में 10-12 सदस्य हैं। ये लोग मोटरसाइकिल पर सामान लेकर गांव-गांव जाते हैं। महाराष्ट्र और इंदौर से लाए गए लोहे के फ्रेम पर खटिया बनाते हैं। इनकी खास बात यह है कि सिर्फ 20-25 मिनट में खटिया तैयार कर देते हैं। खटिया में मजबूत रस्सी का इस्तेमाल करते हैं। लोहे का फ्रेम टिकाऊ होता है और डिजाइन आकर्षक होती है। खटिया की कीमत 1200 रुपए है, जो आम लोगों की पहुंच में है। लक्ष्मण कुमार बचपन से यह काम कर रहे हैं। अपने राज्य में रोजगार नहीं मिलने के कारण सहरसा आए। वे कहते हैं कि पेट की मजबूरी से मेहनत करने की प्रेरणा मिलती है। इसलिए वे गांव-गांव जाकर लोगों की जरूरत पूरी करते हैं।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था में दे रहे योगदान

ये कारीगर अपनी आजीविका के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी योगदान दे रहे हैं। उनकी मेहनत और तेजी से काम करने की कला ने उन्हें लोगों के बीच पहचान दिला दी है। यह उदाहरण है कि कैसे सीमित साधनों के बावजूद हुनर को पूंजी बनाकर सफलता पाई जा सकती है।



### मेल-मिलाप और आराम का है प्रतीक

ग्रामीण जीवन में खटिया का खास महत्व है। यह सिर्फ सोने का साधन नहीं है। यह बातचीत, मेल-मिलाप और आराम का प्रतीक भी है। इसलिए इन कारीगरों की खटिया लोगों के बीच लोकप्रिय हो गई है। स्थानीय ग्रामीण शंभू यादव कहते हैं कि बाहर से आने वाले इन कारीगरों ने मेहनत और कला से गांव की संस्कृति को और मजबूत किया है।

### पुरानी बाजार में बिराजेंगे छह फीट के लालबाग के राजा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** श्री गणेश पूजा समिति नवयुवक महाराष्ट्र और स्वर्णकार सराफा संघ सोनरपट्टी पुरानी बाजार में गणेशोत्सव की तैयारी जोर शोर से चल रही है। इस बार यहां मुंबई के बांद्रा के प्रसिद्ध मूर्तिकार दीपक बोटेलकर छह फीट की प्रतिमा बना रहे हैं जो लाल बाग के राजा के स्वरूप में दिखेंगे। समिति के अध्यक्ष सोना सेडे व सदस्य चंद्रकांत पांडरे ने बताया कि नौ दिवसीय गणेशोत्सव पूरी तरह मराठी विधि से संपन्न होगा। यहां के स्थानीय पंडित कामेश्वर तिवारी और मराठी पुजारी संतोष राओ पूजा कराएंगे। पूजा सुबह नौ बजे से आरंभ होगी। साथ ही मुंबई से तीन अलग से मराठी आचार्य को बुलाया जा रहा है जो 27 अगस्त से पांच सितंबर तक सुबह नौ बजे व रात्रि नौ बजे मराठी परिधान में बप्पा की महाआरती मराठी विधि से करेंगे। यह शहर के श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केन्द्र बनेगा। वहीं, मोदक से बप्पा का प्रतिदिन भोग लगाया जाएगा। 31 को दिन में भंडारा, रात में होगा जागरण चंद्रकांत पांडरे ने बताया कि 31 अगस्त को दिन में भंडारे का आयोजन किया गया है।

## गोपालगंज में 8 साल की बच्ची से छेड़छाड़, एफआईआर दर्ज, आरोपी गिरफ्तार



**गोपालगंज, एजेंसी।** गोपालगंज के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में 8 वर्षीय बच्ची के साथ 50 वर्षीय अधेड़ ने छेड़छाड़ की। इस घटना के बाद पीड़िता के परिजनों के दिए गए आवेदन के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। साथ ही फौरन कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

**8 साल की बच्ची के साथ छेड़छाड़ :** पीड़िता की मां ने आरोप लगाया कि, गांव के एक अधेड़ व्यक्ति ने उसकी 8 साल की बच्ची के साथ जबरन अश्लील हरकतें की गईं। साथ ही शारीरिक शोषण का प्रयास किया। घर लौटते समय आरोपी ने बहला-फुसलाकर बच्ची को रोका और लालच देकर छेड़छाड़ की।

**बच्चों की सुरक्षा का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं - पुलिस :** घटना की सूचना मिलने पर बैकुंठपुर थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। इसके बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर एसडीपीओ 2 सिधवलिया राजेश कुमार ने बताया कि, मामला के संज्ञान में आते ही 24 घंटे के भीतर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ की जी रही है और आगे की कार्रवाई जारी है। पुलिस का कहना है कि किसी भी कीमत पर बच्चों की सुरक्षा का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## तेजस्वी को नित्यानंद ने दी नसीहत-बोले, बिहार की जनता आपकी हकीकत को भली भांति जानती और समझती है

**पटना, एजेंसी।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को बिहार के लोगों को गुमराह नहीं करने की नसीहत दी है। उन्होंने कहा है कि बिहार की जनता आपकी हकीकत को भली भांति जानती और समझती है। नित्यानंद राय ने कहा कि तेजस्वी जिस लोकतंत्र की बात करते हैं इसका गवाह बिहार के 13 करोड़ लोग हैं। सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर नित्यानंद राय ने कहा है कि लालू यादव किस तरह लोकतंत्र के नाम पर, चुनाव के नाम पर मत पेटियों को लुटवाने का काम करते थे, यह पूरा बिहार और देश जानता है। बूथ कब्जा करने की जिस संस्कृति को शिष्टाचार बनाकर 15 साल तक सत्ता हासिल की उस लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर भी जरा रोशनी डालने की कोशिश कीजिए। कहा कि बिहार के लोग आज भी इस बात की कल्पना कर कांप जाते हैं, जो उन्होंने 1990 से 2005 के बीच राजद के



शासनकाल में देखा है। किस तरह से सत्ता का खुले तौर पर उल्लंघन, अपराधियों के साथ आपकी प्रशासन व्यवस्था खड़ी होती थी।

नित्यानंद राय ने कहा कि वोट अधिकार यात्रा निकालने से पहले राहुल गांधी यह बताएं कि जो पहला चुनाव हुआ था उस समय से लेकर कांग्रेस के शासनकाल में जो भी चुनाव हुए हैं, उसमें किस तरह से धांधली हुई थी? किस तरह से वोट चोरी हुई थी, उसके बारे में भी वोट अधिकार यात्रा के दौरान जरूर बताएं?

इधर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया है कि सत्ता में बैठे लोगों के दो-दो जगह वोट है। लेकिन गरीब को अपना एक वोट बनवाते हुए भी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। बिहार अपने वोट के अधिकार की आजादी के लिए संघर्ष कर रहा है। तेजस्वी ने कहा कि तानाशाही हमारा गला घोंटती रहे और हम देशभक्ति के गीत गाकर झूमते रहें। हास्यास्पद स्थिति में आज बिहार के लोगों को लाकर खड़ा कर दिया है। जो जिंदा हैं, उनका वोट काट दिया गया है। जो मर चुके हैं, उनका नाम वोटर लिस्ट में जोड़ दिया गया है। एक झटके में लाखों नाम हटा दिए गए, जिंदा इंसान मृत बना दिए गए। इसी को लेकर वोटर अधिकार यात्रा का आयोजन किया गया है।

# टंकी सफाई के दौरान 3 मजदूरों की मौत, दम घुटने से गई जान, गया में दर्दनाक हादसा



**गया, एजेंसी।** गया जिले में कई साल से बंद किरासन तेल गोदाम की टंकी साफ करने उतरे तीन युवकों की दम घुटने से मौत हो गई। घटना शनिवार की शाम गया जी मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर गुरारू प्रखंड बाजार स्थित स्टेशन रोड की है। मरने वालों में दशरथ बिगहा गांव निवासी गनौरी पासवान का 20 वर्षीय पुत्र छोटू कुमार, बारा गांव निवासी मुकेश यादव का 25 वर्षीय पुत्र सागर कुमार और बहबलपुर गांव निवासी सुरेंद्र गोस्वामी का 24 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार शामिल हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक पहले छोटू कुमार तेल निकालने के लिए टंकी में उतरा। अंदर जहरीली गैस और ऑक्सीजन की कमी के कारण वह बेहोश हो गया। उसे बचाने के लिए दो अन्य युवक टंकी में उतरे। इन दोनों युवकों का भी दम घुटने लगा। तीनों बेहोश हो गए। यह बात जंगल में आग की तरह फैली। बाद में स्थानीय लोगों ने किसी तरह तीनों को निकाला। आनन-फानन में तीनों को गुरारू पीएचसी लाया गया। जहां डाक्टरों ने तीनों को मृत बता दिया। स्थानीय लोगों के मुताबिक गोदाम कई साल से बंद था। पहले यहीं से पूरे इलाके में किरासन तेल की सप्लाई होती थी। इस गोदाम को किसी ने खरीद लिया है। अब किरासन गोदाम की टंकी साफ कराने के दौरान यह हादसा हुआ। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन की लापरवाही पर भी सवाल उठ रहे हैं। लोगों का आरोप है कि वर्षों से बंद पड़े इस गोदाम की निगरानी नहीं की जा रही थी। लोगों ने सड़क जाम कर हंगामा किया।

## हमलावर किसान को 7 गोली मारकर हुए फरार

### गोपालगंज में शराब तस्करी-अवैध धंधे का मामला, घायल को गोरखपुर किया रेफर



**गोपालगंज, एजेंसी।** गोपालगंज में शराब तस्करी के विवाद में एक किसान को गोली मार दी गई। भोरे थाना क्षेत्र के घोबहा गांव के पास अज्ञात बाइक सवारों ने गोसैसिया गांव के 40 वर्षीय लाल बहादुर यादव पर हमला किया। शनिवार की रात की इस घटना में लाल बहादुर को शरीर के विभिन्न हिस्सों में 7 गोलियां लगीं। गंभीर हालत में उन्हें पहले भोरे रेफरल अस्पताल ले जाया गया। वहां से डॉक्टरों ने उन्हें गोरखपुर रेफर कर दिया।

**फायरिंग कर मौके से फरार हमलावर :** परिजनों के अनुसार, गांव का एक युवक लाल बहादुर को घर से बुलाकर ले गया। वहां पहले से मौजूद बाइक सवार बदमाशों से किसी बात पर विवाद हुआ। इसके बाद हमलावरों ने फायरिंग शुरू कर दी और मौके से फरार हो गए।

**अवैध धंधे में शामिल था घायल :** भोरे थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह शराब तस्करी से जुड़ा मामला लग रहा है। क्षेत्र में शराब के अवैध कारोबार को लेकर दो गुटों के बीच रंजिश चल रही है। घायल किसान भी इस अवैध धंधे में शामिल रहा है।पुलिस ने हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित की हैं। जांच तेजी से जारी है और जल्द ही आरोपियों को पकड़कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# भगहर पंचायत में डायरिया का कहर एक मासूम की मौत, दर्जनों बीमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चौपारण (हजारीबाग)।** सुदूर बिहार सीमा से सटे चौपारण प्रखंड के भगहर पंचायत में डायरिया ने पिछले सात दिनों से कहर बरपा रखा है। बीमारी की चपेट में खासकर भुइया समाज आ रहा है। हालात इतने भयावह हो गए हैं कि अब तक एक मासूम बच्चे की मौत हो चुकी है, जबकि दर्जनों लोग गंभीर रूप से बीमार हैं। नावाडीह टोला निवासी रामबली भुइंया का पांच वर्षीय पुत्र बिक्रम कुमार डायरिया की चपेट में आकर जिंदगी की जंग हार गया। परिवार के अन्य बच्चे नीलम, सपना और सूरज समेत कई ग्रामीण भी बीमार हैं। घरसरी गांव के शिवम



कुमार, राधिका कुमारी सहित दर्जनों लोग बीमारी से जूझ रहे हैं।

मुख्यालय से दूरी और स्वास्थ्य सुविधाओं की भारी कमी के चलते लोग नीम-हकीम के भरोसे इलाज कराने को मजबूर हैं। हालांकि बीते सप्ताह चौपारण सीएचसी की टीम ने गांव पहुंचकर उपचार किया, लेकिन संक्रमण पर पूरी तरह नियंत्रण नहीं हो पाया।

इधर, ग्रामीणों की जानकारी पर विधायक मनोज यादव ने तत्काल मामले का संज्ञान लिया और उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह व सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार से बातचीत की। उनके निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुँची और पंचायत भवन में उपचार शुरू किया गया। तीन बच्चों की हालत गंभीर होने पर उन्हें चौपारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार स्वयं अस्पताल पहुँचे और बच्चों के इलाज की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल का निरीक्षण कर कमियों को दूर करने का निर्देश दिया। स्थानीय लोगों ने अस्पताल में एमबीबीएस चिकित्सकों की कमी की समस्या उठाई जिस पर उन्होंने प्रबंधन को लिखित मांग भेजने का आश्वासन दिया।

गौरतलब है कि भगहर पंचायत में तैनात सीएचओ व एएनएम का हाल ही में स्थानांतरण हो चुका है, जिससे पंचायत पूरी तरह स्वास्थ्यकर्मियों से खाली हो गया है। पंचायत की दूरी और सरकारी कर्मचारियों की उदासीनता के कारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

इस मौके पर आयुष चिकित्सक डॉ. पंकज मेहता, डॉ. रविकांत पांडे, डॉ. दिनेश एकलव्य समेत अन्य चिकित्सक मौजूद थे।

# बाल सुधार गृह में चेस प्रतियोगिता आयोजित न्यायाधीश व उपायुक्त ने बच्चों को दी प्रेरणा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** स्थानीय बाल सुधार गृह में रविवार को चेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय ने बच्चों को सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बाल सुधार गृह में रखे गए बच्चों का उद्देश्य उनके जीवन में सुधार लाना है, ताकि वे यहां से निकलकर एक सभ्य और शिक्षित नागरिक बन सकें। न्यायाधीश ने कहा कि बालकों को अपनी नकारात्मक सोच को बदलना होगा और सकारात्मक विचारों के साथ कार्य करना चाहिए। ऐसा करने से उनके भीतर छिपी बुराइयां और अवगुण स्वतः समाप्त हो जाएंगे। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे शिक्षा और अनुशासन को अपनी प्राथमिकता बनाएं।

इस अवसर पर डीएलएसए की उपाध्यक्ष सह उपायुक्त समीरा एस ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार और जिला प्रशासन बच्चों के रहन-सहन, पठन-पाठन और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दे रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे इन बच्चों के जीवन में स्थायी बदलाव लाया जा सकता है।

कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास



ने भी बच्चों को जीवन शैली और अनुशासन के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि गलतियां हर किसी से होती हैं, लेकिन उनसे सीख लेकर आगे बढ़ना ही सच्चा सुधार है। वहीं, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन ने बच्चों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी दी।

कार्यक्रम के अंत में चेस प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। आयोजन से बच्चों में उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला।

# हजारीबाग में पर्वत पुरुष दशरथ मांझी की मनाई गई 18वीं पुण्यतिथि, भारत रत्न देने की उठी मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** माउंटेन मैन के नाम से विश्वभर में प्रसिद्ध पर्वत पुरुष दशरथ मांझी की 18वीं पुण्यतिथि हजारीबाग के रिंग एंड रोजेज बैंक्वेट हॉल में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर झारखंड भुइयां समाज विकास समिति के बैनर तले सैकड़ों लोग जुटे और मांझी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उपस्थित लोगों ने दशरथ बाबा अमर रहें के नारे लगाए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल के सुपुत्र करण जायसवाल तथा कटकमसांडी के पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा मौजूद रहे। करण जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि दशरथ मांझी ने जीवन में जो कार्य किया, वह पूरे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि समाज के लिए एकजुटता अति आवश्यक है, क्योंकि एकता से ही बड़ी चुनौतियों को पार किया जा सकता है।

कार्यक्रम में झारखंड भुइयां समाज विकास समिति के प्रदेश अध्यक्ष बासुदेव राम ने दशरथ मांझी को भारत रत्न देने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि मांझी ने दृढ़ निश्चय और अदम्य साहस के बल पर पहाड़ काटकर रास्ता बनाया, जो न केवल प्रेम और समर्पण का प्रतीक है बल्कि समाज के लिए प्रेरणा भी है। उन्होंने कहा, ल्लहमारा समाज उस वर्ग से आता है जिसका मनोबल लंबे समय से दबा हुआ है। यदि दशरथ बाबा को भारत रत्न सम्मान मिलता है, तो यह हमारे समाज के आत्मबल को ऊंचाई देगा।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष रामू राम, पूर्व जिला अध्यक्ष रोहित राम, महासचिव चंदूवीर भुइयां, कोषाध्यक्ष तेजनरायण राम समेत बड़ी संख्या में भुइयां समाज के लोग शामिल हुए। श्रद्धांजलि सभा ने यह संदेश दिया कि पर्वत पुरुष दशरथ मांझी की स्मृति समाज में सदैव जीवित रहेगी और उनकी अदम्य इच्छाशक्ति आने वाली पीढ़ियों को रास्ता दिखाती रहेगी।

# आजादी की एक जंग जीते दूसरी जंग लड़ना बाकी : पर्यावरण धर्म गुरु कौशल

## पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल ने भारत माता चौक पर किया ध्वजारोहण, डॉ कौशल ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के कोडरमा स्थित आवास पर मुलाकात कर किया पौधा भेंट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** छतरपुर अनुमंडल मुख्यालय के हृदयस्थली कहे जाने वाले भारत माता चौक पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व बनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कर तिरंगे को नमन किया। कार्यक्रम में शामिल होली ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल की छात्र- छात्राओं ने राष्ट्रीय गान प्रस्तुत कर झंडे को सलामी दी। ध्वजारोहण के उपरांत पर्यावरणविद ने सभी छात्राओं व शिक्षिकाओं को उपहार स्वरूप डायरी व कलम के साथ एक- एक पौधा देकर उन्हें पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। वहीं उन्होंने एक -एक फलदार पौधा क्रमश





देश के जवानों के नाम, एक पेड़ मां के नाम व एक पेड़ देश की आजादी के नाम पर मौजूद लोगों के बीच वितरित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि देश के कई स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी जान की कुर्बानी दे कर हमें आजादी की सौगात दिया है। उसी प्रकार हम सभी को आने वाली पीढ़ी के लिए पौधा लगाकर उन्हें जीवन रक्षक के रूप में वरदान देने का काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी पौधारोपण कर भारत का झंडा लहराया गया है। कहा कि छतरपुर के लोगों ने उन्हें जो सम्मान व प्यार दिया है उसके लिए वे शुक्रगुजार हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें भारत माता चौक पर ध्वजारोहण करने का जो अवसर प्रदान किया गया है उससे वे गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। भारत माता चौक पर ध्वजारोहण पिछले दो वर्षों से किया जा रहा है। मौके पर आयोजन कर्ताओं में व्यवसायी अजय कुमार गुप्ता, अनिल कुमार पासवान, मनोज गुप्ता, टिंकू ठाकुर, पंकज चौरसिया, सुधीर सिन्हा, मुकेश सिन्हा, गोलू मिष्ठान भंडार के प्रोपराइटर गोलू गुप्ता सहित स्थानीय पत्रकार असगर हुसैन, अश्विनी कुमार, सुरेंद्र कुमार सिंह, विनोद कुमार, राजीव सिन्हा, चंदन कुमार, राणा रणजीत पहाड़ी सहित अन्य लोगों की अहम भूमिका है। उक्त अवसर पर सुबोध सोनी, अनिल सिंह,बिरेंद्र गुप्ता, पन्नू यादव, विनय गुप्ता, प्रभु साव,नीरज मिश्रा,सुभाष मिश्रा, मुन्ना प्रजापति, विश्वनाथ चंद्रवंशी, रबिंद्र गुप्ता सहित भारत माता चौक देश प्रेमी व पर्यावरण प्रेमी लोग उपस्थित थे।

# सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने किया नशा मुक्त हजारीबाग अभियान का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** हजारीबाग को नशामुक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने रविवार को अपने विधायक सेवा कार्यालय परिसर से नशा मुक्त हजारीबाग़ अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजसेवी, चिकित्सक, युवा एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष काउंसलिंग सत्र से हुई, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों ने नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। लोगों को जागरूक करने के लिए तरंग ग्रुप द्वारा प्रस्तुत नाटक ने विशेष आकर्षण बनाया। इस प्रभावशाली मंचन ने नशे के खतरों को सजीव




रूप में प्रस्तुत कर लोगों को गहराई से प्रभावित किया।

रांची (कांके) से आई चिकित्सकों की विशेष टीम ने उपस्थित जनसमूह का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपयोगी परामर्श और दवाइयां भी उपलब्ध कराईं। चिकित्सकों ने कहा कि नशा व्यक्ति के साथ-साथ पूरे परिवार और समाज की प्रगति को प्रभावित करता है। अपने संबोधन में विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि नशा को ना और जिंदगी को हां कहकर ही हम स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं। नशा मुक्त हजारीबाग़ केवल एक अभियान नहीं, बल्कि समाज सुधार का आंदोलन है। यह पहल हज़ारों युवाओं को नई दिशा और शक्ति प्रदान करेगी। हम सभी की जिम्मेदारी है कि नशे के खिलाफ मिलकर लड़ाई लड़ें। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता दिनेश सिंह राठौड़ ने किया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता के.पी. ओझा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुदेश चंद्रवंशी, जिला भाजपा पदाधिकारी दामोदर सिंह, कुणाल दुबे, किसान मोर्चा अध्यक्ष इंद्रनारायण कुशवाहा, मनमीत अकेला, मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, रामअवतार शर्मा, विनोद सिंह, श्रवण सिंह, वीरेंद्र वीरू, मनीष ठाकुर, कृष्णा कुमार, पिंटू कुमार सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसके साथ ही वसुधा कल्याण फाउंडेशन और जीतो हजारीबाग़ की सदस्याओं ने भी अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई।

# आजादी की धूम,पवन मेमोरियल पब्लिक स्कूल में गूंजा भारत माता की जय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के नवादा में स्थित पवन मेमोरियल पब्लिक स्कूल में पारंपरिक तरीके से मनाया गया 79वीं आजादी का अमृत महोत्सव और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। जिसमें देश के गौरवशाली इतिहास को याद किया गया और बच्चों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षाओं में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानियों के रोल प्ले के माध्यम से उनके बलिदानों को जीवंत किया। इस विशेष अवसर पर एक स्पेशल असेंबली का आयोजन किया गया। जिनमें स्पीच, कविताएं, देशभक्ति गीत और कला प्रदर्शन शामिल थे। बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानियों के रोल प्ले के माध्यम से



उनके बलिदानों को जीवंत किया और देश के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

मुख्य अतिथि अजय पांडेय और फ्यूचर कोचिंग सेंटर के संस्थापक अमित पांडेय ने कार्यक्रम का शुभारंभ किए साथ ही ध्वजारोहण के पश्चात कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। उपस्थित विद्यालय प्रिंसिपल विकाश कुमार पांडेय ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें अपने स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करने का अवसर देता है। उन्होंने बच्चों में देशभक्ति की भावना जागृत करने के लिए ऐसे आयोजनों की सराहना की और सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। उपस्थित शिक्षक, विकास कुमार पांडेय, निशांत सर, प्रकाश सर, ममता मिस, मधु मिस, शबीना मिस, राजन सर, इश्राफिल अंसारी, पवन पासवान, बच्चें सहित अन्य अभिभावक शामिल हुए ।

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रहा आकर्षण का केंद्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** मॉडर्न शैक्षणिक संस्थान, नवादा के द्वारा संचालित सभी संस्थाओं में हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीएड कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, आइटीआई कॉलेज एवं नर्सरी से लेकर स्नातकोत्तर तक की शिक्षा प्रदान करने वाले सभी शाखाओं में आजादी का 79 वां राष्ट्रीय महोत्सव पूरे धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सभी शाखाओं में वहां के प्राचार्य के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। वही कुंती नगर स्थित मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के प्रांगण में देशभक्ति गीतों से सजा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# कभी भूख में गुजरती थी जिंदगी लेकिन एक छोटे से नवाचार ने बदल दी किस्मत

**डॉ रंजीत कुमार भारतीय/नबिटा ब्यूरो**

**जहानाबाद।** 'लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती' यह कहावत जीवन में प्रयास और दृढ़ता के महत्व को दर्शाती है। कुछ इसी तरह छह बार असफल होने के बाद सातवें प्रयास में सफलता बार हाथ लगी।यह कहानी है उस व्यक्ति का जो जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड के एक छोटे से गांव मिश्र बिगहा का निवासी है। यह व्यक्ति 52 साल के उम्र में भी बैंजो बनाता और बेचता है। वर्ष 2020 से शुरू हुआ यह व्यवसाय अब एक बड़ा ब्रांड बन चुका है। व्यवसाय का साख ऐसा जमा कि लगभग 5 वर्षों में इसका विस्तार देश के 22 राज्यों और दो अन्य देशों तक पहुंच चुकी



है। व्यवसाय चल पड़ी तो अब अच्छी खासी कमाई भी हो रही है। यह प्रसिद्ध लोकोक्ति भी उस व्यक्ति पर सटीक बैठता है जिसमें कहा जाता है - ' जहां चाह, वहां राह' जिस व्यक्ति का जीवन बसर कभी मजदूरी कर भी अच्छे से नहीं होता था, वह व्यक्ति जो कभी दाने दाने के लिए मोहताज था, आज उसी शख्स के एक प्रयोग या नवाचार ने उसके पूरी जिंदगी बदल दी। आज आराम से दो वक्त की रोटी भी मिल रही है और दो बेटे उसके द्वारा खड़े किए गए रोजगार से जुड़कर अच्छी कमाई कर रहा है। बताया जाता है कि मखदुमपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले शिवशंकर पंडित का जीवन शुरुआत से ही गरीबी में बीता। जब थोड़ा होश संभाला तो उसके पिताजी का देहांत हो गया। इस बीच शादी भी हुई और जिम्मेवारियों का बोझ भी सिर पर पड़ा। दो बच्चों के पालन पोषण के साथ परिवार को भी संभालना था। इस दौरान 90 के दशक में उसने राज मिस्त्री का काम करना शुरू कर दिया। करीब 25 साल के लंबे सफर में कई बार आर्थिक तंगी से जूझना पड़ा। कहते हैं कि हर इंसान में एक कला जरूर होता है, जिसे उसे पहचानने और तराशने की जरूरत होती है। शिवशंकर पंडित में भी एक ऐसी ही विशिष्ट और विलक्षण कला थी जिसे उन्होंने देर से ही सही, लेकिन जब पहचाना तो फिर कभी जीवन में पीछे मुड़कर नहीं देखा। शिवशंकर के पास बैंजो बनाने की कला थी, जिससे आज उसकी देश भर में पहचान बन गई। शिवशंकर पंडित 2020 में बैंजो बनाना शुरू किया। छह बार तो असफल हो गए, लेकिन हार नहीं मानी 7 वीं बार में सफल बैंजो बना दिया। इस सफल ट्रायल ने उनके अंदर काम करने का जज्बा भर दिया। फिर क्या था,काम करते चले गए और सफलता उनके कदम चूमती गई। धीरे- धीरे उन्होंने अपने दोनों बेटों को भी इसी रोजगार में उतार दिया और तीनों लोग तन- मन से इस काम में जुट गए। आज हालात ऐसी है कि उनके पास बैंजो की इतनी डिमांड है कि पूरी नहीं हो पाती है। अब तक 22 राज्यों में बैंजो की सप्लाई कर चुके हैं। इससे इनकी अच्छी खासी कमाई भी हो रही है। उन्होने बताया कि इस व्यवसाय को उनके पिताजी बड़ी शिद्दत से आगे बढ़ाया है। जैसे सुई से एक एक फूल को पिरोकर माला बनाया जाता है। वो बताता है कि आज उन्हीं की देन है की हमलोग भी इस व्यवसाय जुड़ गए हैं। उन्होंने बताया कि आज हमारे बनाए बैंजो की अच्छी खासी मांग है। हम अपने बनाए सामान की गुणवत्ता से समझौता नहीं करते हैं, यही कारण है कि हमारे सामान की मांग देश विदेश से हो रही है।

# अलग-अलग हादसों में दो की मौत

**राजीव वर्मा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** परबलपुर थाना क्षेत्र में रविवार को दो अलग-अलग घटनाओं में एक बुजुर्ग और एक किशोर की मौत हो गई। पहली घटना परबलपुर-बेन मोड़ के पास हुई, जहां सड़क दुर्घटना में डुमरी गांव निवासी सुरेंद्र सिंह की जान चली गई। जानकारी के अनुसार, सुरेंद्र सिंह प्रतिदिन की तरह रविवार को भी बिहारशरीफ बाजार समिति में काम करने गए थे। काम खत्म कर दोपहर में बस से घर लौटते समय जैसे ही वे बस से नीचे उतरे, पीछे से आ रही एक पिकअप वैन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां






इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने पिकअप वैन को जब्त कर लिया है। दूसरी घटना परवलपुर थाना क्षेत्र के तारा बिगहा गांव में घटी। यहां खेत पटवन के दौरान करंट की चपेट में आने से 13 वर्षीय धर्मवीर कुमार की मौत हो गई। मृतक संजय प्रसाद का पुत्र था। बताया जाता है कि धर्मवीर अपने पिता की मदद करने खेत गया था, तभी अचानक बिजली प्रवाहित तार के संपर्क में आने से वह मौके पर ही झुलसकर मौत के शिकार हो गया। दोनों घटनाओं से परिजनों में कोहराम मच गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की मांग की है।

# धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** रजौली प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को काफी धूमधाम से भगवान श्रीकृष्ण की जन्माष्टमी मनाई गई। भगवान श्रीकृष्ण की जन्माष्टमी को लेकर सुबह से ही महिलाओं में काफी उत्साह रहा। जन्माष्टमी के पर्व पर महिलाओं ने दिन भर उपवास पर रहकर स्थानीय ठाकुरबाड़ी में जाकर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर रजौली प्रखंड क्षेत्र में दर्जनों जगहों पर मंदिरों को सजाया गया था। जन्माष्टमी पर मंदिरों में देर रात तक भगवान श्रीकृष्ण की स्तुति गीत, भजन और मध्य रात्रि में उनके जन्म के बाद उनके स्वागत में बधाइयां गाई गई। जन्माष्टमी को लेकर मंदिरों में महिलाओं की काफी भीड़ रही। बरनवाल नवयुवक सेवा समिति के अध्यक्ष धनंजय कुमार उर्फ धन्नू की अध्यक्षता में रजौली बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी में काफी धूमधाम से भगवान श्रीकृष्ण की जन्माष्टमी मनाई गई। ठाकुरबाड़ी को बड़े खूबसूरत एवं आकर्षक ढंग से सजाया गया था। देर शाम से ही महिलाओं व नवयुवतियों की भीड़ ठाकुरबाड़ी में जमा होने लगी थी। श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की भजन-कीर्तन में जुटे थे। जन्माष्टमी के बाद सभी श्रद्धालुओं को पंचामृत व प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर ठाकुरबाड़ी के पुजारी दिनेश पांडेय, पवन पांडेय, सचिव बिनोद आर्या, केसर प्रसाद उर्फ प्रकाश, संजय कुमार बब्लू, बिनोद कुमार उर्फ पप्पू, संजय कुमार, रजौली व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष संदीप कुमार, भावी प्रत्याशी दीपक रजक, प्रियांशु बरनवाल समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# राजद के भितरघातियों को सिखाया जाएगा सबक : सलमान रागिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा ।** राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता पूर्व विधान पार्षद सलमान रागिब मुन्ना ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल में रहकर भीतर घात करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने रविवार को नवादा में प्रेसवार्ता आयोजित कर कहा कि गोविंदपुर से राजद के विधायक मोहम्मद कामरान ने हमारे नेता तेजस्वी यादव को गलत साबित करने वाले नवादा के विधायक विभा देवी के पति पूर्व मंत्री राजबल्लभ प्रसाद के बलात्कार कांड में रिहा होकर जेल से निकलते ही उन्हें चादर देकर सम्मानित करने चले गए। जो निश्चित तौर पर मेरे नेताओं व पार्टी के साथ विश्वास घात है। उन्होंने कहा कि हाल ही राजबल्लभ यादव की पत्नी नवादा की विधायक विभा देवी ने तेजस्वी यादव से कई सवाल पूछे कार्यक्रम की फरिश्ते चलाकर उन्हें ब्रीफकेस लेकर टिकट देने वाला नेता बताया। जो निश्चित तौर पर हमारे नेता के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग है। राजद विधायक मोहम्मद कामरान रात के अंधेरे में पूर्व मंत्री राजबाला प्रसाद को चादर देकर सम्मानित करने चले गए। उन्होंने कहा कि इस मामले की तस्वीर सर्वमान्य नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद तथा बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव को भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि हम किसी भी कीमत पर इस तरह की हरकत को बर्दाश्त नहीं करेंगे । ऐसी हरकत तो राष्ट्रीय जनता दल को कमजोर करेगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत से जीत के बाद महागठबंधन की सरकार बनेगी। जिसके मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव होंगे।

# भारतीय जन उत्थान परिषद संस्था ने जंगली क्षेत्रों में मनाया स्वतंत्रता दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** रजौली प्रखंड के जंगली क्षेत्रों रजौली पूर्वी पंचायत के एकचटवा एवं सवैयाटांड़ पंचायत के बसरौन में भारतीय जन उत्थान परिषद संस्था के द्वारा स्वतंत्रता दिवस काफी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह-सुबह पूरे गांव में प्रभात फेरी के साथ हुई। जिसमें बच्चों और ग्रामीणों ने देशभक्ति गीतों के साथ पूरे माहौल को जोश और उत्साह से भर दिया। इसके बाद ध्वजारोहण किया गया। झंडोतोलन करने के बाद क्विज़, डांस और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन आयोजन किया गया। बच्चों ने उत्साह और जोश के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इसमें दत्तीटीलहा, झिरझो गांव के बच्चे भी भाग लिए। दत्तीटीलहा विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को पुरस्कार के साथ सम्मानित किया गया।

# पीएम यात्रा को लेकर तैयारी में जुटा प्रशासन

## 22 अगस्त को प्रस्तावित है पीएम का कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेगूसराय।** जिले में संभावित यात्रा को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारी की जा रही है। प्रधानमंत्री गंगा नदी पर निर्मित अत्याधुनिक सिक्स लेन पुल का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री के संभावित यात्रा को लेकर रविवार को लेकर मुख्य सचिव बिहार अमृत लाल मीणा द्वारा बेगूसराय सिक्स लेन पुल का स्थल निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, गिरिराज सिंह, विधायक बेगूसराय कुंदन कुमार, जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला, पुलिस अधीक्षक श्री मनीष, उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता, नगर आयुक्त नगर निगम, जिला परिवहन पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। मुख्य सचिव द्वारा प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था, साफ सफाई आदि की समीक्षा की गई। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री द्वारा सिमरिया रिवर फ्रंट का भी निरीक्षण किए जाने की संभावना है। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक तैयारियां की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा हेलीकॉप्टर हेतु कारखाना से सटे मैदान एवं एनटीपीसी परिसर में संभावित हेलीपैड स्थलों का निरीक्षण किया गया है एवं आवश्यक तैयारी की जा रही है। आगामी 22 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित कार्यक्रम को लेकर जिला पदाधिकारी ने शनिवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, आमजन की सुविधा, यातायात प्रबंधन और मंचन की तैयारियों की बारीकियों की समीक्षा की। जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी कर ली जाएं। लंबे इंतजार के बाद 22 अगस्त को जिले को बड़ी सौगात मिलने जा रही है। इस दिन गंगा नदी पर बने सिमरिया पुल का उद्घाटन किया जाएगा। पुल चालू हो जाने से जिले सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को यातायात सुविधा में बड़ी राहत मिलेगी। डीएम तुषार सिंगला ने प्रधानमंत्री के संभावित आगमन को लेकर शनिवार को स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा, पार्किंग, यातायात प्रबंधन और अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। डीएम ने कहा कि यह कार्यक्रम जिले के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों से समन्वय बनाकर कार्य करने और स्थल को हर दृष्टिकोण से सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने का निर्देश दिया।

# नागरिक अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक करे पालन : जिला जज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई। जहां प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान उपस्थित न्यायाधीशों, न्यायालय के कर्मियों, सफाईकर्मियों और विद्यालयों से आए बच्चों ने राष्ट्रगान गाकर स्वतंत्रता दिवस की गरिमा को और ऊँचा किया। झंडोत्तोलन के बाद प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि हमारा देश हमारा राष्ट्र स्वस्थ और खुशहाल रहे, यही मैं भगवान से प्रार्थना करता हूँ। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करे और देश की प्रगति में योगदान दे। इसके बाद सभागार में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों एवं बालिका गृह से आए बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी-पेन एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री देकर सम्मानित किया गया। वहीं किन्नरों को अंगवस्त्र प्रदान कर उनका भी अभिनंदन किया गया। न्यायमूर्ति ऋषिकांत ने बच्चों व किन्नरों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि शिक्षा और आत्मविश्वास ही जीवन में सफलता की कुंजी है। इसी क्रम में एडीआर भवन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव न्यायाधीश करुणानिधि प्रसाद आर्या ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर उपस्थित लोगों को उसकी महत्ता समझाई। साथ ही उन्होंने न्यायालय कर्मियों से भी अपील की कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में कर्मठता और ईमानदारी से काम कर देश का नाम रोशन करें।

# भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष बने शिवम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा बिहार प्रदेश अध्यक्ष भारतेंदु मिश्रा एवं भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा के निर्देशानुसार भारतीय जनता युवा मोर्चा बेगूसराय के जिला अध्यक्ष शशांक शेखर के द्वारा शिवम वत्स को युवा मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया ।शिवम वत्स पूर्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जी डी कलेज अध्यक्ष प्रत्याशी, नगर मंत्री बेगूसराय, विभाग सह संयोजक (बेगूसराय समस्तीपुर), प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, एस एफ एस, प्रांत सह संयोजक जैसे दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं। शिवम वत्स ने कहा कि पार्टी ने जो दायित्व दिया है। पूरी ईमानदारी और नए जोश से निर्वहन करूंगा। युवाओं को जोड़कर संगठन को मजबूत किया जाएगा। जिला उपाध्यक्ष को अजीत चौधरी, एबीभीपी प्रदेश मंत्री पुरूषोतम, चंदन, ब्रजेश, मिलन सर, पूर्व विधायक श्री कृष्ण सिंह, लोजपा नेता सुदर्शन सिंह, मृत्युंजय कुमार वीरेश, शुभम, नितिन, घनश्याम देव, ऋषभ शांडिल्य, अबिगत शांडिल्य सहित सैकड़ों लोगों ने बधाई दी है।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेला का डीएम ने किया निरीक्षण

## डीएम ने मेला में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को मुस्तैदी से तैनात रहने का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**तेघड़ा।** प्रखंड के श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेला का जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला ने शनिवार की देर रात निरीक्षण किया। मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने मेला क्षेत्र की व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, पेयजल सुविधा तथा आपातकालीन सेवाओं की समीक्षा की।जिला पदाधिकारी ने मेला में आमजन की सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संबंधित पदाधिकारियों को कई निर्देश दिए। उन्होंने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। भीड़ नियंत्रण, विधि व्यवस्था, प्राथमिक चिकित्सा, अग्निशमन, विद्युत सुरक्षा, स्वच्छता तथा यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की बात कही। साथ ही पीने के पानी, शौचालय की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही। आयोजकों और स्थानीय प्रतिनिधियों से बातचीत कर मेले की व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा आयोजकों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को यह निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें एवं सतर्कता बनाए रखें। मौके पर नगर आयुक्त नगर निगम बेगूसराय, अनुमंडल पदाधिकारी तेघड़ा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, स्थानीय पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित थे।

# मुसलमानों का भला सिर्फ नीतीश कुमार करेंगे : बलियावी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बिहार में 9000 पंजीकृत कब्रिस्तानों में से 8000 की घेराबंदी करने, विभिन्न जिलों में अल्पसंख्यक छात्रावासों में बच्चों को रखकर उच्च शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने, देश में एकमात्र उर्दू अनुवादक के पद सृजित कर सभी जगहों पर बहाली करने, हर स्कूल में उर्दू शिक्षक की 99.99 प्रतिशत सीटें मुसलमानों को देने और मुस्लिम क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता देने के बावजूद अगर आपको नीतीश कुमार पसंद नहीं हैं तो आपका खुदा मुहाफिज है। आप उन्हें गाली देते हैं। लेकिन वह आज भी आपको बदहाली से विकास की ओर लाने की कोशिश कर रहे हैं। ये बातें अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष गुलाम रसूल बलियावी ने कहीं। वे शुक्रवार की रात देवना गांव में आयोजित ताजदारे कर्बला कान्फ्रेंस में मुख्य वक्ता के तौर पर शामिल होने पहुंचे थे। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मुसलमानों के लिए नीतीश कुमार से ज्यादा किसी मुख्यमंत्री ने काम नहीं किया। मुख्यमंत्री ने सदन में अपनी सरकार की बिना परवाह किए एनआरसी के मुद्दे का खुलकर विरोध कर दिया था। बेगूसराय से मोनाजिर हसन को संसद भेजने वाले नीतीश कुमार हैं। साहेबपुर कमाल से परवीन अमानुल्लाह और जमशेद अशरफ को विधायक और मंत्री बनाने वाले भी नीतीश कुमार हैं। राजद को मुसलमानों से सिर्फ दिखावे का प्यार है। जब भी राजद का कोई मुस्लिम उम्मीदवार मैदान में उतरता है, तो राजद अपने यादव मतदाताओं से मुस्लिम उम्मीदवार को वोट तक नहीं दिलवा पाते हैं। बलियावी ने कहा कि ओवैसी के कुछ चेले सिर्फ इंटरनेट मीडिया पर गंध फैलाए हुए हैं।

# एनपीएस, यूपीएस और ओपीएस पर की गई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** नेशनल मूवमेंट ओल्ड पेंशन, एनएमओपीएस भोजपुर और बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट के बैनर तले जिला कार्यालय मिल रोड़ आरा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता कृष्ण कुमार विमल जिला अध्यक्ष बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ गोप गुट, संचालन उमेश कुमार सुमन जिला सचिव बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट व धर्म कुमार जिला सचिव प्राथमिक शिक्षक संघ गोप गुट ने किया। कार्यक्रम वरुण पांडेय प्रदेश अध्यक्ष एनएमओपीएस, रघुवर रजक प्रदेश अध्यक्ष बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ गोप गुट बिहार पटना, फखरुद्दीन अली प्रभारी एनएमओपीएस भोजपुर, विजय कुमार टेटे नेता बिहार, अल्का कुमारी महासचिव एनडबलूएफटी बिहार को माला और अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने एनपीएस, यूपीएस और ओपीएस में अन्तर को विस्तार से चर्चा किया। बताया कि अगले चरण में निर्धारित कार्यक्रम 1 सितंबर 2025 को पूरे बिहार, देश में ब्लैक डे मनाया जाएगा। 14 सितंबर को पटना राजधानी में विशाल प्रदर्शन धरना कार्यक्रम को सफल बनाना है, अधिक से अधिक संख्या में भोजपुर से कर्मचारियों को पटना में उपस्थित कराने के लिए आग्रह किया है। वक्ताओं में रामानंद सिंह, जिलाध्यक्ष महासंघ गोप गुट भोजपुर, बाल मुकुंद चौधरी जिला सचिव एक्टू, लव कुश राज्य सचिव बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट बिहार पटना, डॉ मनोज कुमार मीडिया प्रभारी, रमेश कुमार यादव जिलाध्यक्ष पंचायत रोजगार सेवक संघ, अवधेश पासवान उपाध्यक्ष महासंघ गोप गुट, मंटु कुमार, केदारनाथ सिंह, अरविंद कुमार, मनोज कुमार, संजू कुमारी जिला सचिव एनएफडबलूटी उपस्थित थे।

# श्रीकृष्ण मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## पहसारा में अंतर राज्यीय कुश्ती का होगा आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के साथ ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रखंड के पहसारा, गम्हरिया, बेगमपुर, रजाकपुर तथा समसा के श्रीकृष्ण मंदिरों व पांडालों तथा ठाकुरबाड़ियों में विधि विधान के साथ जन्मोत्सव मनाया गया। देर रात ज्योंहि मंदिरों के पट खुले हाथी, घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की, राधे, राधे, नन्द के ईश्वर आनंद भयो, वृन्दावन बिहारी श्रीकृष्ण मुरारी के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रीकृष्ण के भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण को माखन, मिश्री, मिष्ठान आदि का भोग लगाया, प्रसाद ग्रहण किया। इन मंदिरों में श्रीकृष्ण लीला पर आधारित विभिन्न भाव भंगिमाओं में प्रतिमा स्थापित की गयी थी। पूजा समितियों ने मंदिर परिसर के बाहर भी भव्य तोरण द्वार, प्रकाश व्यवस्था को आकर्षक ढंग से सजाया। पहसारा में अंतर राज्यीय कुश्ती का आयोजन किया गया है। इसमें हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली के अलावा क्षेत्रीय पहलवान भी कुश्ती प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। इधर पुलिस प्रशासन मेले को शांति पूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर सजग दिखा। मेले में असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए पुलिस नियमित गश्ती कर रही थी। इधर पहसारा कृष्ण मेला समिति के अध्यक्ष वचन देव कुमार, पीरनगर गम्हरिया कृष्ण मेला समिति के अध्यक्ष अवनीश कुमार पवन रजाकपुर कृष्ण मेला समिति के अध्यक्ष प्रखंड उप प्रमुख नंद किशोर पासवान, श्री कृष्णा सार्वजनिक जन्माष्टमी पूजा समिति बेगमपुर के लक्ष्मण महतो दूसरी ओर बेगमपुर मेला के अध्यक्ष अनु कुमार ने बताया कि इस बार आकर्षक ढंग से मंडपों का निर्माण करवाया गया है। मेला समिति के द्वारा कहीं विदेशिया नाच, कहीं जागरण तो कहीं कौव्वाली तो कहीं लोग गायकों का कार्यक्रम रखा गया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने बताया कि मेला के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु मेला क्षेत्र पर प्रशासन की कड़ी नजर है।

# महिला महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर/भोजपुर।** नगर स्थित संत श्री बारहना महिला महाविद्यालय परिसर में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्रा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने और तिरंगे को सलामी देने के साथ हुई। तत्पश्चात छात्राओं ने राष्ट्रगान प्रस्तुत कर वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने भारत माता की भव्य झांकी प्रस्तुत की, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। झांकी ने देशभक्ति की भावना को और भी प्रगाढ़ किया। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्रा ने महाविद्यालय की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि संस्थान में स्मार्ट क्लास, सुसज्जित प्रयोगशालाएं, समृद्ध पुस्तकालय, ओपन जिम तथा डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

# पी. एंड आर. एजुकेशन ट्रस्ट ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर/भोजपुर।** प्रखंड के भड़सरा गांव में 79वें स्वतंत्रता दिवस का आयोजन पी. एंड आर. एजुकेशन ट्रस्ट की ओर से हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय ध्वजारोहण से हुई, जहां ट्रस्ट के डायरेक्टर रामजी पाण्डेय ने तिरंगा फहराया। इसके बाद उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्रगान गाकर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। ध्वजारोहण के बाद बच्चों और युवाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। देशभक्ति गीत, स्वागत गीत, नाटक और नृत्य ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया और दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर पी. एंड आर. एजुकेशन ट्रस्ट के सामाजिक कार्यों का भी उल्लेख किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रेमा देवी की ओर से गरीब और जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जाती है, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान पहले मोबाइल नहीं था तो कैसे रहते थे लोग विषय पर एक कॉमिक प्रस्तुति भी हुई। वक्ताओं ने कहा कि आज की पीढ़ी के लिए मोबाइल सिर्फ साधन नहीं, बल्कि आवश्यकता बन चुका है। पहले लोग मोबाइल के बिना भी संतोषपूर्वक और खुशहाल जीवन जीते थे तथा परिवार और समाज से गहरे जुड़े रहते थे। इस मौके पर दानिश आलम, सुनील ठाकुर, लक्ष्मी कुमारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# चार हजार कारतूस के साथ तस्कर गिरफ्तार

## जिला पुलिस एवं एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में मिली सफलता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेगूसराय।** लोहिया नगर थाना क्षेत्र से जिला पुलिस एवं एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में हजारो राउंड कारतूस के साथ हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में एसपी मनीष ने बताया की एसटीएफ आर्म्स सेल पटना से प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर लोहियानगर थाना पुलिस, जिला आसूचना इकाई और चीता बल की संयुक्त टीम ने रेलवे ओवरब्रिज के पास छापेमारी की। इस दौरान संदिग्ध ब्रेजा कार को रोककर तलाशी ली गई। जिसमें से 0.32 बोर के 4000 जिंदा कारतूस, एक लाख रूपये नकद, मोबाइल फोन, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन का आरसी और चाबी बरामद किए गए। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार, 16 अगस्त को रात लगभग 10 बजे एसटीएफ आर्म्स सेल पटना द्वारा लोहियानगर थाना पुलिस को सूचना दी गई कि बेगूसराय स्टेशन रोड ओवरब्रिज से एक ब्रेजा कार (रजिस्ट्रेशन नंबर- बीआर 09ए जी 9533) के जरिए हथियार व कारतूस की खेप लाई जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक मनीष के निर्देश पर छापामारी दल का गठन किया गया और तत्काल कार्रवाई करते हुए उक्त कार को ओवरब्रिज के पास रोका गया। मौके से कार चालक व तस्कर रविश सिंह गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए तस्कर की पहचान साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के सबदलपुर पंचरूखी, वार्ड -01 के रहने वाले उचित नारायण सिंह के 40 वर्षीय पुत्र रविश सिंह रूप में पहचान हुई है। इस संयुक्त छापामारी में पुनि शैलेन्द्र कुमार, पुनि बैजनाथ कुमार (जिला आसूचना इकाई), थानाध्यक्ष जितेन्द्र राम, पुअनि कृष्ण मुरारी शर्मा (लोहियानगर थाना), सअनि राजेश कुमार, सि. रविशंकर भारती (सशस्त्र बल) तथा एसटीएफ आर्म्स सेल पटना टीम शामिल थी।

## एक नजर

### शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार सरकार द्वारा चलाए जा रहे मद्य निषेध अभियान को सख्ती से लागू करने के तहत शिवाजीनगर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में गश्ती के दौरान थाना क्षेत्र के कलबारा गांव से पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है शिवाजीनगर थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम नियमित गश्ती पर थी। उसी दौरान संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर छापेमारी की गई, जहां से लगभग 3.435 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। साथ ही कलबारा गांव निवासी जितेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ की गई और उसके खिलाफ बिहार मद्य निषेध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और ऐसे मामलों में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखने और नशा मुक्त वातावरण बनाने में पुलिस का सहयोग करें।इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष के साथ अन्य पुलिस पदाधिकारी व जवान भी मौजूद थे।

### भामाशाह सम्मान से सम्मानित हुए ठेकेदार

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्वतन्त्रता दिवस पर जिले के प्रभारी मंत्री संजय सरावगी ने तीन कंस्ट्रक्शन कंपनियों के प्रोपराइटरों को भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया। जिसमे ओम कुमार चौधरी उर्फ बबलू चौधरी, दुर्गा कंस्ट्रक्शन के प्रोपराइटर नरेश प्रसाद सिंह (ठकुरीचक) और मेसर्स रामनिवास के प्रोपराइटर राम निवास सिंह (बीहट) शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, वाणिज्यकर विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में सर्वाधिक राजस्व संग्रह्ण में योगदान देने पर इन तीनों को चयनित किया है। तीनों कंपनी के संवेदक को 21000 का चेक प्रदान किया स्थानीय बुद्धिजीवियों में खुशी है और विभाग की इस पहल की सराहना की जा रही है। उनका मानना है कि इससे ईमानदारी से कार्य करने वाले संवेदकों की प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

### त्याग, बलिदान और भाईचारे का संदेश ही कर्बला की असली पहचान : विधायक

**जगदीशपुर (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** चकवा ग्राम में आयोजित 'पैग़ाम-ए-कर्बला' कार्यक्रम में शनिवार को जगदीशपुर के विधायक राम विशुन सिंह उर्फ लोहिया मुख्य अतिथि व आरा के पूर्व विधायक अनवर आलम विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में ग्रामीणों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय बुद्धिजीवियों की बड़ी भागीदारी रही, जिससे आयोजन भव्य बना। विधायक रामविशुन सिंह उर्फ़ लोहिया ने कहा कि कर्बला की घटना त्याग, बलिदान और सच्चाई के मार्ग व इमाम हुसैन ने अन्याय और जुल्म के विरुद्ध जो लड़ाई लड़ी, वह पूरी मानवता के लिए मिसाल है। उन्होंने गंगा-जमनी तहज़ीब और आपसी भाईचारे को जगदीशपुर की पहचान बताते हुए सभी को शुभकामनाएँ दीं। पूर्व विधायक अनवर आलम ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कर्बला की शहादत सिर्फ इस्लाम ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणा है। मौक़े पर मौजूद रहे हाजी गुलाम हैदर, नेयाज अहमद, मो. दिलसाद, सोनू खान, क्यामुद्दीन खान, आजाद खान, मिंटू खान, सरवर खान, रिजवान खान समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में विधायक हुए शामिल

**पीरो/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पीरो प्रखंड स्थित बहरी महादेव धाम परिसर में भव्य कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामबिशुन सिंह उर्फ़ लोहिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने भगवान कृष्ण के जीवन, उनकी लीलाओं और शिक्षाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान कृष्ण की शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं, जितनी द्वापर युग में थीं। वे हमें धर्म, सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। विधायक ने उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि जन्माष्टमी पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम उनके आदर्शों और उपदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करेंगे।महोत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें भक्ति गीत और नृत्य ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। आयोजन समिति ने विधायक का पारंपरिक गमछा और पगड़ी पहनाकर सम्मान किया। विधायक ने आयोजन समिति को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज को संस्कृति और आस्था से जोड़ने का कार्य करते हैं।

### विद्यालय में शुरू हुई उर्दू की पढ़ाई

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मध्य विद्यालय पहसारा बभनगामा में उर्दू विषय की पढ़ाई दैनिक कार्य तालिका से शुरूहोने पर ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। पहसारा के ग्रामीणों में मोहम्मद साहिन और वार्ड 2 के वार्ड सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद असलम, मोहम्मद नौशाद, मोहम्मद जावेद, अब्दुल अलीम, इरफान, अलाउद्दीन, अली, जियाउद्दीन, अमीर व अरमान समेत दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि उर्दू विषय की पढ़ाई शुरूकिये जाने से बच्चों को इस विषय का ज्ञान बढ़ेगा। मध्य विद्यालय पहसारा बभनगामा में जहां बीते दिनों दैनिक कार्यतालिका में उर्दू विषय जोड़े जाने व सुचारू रूप से उर्दू विषय के अध्यापन के लिए वहां के प्रधानाध्यापक रामसुजान सिंह व उर्दू शिक्षक मोहम्मद आबिद के बीच विवाद चल रहा था। विवाद गहरा गया। इस संबद्ध में प्रखड शिक्षा अधिकारी से लेकर अपर सचिव शिक्षा विभाग के अलावा बिहार के राज्यपाल तक को पत्र लिखकर शिकायत दोनों ओर से की गयी। जिले भर में उक्त मुद्दा चर्चा का विषय बना रहा। वहीं विभागीय आदेश के बाद विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने दैनिक कार्यतालिका में उर्दू विषय को शामिल कर दिया। इधर मो आबिद का प्रतिनियोजन पहले बीआरसी नावकोठी फिर वीरपुर के उर्दू मध्य विद्यालय मुजफ्फरा में किया गया है। अब मोहम्मद आबिद अपने घर से मात्र 3 किलोमीटर के दूरी पर स्कूल में अध्यापन का कार्य करेंगे। मोहम्मद आबिद 3 महीना पूर्व मध्य विद्यालय पहसारा बभनगामा में उर्दू विषय के शिक्षक के रूप में नियुक्ति हुई थी।

### तीन शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में 17 अगस्त 1942 को बिक्रम थाना में झंडा फहराने के दौरान फिरंगियों की गोली से शहीद हुए रंगनाथ सिंह,त्रिवेणी सिंह एवं बुटाई राम को रविवार को याद किया गया।उनकी याद में निर्मित शहीद स्मारक पर जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। उक्त स्थल पर एम्बिशस संस्थान के संस्थापक जनेश्वर सिंह एवं युवा छात्र छात्राओं एवं प्रोग्रेसिव स्कूल के नन्हें मुन्ने बच्चों ने पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं गाँधी आश्रम सह शहीद स्मारक विकास समिति के बैनर तले समिति संयोजक अरुण कुमार आजाद की अध्यक्षता में सभा आयोजित की गयी। गाँधी आश्रम की सरकार एवं सरकारी तंत्र की उपेक्षा के विरोध मे सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक उपवास का आयोजन हुआ जिसमे शशांक शेखर, प्रमोद कुमार शर्मा, झूलन सिंह, मृत्युजय कुमार पंडित, जितेन्द्र पंडित ,मुन्ना कुमार, सुजीत कुमार यादव, उमेश यादव, मो0 दानिश, सुब्रत वासुदेव, सुजीत रविदास, जितेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, ललन उपाध्याय, नागेश्वर प्रसाद, राम विनय शर्मा, सतीश कुमार, नरेन्द शर्मा, विरेन्द्र कुमार आदि शामिल हुए।

# औंटा-सिमरिया छह लेन पुल तैयार, 22 अगस्त को पीएम करेंगे उद्घाटन

## बख्तियारपुर से मोकामा के बीच बनी नई 4 लेन सड़क का लोकार्पण भी करेंगे प्रधानमंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उत्तर बिहार से दक्षिण बिहार को जोड़ने वाला गंगा नदी पर एक और पुल बनकर तैयार है। मोकामा के औंटा घाट को बेगूसराय के सिमरिया से जोड़ने वाले सिक्स लेन पुल का उद्घाटन आगामी 22 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। औंटा घाट से सिमरिया के बीच गंगा नदी पर बने इस सिक्स लेन पुल की कुल लम्बाई 8.150 किमी है जबकि गंगा नदी पर इस पुल की लम्बाई 1.865 किमी है। इस परियोजना की कुल लागत 1871 करोड़ रुपए है। बख्तियारपुर से मोकामा के बीच बनी नई 4 लेन सड़क का उद्घाटन भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 22 अगस्त को किया जाएगा।

**राजेंद्र पुल के समानांतर तैयार हुआ यह नया पुल**

इस नए पुल के बनने से बेगूसराय सहित संपूर्ण क्षेत्र के विकास को एक नई गति मिलेगी। यह विकासशील बिहार के आधुनिक आधारभूत ढांचे का प्रतीक होगा। राजेंद्र पुल के समानांतर बने इस पुल पर फिलहाल एक लेन से वाहनों का आना-जाना जारी है जबकि दूसरे लेन का काम भी अब पूरा हो चुका है। पूरी तरह इस पुल के चालू हो जाने से उत्तर बिहार के विभिन्न जिलों की दूरी दक्षिण बिहार से काफी कम हो जाएगी जिससे लोगों को राजधानी पटना आने-जाने में बड़ी सहूलियत होगी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2015 में बिहार के लिए विशेष पैकेज की घोषणा की थी जिसके तहत औंटा घाट से सिमरिया के बीच 6 लेन के नए गंगा पुल का निर्माण शामिल था। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2017 में मोकामा में आयोजित एक कार्यक्रम में इस पुल की आधारशिला रखी थी।

**इससे आसान होगी संपर्कता**

इस ब्रिज के बनने से पटना से मोकामा व बेगूसराय होते हुए खगड़िया तक 4 लेन सड़क की संपर्कता सुनिश्चित हो चुकी है जबकि पटना से बख्तियारपुर के बीच 4 लेन सड़क पहले से चालू हो चुका है। बख्तियारपुर से मोकामा के बीच बनी नई 4 लेन सड़क का उद्घाटन भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 22 अगस्त को किया जाएगा। इस सड़क की कुल लम्बाई 44.60 किमी है। इसके निर्माण में 1899 करोड़ रुपए खर्च किये गए हैं।

**पूर्व प्रधानमंत्री नेहरु ने किया था राजेन्द्र सेतु का उद्घाटन**

मोकामा-सिमरिया सिक्स लेन पुल चालू होने से बेगूसराय और मोकामा के बीच आवागमन अब काफी आसान हो जाएगा। अभी राजेंद्र पुल पर आवागमन के लिए वन-वे का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस पुल पर भारी वाहनों की एंट्री बंद है। राजेन्द्र सेतु (सड़क-सह-रेल पुल) का शिलान्यास देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद वर्ष 1956 में किया था जबकि इसका उद्घाटन देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु और बिहार के पहले मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह ने वर्ष 1959 में किया था। पिछले 70 वर्षों में यातायात में हुई भरी वृद्धि के कारण राजेन्द्र सेतु यातायात की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम नहीं रहा।

**जाम की समस्या से मिलेगा निजात**

राजेंद्र पुल पर जाम की समस्या लोग वर्षों से झेलते आ रहे हैं। अब नया सिक्स लेन पुल के चालू होने से इस पर वाहन तेजी से फर्राटा भर सकेंगे। पूर्णिया-भागलपुर समेत अन्य जिलों के लोगों को पटना जाने में अब यहां भारी ट्रैफिक जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा। यह पुल पूर्वोत्तर के राज्यों को भी देश के अन्य राज्यों से जोड़ेगा। पूर्वोत्तर भारत की ओर आने-जाने वाले ट्रकों के आवागमन को व्यापक सहूलियत मिलेगी।

# विहंगम होगा सामूहिक वैश्य देव पूजन का आयोजन : डॉ अजय प्रकाश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** आज गायघाट स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में सामूहिक वैश्य देव पूजन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संयोजक डॉ अजय प्रकाश ने बताया कि बेलवरगंज, पटना सिटी एसडीओ ऑफिस के बगल में स्थित विशाल जलान सेफ प्रांगण में 24 अगस्त रविवार को आयोजित होने वाले वैश्य देव पूजन महाकुंभ की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। पूजन महाकुंभ में विहंगम छटा दिखेगी, सुनहली रोशनी में 25 मूर्तियों का अद्भुत अलौकिक दर्शन होगा। कार्यक्रम में आध्यात्मिक, संस्कृतिक, शैक्षणिक ज्ञान के समावेश से परिपूर्ण कार्यक्रमों की प्रस्तुति की जाएगी। वैश्य विभूषण सम्मान से समाज के 80 व्यक्तित्व को सम्मानित किया जाएगा। वैश्य समाज के कलाकारों द्वारा कई सांस्कृतिक, शिक्षाप्रद तथा मधुर स्वर में भजन, नृत्य प्रस्तुति के साथ-साथ विशेष प्रकार की मनमोहक झांकी की प्रस्तुति की जाएगी। जनमानस के बीच सभी देवी देवताओं का फोटो भी वितरित किया जाएगा। देवी देवता दर्शन, प्रसाद के साथ देवताओं के आशीर्वाद लेने हेतु सभी जनमानस को सादर आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर वैश्य देव गाथा स्मारिका का विमोचन होगा जिसमें स्थापित देवी देवता के बारे में विस्तृत वर्णन होगा।

बैठक में दिलीप कुमार गुप्ता, विकास कुमार मौड़ीवाल, सर्व प्रकाश, लल्लू शर्मा, सरोज जायसवाल, कुमारी वसुधा, कांति केशरी, रघुनाथ सोनेवाल, गौरव अग्रवाल, भावना शर्मा, अरूण कुमार मालाकार, डॉ विकास गुप्ता, राजू कुमार गुप्ता, मनीष कांस्यकार, सुनील कुमार चौरसिया, पप्पू साह, विकास कुमार गुप्ता, अजय साह, मुन्ना जायसवाल, पिंटू लाल कसेरा, नीतू वरनवाल, गोपाल कुमार, मिंटू कुमार, दीपक शर्मा, अंजीत शर्मा, संजय मालाकार सहित वैश्य समाज के 22 उपजातियां के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# फर्जी वोटरों को बचाने निकले हैं कांग्रेस : ऋतुराज सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने महागठबंधन की मतदाता अधिकार यात्रा पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने इस यात्रा को लोकतंत्र की मजबूती नहीं, बल्कि फर्जी वोटरों को संरक्षण देने की साजिश बताया। सिन्हा ने आरोप लगाया कि इस यात्रा का असली नाम 'राहुल गांधी की फर्जी मतदाता संरक्षण यात्रा' होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह अभियान मृतकों और डुप्लीकेट वोटर कार्डधारकों के नाम पर हो रहे मतदान को वैध ठहराने और अवैध घुसपैठियों को मतदाता सूची में बनाए रखने की सोची-समझी कोशिश है। उन्होंने राहुल गांधी पर सवाल दागते हुए कहा क्या वे उन 7 लाख फर्जी मतदाताओं के साथ खड़े हैं जिन्हें खुद चुनाव आयोग ने चिन्हित किया है? क्या वे उन 22 लाख मृत मतदाताओं के नाम पर हो रहे मतदान को सही मानते हैं? भाजपा नेता ने यह भी आरोप लगाया कि महागठबंधन की यात्रा का मकसद बिहार में अवैध रूप से रह रहे लोगों के लिए समर्थन जुटाना है। ये घुसपैठिए न केवल वोट बैंक का हिस्सा बन रहे हैं, बल्कि राज्य की सामाजिक संरचना और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं- सिन्हा ने कहा। उन्होंने दो टूक कहा कि भाजपा किसी भी राष्ट्रविरोधी और संविधान विरोधी एजेंडे को सफल नहीं होने देगी। साथ ही विश्वास जताया कि बिहार की जनता भ्रम फैलाने वालों को चुनाव में करारा जवाब देगी। सिन्हा ने अंत में कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत ईमानदार और योग्य मतदाता हैं न कि फर्जी पहचान वाले अवैध घुसपैठिए।

# दानापुर मंडल ने हासिल की कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर विनोद कुमार के द्वारा मंडल कार्यालय के प्रांगण में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने अपने संबोधन में विगत दिनों मंडल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला जिसका विवरण इस प्रकार है- दानापुर मंडल ने चालु वर्ष के दौरान यात्री किराया, माल भाड़ा, अन्य कोचिंग तथा विविध मदों से कुल 856 करोड़ रुपए आय की प्राप्ति की है। माह अप्रैल से जुलाई 2025 के बीच स्क्रैप की बिक्री के द्वारा मंडल को लगभग 24 करोड़ रुपए की आय की प्राप्ति हुई है। सोलर ऊर्जा से इस वित्तीय वर्ष में 40.50 लाख रुपए की बचत हुई है। इस वित्तीय वर्ष में आउटसाइडर वेंडर से 33.11 करोड़ रुपए अर्जित किए गए। ट्रेन रखरखाव का कार्य डीजल इंजन की जगह विद्युत स्रोतों से कर कुल 4.40 लाख लीटर डीजल की बचत कर लगभग 5.31 करोड़ रुपए की बचत की गई। किउल से गया तक का दोहरीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है। कुलहड़िया एवं बड़हिया स्टेशनों पर दो पैदल ऊपरी पुलों का निर्माण किया गया। किउल-गया सेक्शन के मझवे एवं चातर में दो नये इंटरमीडियेट ब्लॉक हट बनाया गया। फतुहा-इस्लामपुर सेक्शन में समपार फाटक सं. 09 पर एक सड़क ऊपरी पुल का निर्माण किया गया। दानापुर में 2 एवं नवादा में 1 प्लेटफार्म शेड का निर्माण किया गया। वजीरगंज रेलवे स्टेशन पर 150 मीटर लम्बे यार्ड ड्रेन का निर्माण किया गया। दानापुर मंडल के संरक्षा विभाग द्वारा विभिन्न स्टेशनों, मंडल के प्रशिक्षण केन्द्रों, रनिंग रूम, क्रु-लॉबी आदि स्थलों पर संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है जिसमें नए-नए नियमों की जानकारी भी दी जा रही है। यात्री सुविधा में विस्तार करते हुए इस साल भी एक नमो भारत ट्रेन (जयनगर से पटना), एक वंदे भारत ट्रेन (पाटलिपुत्र से गोरखपुर) एवं एक अमृत भारत ट्रेन (राजेन्द्रनगर से नई दिल्ली) का शुभारंभ किया गया तथा इसका रखरखाव भी दानापुर मंडल द्वारा किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा में कोई खलल न हो इसके लिए पहली बार लाल गाड़ी का परिचालन किया गया। इसके तहत लगभग 29 हजार बिना टिकट यात्री पकड़े गए तथा उनसे जुर्माना वसूला गया। तरेगना इंटरचेंज प्वाईंट्स से पहली बार मालगाड़ियों का इंटरचेंज प्रारंभ किया गया है। इस वर्ष कुल 390 लाख यात्रियों का परिवहन किया गया जो पिछले वर्ष की तुलना में 5 प्रतिशत अधिक है। मंडल के सभी स्टेशनों एवं रेलवे कॉलोनियों के सौंदर्यीकरण, हरित पर्यावरण एवं शुद्ध और स्वच्छ वातावरण के लिए सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया जिसके तहत अभी तक 1,22,500 पौधे लगाए गए हैं। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा बचपन बचाओ आन्दोलन संगठन के सहयोग से मानव तस्करी की रोकथाम के लिए ऑपरेशन आहत के तहत एक विशेष अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत 6 मामलों का उद्भेदन करते हुए 55 बच्चों को मानव तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया गया एवं इस मामले से जुड़े 11 मानव तस्करों को गिरफ्तार भी किया गया। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा आपरेशन दूसरा चलाकर धारा 144 के तहत कुल 1568 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लगभग 13 लाख रूपए की वसूली की गई। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कर्मचारी कल्याण निधि द्वारा 965 महिलाओं को उन्हें सुविधा हेतु 'वाटर बोटल' प्रदान किया गया।

# गणतांत्रिक समाज पार्टी का एलान- बिहार की सभी 243 सीटों पर उतारेगी उम्मीदवार

## पिछड़े, अति-पिछड़े, वंचित वर्ग, महिला और युवाओं को न्याय दिलाने का लिया संकल्प

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** गणतांत्रिक समाज पार्टी की प्रदेश स्तरीय बैठक वेद नगर स्थित बुद्धा रेसिडेंसी में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन की भावी रणनीति, आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों तथा जनता से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी राज्य की सभी 243 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट किया कि उनका संकल्प प्रदेश में स्वच्छ राजनीति, विकास, सामाजिक न्याय एवं समान अवसरों की स्थापना करना है। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल आनंद ने कहा कि गणतांत्रिक समाज पार्टी अब किसी गठबंधन की मोहताज नहीं है। हम अकेले दम पर चुनाव लड़ेंगे और जनता के समर्थन से बिहार में नई राजनीतिक संस्कृति की शुरूआत करेंगे। जनता परिवर्तन चाहती है और हम वही विकल्प हैं जो उन्हें ईमानदार और पारदर्शी सरकार दे सकते हैं। हमारी प्राथमिकता है कि समाज के शोषित, पिछड़े, अति-पिछड़े और वंचित वर्ग को न्याय दिलाया जाए तथा युवाओं को सम्मानजनक अवसर प्रदान किया जाए। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी की वरिष्ठ नेत्री सुजाता शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना कोई भी समाज सशक्त नहीं हो सकता।

# हड़ताल पर गये विशेष सर्वेक्षण अमीनों के लिए विभाग सख्त

## ▶ लॉगिन अकाउंट निष्क्रिय करने का निर्देश पारित ▶ कठोरतम कार्रवाई कर नौकरी से हटाने का प्रस्ताव विचाराधीन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा वर्तमान में पूरे राज्य में राजस्व महा-अभियान चलाया जा रहा है। विभाग द्वारा इस संदर्भ में हर तरह से तैयारियां की गई हैं। राज्य के सभी पंचायतों में दो-दो शिविर लगाकर लोगों की समस्या का समाधान करने की तैयारी है। हर शिविर में अमीनों को लैपटॉप लेकर रहने का निर्देश विभाग द्वारा दिया गया है। इसी बीच विभाग के संज्ञान में यह बात आई है कि कुछ विशेष सर्वेक्षण अमीन इस महा-अभियान के दौरान अपनी मांगों के साथ हड़ताल पर चले गये हैं। विभाग अमीन संघ की मांगों से अवगत है तथा 14 अगस्त को अपर मुख्य सचिव द्वारा बिहार राजस्व अमीन संघ के प्रतिनिधियों के साथ इस संदर्भ में बैठक भी की गई है। महा-अभियान के दौरान सभी गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित हो सके इसके लिये, अपर मुख्य सचिव द्वारा संघ के प्रतिनिधियों से अनुरोध भी किया गया कि राजस्व महा-अभियान एक बहुत बड़ी जन सेवा है तथा इसमें अभियान से जुड़े हर व्यक्ति का सहयोग आवश्यक है। संघ के प्रतिनिधियों द्वारा यह विश्वास दिलाया गया कि इस दौरान कोई भी अमीन हड़ताल पर नहीं जायेंगे तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुये अभियान में पूर्ण सहयोग करेंगे। अमीनों की हड़ताल पर विभाग ने कड़ी कार्यवाई करते हुये सभी बंदोबस्त पदाधिकारियों को यह निर्देश दिया है कि हड़ताल पर गये अमीनों का लॉगिन अकाउंट तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया जाये तथा उन्हें हर प्रकार की सरकारी जिम्मेदारी से वंचित किया जाये। साथ ही हड़ताली अमीनों को सरकारी कार्यालयों में भी प्रवेश नहीं दिया जाये। ऐसे विशेष सर्वेक्षण अमीनों की नौकरी निरस्त कर बहाली की प्रक्रिया पुनः कराने के लिये भी विभाग विचार कर रहा है ।

# स्टार्टअप बिहार से बदली तस्वीर, बढ़े रोजगार के अवसर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी पहल 'स्टार्टअप बिहार' की बदौलत बिहार उद्यमिता का गढ़ बनता जा रहा है। इस परिवर्तन से एक सशक्त उम्मीद बनी है। युवाओं में उद्यमशीलता की भावना को प्रोत्साहित करते हुए यह योजना नवाचार आधारित विकास के लिए नए अवसर उत्पन्न कर रही है। इसका उद्देश्य राज्य के युवाओं की प्रतिभा का उपयोग करते हुए स्टार्टअप के लिए एक अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण कर बिहार को स्टार्टअप, निवेशकों और अन्य हितधारकों के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। बिहार स्टार्टअप नीति के तहत सरकार युवाओं को 10 लाख तक का ब्याज मुक्त ऋण प्रदान कर रही है। इस नीति के तहत अब तक कुल 1522 कंपनियां पंजीकृत हो चुकी हैं। इसके साथ 46 स्टार्टअप सेल और 22 इंक्यूबेशन सेंटर स्थापित किए जा चुके हैं। पिछले वर्ष 2261 एमएसएमई को स्थानीय उद्योगों से जोड़ा गया। उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 1903 जागरूकता शिविर लगाए गए और आउटरीच प्रोग्राम आयोजित किए गए जिसमें 8099 छात्र प्रशिक्षित किए गए और 91 छात्रों को इंटर्नशिप मिली। सिडबी के साथ 150 करोड़ फंड के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किया गया। अब बिहार के युवा राज्य में ही रोजगार पा रहे हैं और हमारा बिहार सच में बदल रहा है। बिहार स्टार्टअप योजना के अंतर्गत उद्यमियों को 10 वर्षों के लिए 10 लाख तक का इंटरेस्ट फ्री सीड फंड प्रदान किया जा रहा है। बिहार स्टार्टअप नीति की शुरूआत वर्ष 2017 में हुई थी जिसका उद्देश्य राज्य में नवाचार और स्टार्टअप गतिविधियों को बढ़ावा देना था। स्टार्टअप बिहार के तहत एक समग्र तंत्र विकसित किया गया है। युवाओं, महिलाओं और पारंपरिक रूप से उपेक्षित समुदायों की भागीदारी में हुई वृद्धि के साथ ही राज्य की सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में परिवर्तन का संकेत देता है।

# किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने बाकरगंज पटना में खोला अपना नया शोरूम



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारत के अग्रणी और विश्वसनीय डायमंड ज्वेलरी ब्रांड किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने अपने विस्तार को और मजबूत करते हुए बिहार में 9वां, पटना में 5वां और पूरे भारत में 85वां शोरूम बाकरगंज में भव्य रूप से उद्घाटित किया। इस अवसर पर हरी कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया सहित अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में घनश्याम ढोलकिया, संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, हरी कृष्णा ग्रुप ने कहा किसना का उद्देश्य हमेशा से रहा है कि हर घर तक विश्वसनीय, सुंदर और किफायती डायमंड ज्वेलरी पहुंचे। बिहार हमारे लिए एक बेहद महत्वपूर्ण बाजार है और इस नए स्टोर के साथ हम अपने ग्राहकों के साथ गहरा और स्थायी जुड़ाव बना रहे हैं। पराग शाह, निदेशक, किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने कहा बिहार हमारे लिए सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है और बाकरगंज ज्वेलरी प्रेमियों का सदैव पसंदीदा केंद्र रहा है।

# गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर अखंड संकीर्तन संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर राजधानी के विभिन्न मंदिरों में भक्ति और उत्सव का माहौल बना हुआ दिखा। इसी क्रम में गर्दनीबाग स्थित ठाकुरबाड़ी में 24 घंटे के अखंड नाम-जप संकीर्तन का रविवार सुबह 9 बजे समापन हो गया। इस दौरान हरे कृष्णा हरे कृष्णा, कृष्णा कृष्णा हरे हरे, हरे रामा हरे रामा, रामा रामा हरे हरे के निरंतर उच्चारण से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। रविवार को सुबह 9 बजे समापन हो गया। साथ ही साथ मंदिर में अवस्थित पंचमुखी हनुमान जी, भगवान शंकर, दुर्गा दरबार, चित्रगुप्त भगवान, मां दक्षिण काली की भी विस्तृत रूप से पूजा की गई। 24 घंटा चलने वाले इस कीर्तन के अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर संकीर्तन में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष एवं ठाकुरबाड़ी प्रबंध न्यास समिति के अध्यक्ष डॉ. रणवीर नंदन ने पत्नी के साथ संकल्प पूजन कर की थी। डॉ. नंदन ने कहा कि श्रीकृष्ण केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व नहीं बल्कि युगपुरुष थे। उनके जीवन से संसार को अद्वितीय राजनीतिज्ञ, महान कर्मयोगी और दार्शनिक मिला, जिनका गीता ज्ञान आज भी पूरी मानवता को मार्गदर्शन देता है। मुख्य पुजारी सत्यप्रकाश पांडेय ने वैदिक रीति से पूजन-अर्चन संपन्न कराया। संकीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर भक्ति रस में सराबोर हो रहे हैं।

# सफाई कर्मी आयोग में बाल्मीकि समाज के होंगे अध्यक्ष व सदस्य : दिलीप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राजधानी के के बाबू जगजीवन राम शोध संस्थान सभागार में बाल्मीकि भंगी मेहतर समाज के वीर स्वतंत्रता सेनानी सम्मान समारोह सह वीर गाथा कार्यक्रम काआयोजन नील सेना संगठन द्वारा रखा गया जिसका उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल, नील सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश कुमार वाल्मीकि, पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा, विकासशील स्वराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश निषाद, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेकुलर के प्रधान जिला महासचिव अमित कुमार ने दीप जलाकर किया। मुख्य अतिथि डा दिलीप जायसवाल ने अपने भाषण में वाल्मीकि भंगी मेहतर समाज को राजनैतिक अधिकार देने का संकल्प लिया साथ ही कहा कि वे स्टांप पेपर पर लिख कर देते हैं कि बिहार में नवगठित सफाई कर्मचारी आयोग में वाल्मीकि भंगी मेहतर समाज का बेटा ही अध्यक्ष,उपाध्यक्ष और सदस्य बनेगा जब तक वाल्मीकि भंगी मेहतर समाज को राजनैतिक अधिकार नहीं मिल जाएगा तब तक भारतीय जनता पार्टी वाल्मीकि भंगी मेहतर समाज के समस्याओं के लिए लड़ती रहेगी। ठेकेदारी व्यवस्था का भी समुचित समाधान निकाला जाएगा और बाल्मीकि भंगी मेहतर समाज को स्थायी नौकरी और समान काम समान वेतन दिया जाएगा। नील सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश कुमार वाल्मीकि ने वाल्मीकि भंगी मेहतर समाज को राजनैतिक हिस्सेदारी देने की बात करते हुए पांच विधानसभा टिकट देने की मांग रखी। साथ ही सफाई कर्मियों को स्वच्छता सैनिक का दर्जा देने की मांग भी रखी, विकासशील स्वराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश निषाद ने भी ठेकेदारी प्रथा खत्म कर स्थायी नौकरी देने की बात रखी।

# वोट का राज यानी छोट की राज, चोरी नहीं होने देंगे जनता का हक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** वोटर अधिकार यात्रा पर निकले कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव रविवार की शाम बारून होते हुए औरंगाबाद पहुंचे। यह यात्रा 16 दिनों तक चलेगा जो 1,300 किलोमीटर लंबी होगी। यह यात्रा 20 से ज्यादा जिलों से गुजरेगी और 1 सितंबर को पटना में मेगा रैली के साथ समाप्त होगी। रविवार को रमेश चौक पर राहुल गांधी ने जनसभा में कहा ये संविधान को बचाने की लड़ाई है। पूरे देश में बीजेपी-आरएसएस संविधान को मिटाने पर तुले हैं। चुनाव आयोग के सहयोग से भाजपा महाराष्ट्र की तरह बिहार में वोट चोरी करना चाहती है। इनके मंसूबों को कभी कामयाब नहीं होने देंगे। गत चुनावों में देखा है भाजपा जहां से स्वीप करती है तो हमरा गठबंधन कही दिखता ही नहीं है। ये सब खेल वोट चोरी का था। श्री गांधी ने कहा कि लाखों डुप्लीकेट वोटर मिले है। 65 लाख लोगों को चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट से नाम काटा। ये जनता की हक और अधिकार को खुलेआम खत्म करना चाहते है। ये जबरजस्ती बोल रहे है, हम जनता का वोट काटेंगे। मैं गारंटी के साथ कह रहा हूं। इनका वोट चोरी के साज़िश के मंसूबों को हम कभी कामयाब नहीं होने देंगे। श्री गांधी ने कहा कि चोरों को सत्ता से हटाए। किसी भी कीमत पर भाजपा को सत्ता में आने नहीं देना है। राहुल गांधी, तेजस्वी यादव सभी मिलकर बीजेपी को उखाड़कर फेंकिए। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार की जनता वोटों की चोरी नहीं करने देंगे, क्योंकि गरीब-कमजोर लोगों के पास सिर्फ वोट का हक है।

## संपादकीय

# चुनौतियां नई, संकल्प वही

आजादी की 79वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाल किले से दिया गया भाषण अगर याद रखे जाने लायक कहा जाएगा तो सिर्फ इसलिए नहीं कि यह उनका अब तक का सबसे लंबा भाषण रहा या लाल किले के प्राचीर से उन्होंने लगातार बारहवीं बार राष्ट्र को संबोधित किया, जिसका मौका पंडित जवाहरलाल नेहरू के अलावा किसी और प्रधानमंत्री को नहीं मिला। जिन हालात में और जिन चुनौतियों के बीच पीएम मोदी ने राष्ट्र को संबोधित किया, वे भी इस भाषण को अहम बना रहे थे।आज अमेरिका टैरिफ वॉर के जरिये अपना प्रभुत्व जमाने की कोशिश कर रहा है, जबकि चीन ने रेयर अर्थ मिनरल्स को हथियार बनाया हुआ है। इन सबके बीच भारत को तरक्की जारी रखने के लिए रास्ता तलाशना ही होगा। स्वाभाविक ही प्रधानमंत्री ने 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' पर खासा जोर दिया। उन्होंने क्रिटिकल अर्थ मिनरल्स, तेल और गैस, सेमीकंडक्टर से लेकर हथियारों तक में आत्मनिर्भरता की बात की। दुनिया जिस तरह से बदल रही है, उसमें यह जरूरी भी है कि दूसरों पर निर्भरता कम करने पर ध्यान दिया जाए।अभी देश की जीडीपी में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का योगदान केवल 12 प्रतिशत है और ग्लोबल सप्लाई में केवल 2.8 प्रतिशत। इसकी तुलना में चीन दुनिया के लिए 28.8 प्रतिशत सामान बना रहा है। इस साल अप्रैल में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि सरकार अगले दो दशकों में मैन्युफैक्चरिंग को डीजीपी के 23 प्रतिशत के बराबर करना चाहती है। सरकार ने जो लक्ष्य तय किया है, वह नामुमकिन बिल्कुल नहीं है। ऑटो इक्विपमेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स, खासतौर पर आईफोन का उदाहरण बताता है कि भारत में वैश्विक जरूरतों को पूरा करने की क्षमता है। एपल करीब 20 प्रतिशत आईफोन अब भारत में बना रही है, जबकि कभी चीन इसका केंद्र हुआ करता था। हालांकि पीएम मोदी ने ठीक ही ध्यान दिलाया कि दुनिया गुणवत्ता की कद्र करती है और अगर ग्लोबल मार्केट में भारत की छवि को चमकाना है तो हाई क्वॉलिटी प्रॉडक्ट्स बनाने होंगे। अपने लक्ष्यों को स्पष्ट करते हुए पीएम मोदी चुनौतियों की ओर संकेत करना भी नहीं भूले। उन्होंने न केवल किसानों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों की बात की बल्कि सिंधु जल समझौते को मौजूदा स्वरूप में स्वीकार न करने की दो टूक घोषणा भी कर दी। स्पष्ट है कि भारत किसी भी सूरत में अवांछित दबाव को स्वीकार नहीं कर सकता। लेकिन इसे लेकर भी कोई भ्रम नहीं होना चाहिए कि भारत की आत्मनिर्भरता का मतलब बाकी दुनिया से कटना नहीं है। परस्पर सम्मान और सहयोग के आधार पर तालमेल के साथ आगे बढ़ते हुए ही भारत अपनी मंजिल तय करेगा।

**अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ऐसे बयानों के गैर जिम्मेदाराना रवैये को समझ सकता है। बयान में इस बात पर भी खेद जताया गया है कि ये टिप्पणी किसी तीसरे मित्र देश की धरती से की गई है। इसलिए मेरी स्पष्ट राय है कि पाकिस्तान के साथ भारत को भी वही सुलूक करना चाहिए, जैसा कि इजरायल ने पिछले महीनों में ईरान के परमाणु कार्यक्रम के साथ किया था। चूंकि मुनीर इस समय अमेरिका के दौरे पर हैं। इसलिए उनकी इस क्षुद्र बयानबाजी के पीछे अमेरिकी हाथ से इंकार नहीं किया जा सकता है। रही बात इस्लामिक देशों के शह की तो उन्हें भी उसी परमाणु बम से मिट्टी में मिलाया जा सकता है, जिसकी धमकी बार-बार इंग्लैंड-अमेरिका का 'नाजायज औलाद' पाकिस्तान अक्सर देता आया है, यह बात उन्हें भी याद रखनी चाहिए।**

# ईरान की तरह पाकिस्तानी परमाणु ठिकानों को भी नेस्तनाबूद करने में आगे क्यों नहीं बढ़ पा रहा है भारत?

(कमलेश पांडे)

पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने जिस तरह से खुलेआम परमाणु युद्ध की धमकी दी है, उसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। इससे भारत की यह चिंता पुष्ट होती है कि पाकिस्तान के पास एटॉमिक पावर होना पूरी दुनिया के लिए खतरा है।

अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित टाम्पा में पाकिस्तानी आर्मी चीफ फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने फिर एक धमकी भरा बयान दिया है। हालांकि उस पर भारत ने पलटवार करते हुए दो टूक कह दिया है कि किसी भी न्यूक्लियर ब्लैकमेल के प्रभाव में नहीं आएंगे। दरअसल, फ्लोरिडा में पाकिस्तानी प्रवासियों को संबोधित करते हुए मुनीर ने कथित तौर पर परमाणु हमले की धमकी देते हुए कहा था कि भविष्य में भारत के साथ युद्ध में उनके देश के अस्तित्व को खतरा हो सकता है। हम एक परमाणु संपन्न राष्ट्र है। अगर हमें लगता है कि हम नीचे जा रहे है, तो हम अपने साथ आधी दुनिया को भी नीचे ले जाएंगे।

इससे स्पष्ट है कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने जिस तरह से खुलेआम परमाणु युद्ध की धमकी दी है, उसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। इससे भारत की यह चिंता पुष्ट होती है कि पाकिस्तान के पास एटॉमिक पावर होना पूरी दुनिया के लिए खतरा है। इस पर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा है कि परमाणु हथियारों की धमकी देना पाकिस्तान की पुरानी रणनीति रही है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ऐसे बयानों के गैर जिम्मेदाराना रवैये को समझ सकता है। बयान में इस बात पर भी खेद जताया गया है कि ये टिप्पणी किसी तीसरे मित्र देश की धरती से की गई है।

इसलिए मेरी स्पष्ट राय है कि पाकिस्तान के साथ भारत को भी वही सुलूक करना चाहिए, जैसा कि इजरायल ने पिछले महीनों में ईरान के परमाणु कार्यक्रम के साथ किया था। चूंकि मुनीर इस समय अमेरिका के दौरे पर हैं। इसलिए उनकी इस क्षुद्र बयानबाजी के पीछे अमेरिकी हाथ से इंकार नहीं किया जा सकता है। रही बात इस्लामिक देशों के शह की तो उन्हें भी उसी परमाणु बम से मिट्टी में मिलाया जा सकता है, जिसकी धमकी बार-बार इंग्लैंड-अमेरिका का 'नाजायज औलाद' पाकिस्तान अक्सर देता आया है, यह बात उन्हें भी याद रखनी चाहिए। ऐसा करके भारत उनका सारा सांप्रदायिक भूत उतार सकता है। दरअसल मरता क्या नहीं करता वाली बात समान रूप से भारत पर भी लागू होती है। काबिलेगौर है कि रूस-भारत की पारस्परिक समझदारी से परेशान अमेरिका की धरती से पहली बार किसी ने किसी तीसरे देश के लिए इस तरह धमकी भरे शब्दों का इस्तेमाल किया है। ऐसा इसलिए कि अंतरराष्ट्रीय जगत को युद्धोन्माद की आड़ में हथियार व गोला-बारूद का निर्यात करने वाले अमेरिका को इसमें मजा आता है। हालांकि, अब जो भारत से उसे कड़ी टक्कर मिल रही है, उससे उसके हरामखोर मंसूबे पर पानी फिरता नजर आ रहा है। चूंकि पाकिस्तान के जन्म से 9/11 तक भारत विरोधी तमाम पाकिस्तानी कार्रवाइयों का प्रोत्साहक अमेरिका ही रहा है।



लिहाजा मुनीर के बयान को भी इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए।

मसलन, पहले लक्षित पहलगाम साम्प्रदायिक आतंकी हमला, फिर ऑपरेशन सिंदूर से अमेरिकी तिलमिलाहट और अब नई धमकी का लब्बोलुआब यह है कि वियतनाम से लेकर लीबिया तक पिट चुके अमेरिका ने विगत 4 वर्षों से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध की तरह ही भारत-पाकिस्तान युद्ध और चीन-ताइवान युद्ध जैसा नया मोर्चा खोलने के सपने देख रहा है, ताकि रूस, भारत, चीन (आरआईसी) की अंतरराष्ट्रीय बर्बादी सुनिश्चित हो और अमेरिका-यूरोप की एशियाई बादशाहत बरकरार रहे।

तभी तो यह पहली बार है कि जब किसी सेना प्रमुख ने कहा कि जरूरत पड़ने पर वह परमाणु हथियार भी इस्तेमाल कर सकता है। कहना न होगा कि मुनीर की बातें जितनी गैरजिम्मेदार हैं, उतनी ही चिंता बढ़ाने वाली भी। इसलिए पाकिस्तानी फन को समय रहते ही कुचल देना चाहिए और रूस-चीन का सहयोग लेकर उन तमाम अमेरिकी एशियाई अड्डों को भारत के कब्जे में कर लेना चाहिए, जिससे पाकिस्तान-बंगलादेश को अमेरिकी खाद-पानी मिलती आई है। मेरे विचार से यही दूरदर्शी रणनीति होगी। चूंकि ऑपरेशन सिंदूर जारी है, पीओके वापस नहीं मिला है, पाकिस्तानी परमाणु बमों पर अमेरिकी पहरा है, इसलिए आसेतु हिमालय में एक निर्णायक युद्ध के आगाज से नहीं हिचकना चाहिए। बल्कि इसी की आड़ में सारे छोटे छोटे पड़ोसी देशों का अस्तित्व मिटा देना चाहिए, ताकि भारत विरोधी ताकतें हमेशा अपनी औकात में रहें। यह बात मैं इसलिए कह रहा हूँ कि पाकिस्तान के सिस्टम में सेना क्या भूमिका रखती है, यह सभी को मालूम है। भले ही वहां चुनी हुई सरकार हो, लेकिन फैसले सेना प्रमुख के ही होते हैं। यह कौन नहीं जानता कि नवोदित पाकिस्तान ने 1947 में ही कबाइलियों को आगे करके भारत के मस्तक जम्मू-कश्मीर को वापस लेना चाहा, लेकिन मात खाई। फिर 1965 और 1971 में भारत के हाथों करारी चोट मिली।चाहे 1999 का पाकिस्तानी कारगिल क्षद्म युद्ध हो या फिर 2025 का भारत द्वारा शुरू किया गया आतंकवाद विरोधी ऑपरेशन सिंदूर, भारत ने पाकिस्तान को जो रणनीतिक मात दी, उससे उसकी अंतरराष्ट्रीय बेइज्जती भी हुई।

इस प्रकार स्पष्ट है कि भारत विरोधी कुचक्र चलाये रखना और आतंकवादियों को सहयोग देते रहना पाकिस्तान की पॉलिसी की तरह है। इसलिए हमें उसकी परमाणु युद्ध की धमकी से डरना नहीं चाहिए, बल्कि इजरायल की तरह ही ऐसा निर्णायक सैन्य ऑपरेशन चलाना चाहिए कि भारत अपना पुराना पाकिस्तानी भूभाग भी वापस ले ले और उसे उनकी नियति के अनुरूप भारतीय सैन्य शासन के तहत ही हमेशा रखे। ग्रेटर इंडिया के हित में ऐसा किया जाता बहुत जरूरी है। बदलते वक्त की मांग है। यह ठीक है कि भारत ने परमाणु बम मामले में नो फर्स्ट यूज की नीति अपना रखी है यानी वह परमाणु हथियारों का पहले इस्तेमाल नहीं करेगा। वहीं, किसी गैर परमाणु शक्ति देश के खिलाफ भी एटमी पावर नहीं दिखाई जाएगी। लेकिन, पाकिस्तान ऐसी किसी नीति से नहीं बंधा हुआ नहीं है जो हम सबके लिए फिक्र की बात है। जबकि मुनीर का मूर्खतापूर्ण अंदाज है कि हम अपने साथ आधी दुनिया को भी ले डूबेंगे। स्पष्ट है कि यह सबकुछ पाकिस्तान के असुरक्षित एटॉमिक डॉक्ट्रिन का नमूना है। इसलिए एहतियाती सावधानी बरतने में कोई कोर-कसर भी नहीं छोड़ना चाहिए।

सच कहूं तो पाक सेनाध्यक्ष मुनीर का बयान उकसाने वाला और शांति की जारी कोशिशों के खिलाफ है। क्योंकि उनके कथित बाप अमेरिका को यही पसंद है। यह घोर अंतरराष्ट्रीय विडंबना है कि उन्होंने इन बातों के लिए उस जगह को चुना, जिसके राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आधा दर्जन युद्ध रुकवाने का फर्जी दावा कर रहे हैं और जिनके लिए शांति का नोबेल मांगने वालों में पाकिस्तान भी है। दूसरी बार अमेरिकी राष्ट्रपति बनते ही उन्होंने नौ सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली जैसा किसी भी युद्ध में अमेरिका के शामिल नहीं होने का जो दावा किया था, उसकी अब पोल खुल रही है। मेरा मानना है कि उनका मकसद है अब अमेरिका सीधे युद्ध नहीं करेगा, बल्कि करवाने में हरसंभव सहयोग करेगा, जैसा कि यूक्रेनी खनिज संपदा हथियाने के लिए वह वहां कर रहा है। ऐसा ही अन्य देशों में भी वह करेगा।

चूंकि अब उनकी नजर पाकिस्तान के बलूचिस्तान स्थित बेशकीमती खनिज संपदा पर है, इसलिए अब उसे भारत के खिलाफ उकसा रहे हैं। उन्हें यह भी पता है कि पाकिस्तान अब चीन के शरणागत है। इसलिए उन्हें उम्मीद है कि पाकिस्तान से रिश्ते सुधरते ही चीन के साथ उनके पुराने रिश्ते सुधर जाएंगे। इससे उन्हें भारत-रूस की कूटनीतिक लगाम कसने में सुविधा होगी। इसलिए अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक विश्लेषक बताते हैं कि यह आम बात नहीं हो सकती कि मुनीर दो महीने के भीतर दूसरी बार अमेरिका की यात्रा पर हैं। इन दो महीनों के दौरान दोनों देशों के रिश्तों में काफी बदलाव आया है, क्योंकि ट्रंप को अब इस्लामाबाद के रूप में एक प्रमुख क्षेत्रीय सहयोगी दिख रहा है। यह कड़वा सच है कि पाकिस्तान को पुनः मजबूत करके भारत पर पुनः हमला करवाने के लिए ही तो ट्रंप ने सीज फायर करवाया था, जैसा कि वो दावे पर दावे करते आये हैं। इसलिए अब पाकिस्तान के साथ साथ अंतरराष्ट्रीय खलनायक अमेरिका का भी माकूल इलाज सुनिश्चित करवाने का समय आ गया है।

# आजादी के 78 वर्षों में कितने बदले लोकतंत्र के हालात?

(योगेश कुमार गोयल)

ऐसे बदरंग हालातों में यह सवाल रह-रहकर सिर उठाने लगता है कि आखिर कैसी है ये आजादी? आखिर आजादी का अर्थ क्या है? इस प्रश्न का उत्तर तब तक नहीं दिया जा सकता, जब तक कि यह न जान लिया जाए कि स्वतंत्र होना आखिर कहते किसे हैं?

प्रत्येक भारतवासी के लिए 15 अगस्त का दिन गौरव का दिन है क्योंकि इसी दिन भारत को अंग्रेजों की दासता से मुक्ति मिली थी। हालांकि स्वतंत्रता दिवस को लेकर आज भी देश के प्रत्येक नागरिक के दिलोदिमाग में वही जज्बा और उत्साह समाहित है लेकिन जब हर वर्ष स्वतंत्रता के प्रतीक तिरंगे के नीचे खड़े होकर बहुत सारे ऐसे जनप्रतिनिधियों को देश की रक्षा व प्रगति का संकल्प लेते देखते हैं, जो वर्षभर सरेआम लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाते देखे जाते हैं तो मन में यही सवाल उठता है कि आखिर ऐसी संकल्प अदायगी से देश को हासिल क्या होता है? देश को आजाद हुए सात दशक से अधिक हो चुके हैं लेकिन आजादी के इन 78 वर्षों में लोकतंत्र के पवित्र स्थल संसद और विधानसभाओं के हालात किस कदर बदले हैं, वह किसी से छिपा नहीं है, जहां अभद्रता की सीमा पार करते जनप्रतिनिधि गाली-गलौच, उठापटक से लेकर कुर्ता-फाड़ राजनीति तक उतर आते हैं। विधानसभाओं की तो क्या बात करें, जब संसद की कार्यवाही ही कभी विपक्ष और कभी स्वयं सत्ता पक्ष द्वारा ही कई-कई दिनों तक लगातार नहीं चलने दी जाए तो राष्ट्र के लिए इससे ज्यादा चिंतनीय स्थिति और क्या हो सकती है? संसद में होने वाले ऐसे हंगामों के कारण प्रति मिनट आम आदमी के करीब ढ़ाई लाख रुपये बर्बाद होते हैं यानी हर एक घंटे में करीब डेढ़ करोड़ रुपये खर्च होते हैं। अब चूंकि संसद की कार्यवाही प्रतिदिन 6 घंटे चलनी होती है, ऐसे में संसद के दोनों सदनों में दोनों पक्षों के विरोध, हो-हल्ले और शोर के कारण जनता के खून-पसीने की कमाई के प्रतिदिन करीब 9 करोड़ रुपये से अधिक बर्बाद हो जाते हैं।

गंभीर चिंतन का विषय है कि वर्षों की गुलामी के बाद मिली आजादी को आज हम जिस रूप में संजोकर रख पाए हैं, वह 78 वर्षों में ही कितना विकृत हो चुका है। आजादी के दीवानों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि जिस देश को आजाद कराने के लिए वे इतनी कुर्बानियां दे रहे हैं, वहां कुछ दशकों में ही आजादी की तस्वीर ऐसी हो जाएगी। हालांकि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश ने विकास के मार्ग पर तेजी से कदम बढ़ाए और विकास के अनेक सोपान तय किए हैं। तकनीकी कौशल हासिल करते हुए देश अंतरिक्ष तक जा पहुंचा है और चांद पर भी तिरंगा लहरा दिया है। लेकिन महिलाओं से दुर्व्यवहार की लगातार बढ़ती घटनाएं और समाज में अपराधों की बढ़ती सीमा को देख बुजुर्ग तो अब कहने लगे हैं कि गुलामी के दिन तो आज की आजादी से कहीं बेहतर थे, जहां अपराधों को लेकर मन में भय तो व्याप्त रहता था किन्तु कड़े कानून बना दिए जाने के बावजूद अपराधियों के मन में अब किसी तरह का भय नहीं दिखता। 'सैयां भये कोतवाल तो डर काहे का' कहावत हर कहीं चरितार्थ हो चली है। देश के कोने-कोने से सामने आते अबोध बच्चियों और महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों के बढ़ते मामले आजादी की बेहद शर्मनाक तस्वीर पेश कर रहे हैं। कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ जिस तरह की दरिंदगी की गई है, ऐसे मामलों को देखते हुए और क्या कहा जाए? देश में महंगाई सुरसा की तरह बढ़ रही है, आतंकवाद की घटनाएं पग पसार रही हैं, आरक्षण की आग रह-रहकर देश को जलाती रहती है। इस तरह के हालात निश्चित तौर पर देश के विकास के मार्ग में बाधक बनते हैं। हर कोई सत्ता के इर्द-गिर्द राजनीतिक रोटियां सेंकता नजर आ रहा है, कोई सत्ता बचाने में लगा है तो कोई गिराने में। संसद और विधानसभाओं में हंगामे आए दिन की बात हो गई है। आजादी के बाद सामाजिक और आर्थिक पहलू पर देश में कमजोर तबके का स्तर सुधारने की नीयत से लागू आरक्षण के राजनीतिक रूप ने देश को आज उस चौराहे पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां समूचा देश रह-रहकर जातीय संघर्ष के बीच उलझता दिखाई देता है। स्वार्थपूर्ण राजनीति ने माहौल को इस कदर विकृत कर दिया है, जहां से निकल पाना संभव ही नहीं दिखता। राजस्थान हो या उत्तर प्रदेश, हरियाणा हो या गुजरात अथवा महाराष्ट्र, आरक्षण के नाम पर उठते विध्वंसक आन्दोलनों की आग में से जब-तब बुरी तरह झुलसते रहे हैं और हर कोई इस तरह के परिवेश का राजनीतिक लाभ लेने की कवायद में जुटा नजर आता है। आजादी के बाद के इन करीब साढ़े सात दशकों में भ्रष्टाचार और अपराध इस कदर बढ़ गए हैं कि आम आदमी का जीना दूभर हो गया है। बगैर लेन-देन के प्रायः कोई कार्य सम्पन्न नहीं होता। बड़े नेता की तो कौन कहे, छुटभैया नेताओं की भी चांदी हो चली है। आजादी के बाद लोकतंत्र के इस बदलते स्वरूप ने आजादी की मूल भावना को बुरी तरह तहस-नहस कर डाला है। यह आजादी का एक शर्मनाक पहलू ही है कि गिने-चुने मामलों को छोड़कर हत्या, भ्रष्टाचार, बलात्कार जैसे संगीन अपराधों से विभूषित जनप्रतिनिधि अक्सर सम्मानित जिंदगी जीते रहते हैं। देश के ये बदले हालात आजादी के कौनसे स्वरूप को उजागर कर रहे हैं, विचारणीय है। ऐसे बदरंग हालातों में यह सवाल रह-रहकर सिर उठाने लगता है कि आखिर कैसी है ये आजादी? आखिर आजादी का अर्थ क्या है? इस प्रश्न का उत्तर तब तक नहीं दिया जा सकता, जब तक कि यह न जान लिया जाए कि स्वतंत्र होना आखिर कहते किसे हैं? देश को? व्यक्ति को? समाज को? यह जानना भी जरूरी है कि क्या कुछ बुनियादी मानवाधिकारों से वंचित व्यक्ति, समाज या देश को स्वतंत्र कहा जा सकता है?

# मतदाता सूची को अद्यतन और विश्वसनीय बनाने का अभियान



सुमन कुमार झा

विशेष गहन पुनरीक्षण मतदाता सूची का एक विशेष, घर-घर जाकर किया जाने वाला गहन पुनरीक्षण है जिसका लक्ष्य मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और विश्वसनीय बनाना है, मृतक/डुप्लीकेट/अपर्याप्त प्रविष्टियाँ हटाना तथा नए योग्य मतदाताओं (विशेषकर 18 साल के हुए युवाओं) को जोड़ना। इसे चुनाव आयोग की कानूनी शक्तियों के तहत लागू किया जाता है और हाल में बिहार में चुनाव से पहले इस प्रक्रिया को लागू करने के बाद राजनीतिक विवाद तेज हो गया है। चुनाव आयोग ने स्ढ्ढक्रकी औपचारिक प्रक्रिया-दस्तावेज़ जारी किए हैं।

विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ विपक्षी दलों (कांग्रेस, राजद, सीपीआई (एमएल), टीएमसी और अन्य) ने राजनैतिक विरोध, धरने और दिल्ली में मार्च जैसे प्रदर्शन तेज कर दिए, कुछ नेताओं और कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी भी हुई, जिससे राष्ट्रीय खबरें बनीं और मुद्दा का राष्ट्रीयकरण हुआ और यह विपक्षी नेताओं को कम से कम एक मंच पर लाने का काम भी कर रहा है।

यह प्रक्रिया वोटर-लिस्ट साफ करने और फर्जी/मृत/स्थानांतरण के कारणों को दूर करने के लिए जरूरी है। यह तीन डी (छ्ठ्ठद्गष्ठ्ठ्ठद्यद्गस्र, छ्ठ्ठह्यद्धश्चद्यड्डष्ह्यस्र ड्ठुस्त्र छ्ठ्ठ्ठद्वय 1श्ह्ल्द्ग्ह्ल्य) को हटाने की भी प्रक्रिया है।

विपक्षी दलों की बात करें तो विशेष गहन पुनरीक्षण के जरिए गरीब, असंगठित, प्रवासी, वंचित या अल्पसंख्यक वोटरों को अनापत्ति-स्थिति में ला सकती है और उनके मतदान के अधिकार को छीन सकती है क्योंकि इन लोगों के पास वो कागजात नहीं है जिसकी मांग चुनाव आयोग कर रहा है इन दावों ने चुनावी सीजन में नैरेटिव युद्ध तेज कर दिया है।

विशेष गहन पुनरीक्षण की वजह से चुनाव आयोग पर राजनीतिक दबाव बना है, कोर्ट में याचिकाएँ, हाई-प्रोफ़ाइल विवाद और मीडिया-विमर्श से चुनाव प्रक्रिया का वातावरण संवेदनशील हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कुछ प्रक्रियात्मक निर्देश दिए (उदा. आधार/मतदाता पहचान पत्र के सम्बंध में) पर पूरी प्रक्रिया को फिलहाल रोका नहीं। अदालत के इन निर्देशों ने भी राजनीतिक बहस को नया मोड़ दिया है।

विपक्षी आरोपों और जनआक्रोश ने सत्ता पक्ष के खिलाफ नैरेटिव तैयार कर दिया, जो अगर लम्बा चले तो जन-समर्थन पर असर कर सकता है। खासकर जब हाई-प्रोफाइल नेताओं को विरोध के दौरान हिरासत में लिया जाए, तो यह सहानुभूति भी पैदा कर सकता है। जिन क्षेत्रों में बड़ी संख्या में वोटर हटते हैं, वहाँ पारंपरिक वोट बैंक कमजोर पड़ सकता है।

विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर विरोध और जोरदार पेटिशन अभियान, कोर्ट का उपयोग, मीडिया-ड्राइव और 'वोटर-राइट' की बहुसंख्यक नैरेटिव बनाकर वोटरों को लामबंद करने की कोशिश की जा रही है। विरोधी दल फिलहाल इसी रणनीति पर निर्भर हैं और यह उन्हें अस्थायी रूप से एकजुट कर रहा है। ये दल हर वोट की गिनती करते हैं, इसलिए वे विशेष गहन पुनरीक्षण को निकटता से मॉनिटर करेंगे और बूथ-लेवल पर अपने समर्थकों की दस्तावेज़ीकरण सहायता बढ़ाएंगे। छोटे दलों के लिए असर स्थानीय और बहुत सटीक होगा, कुछ स्थानों पर फायदा, कुछ पर नुकसान।

नए-उम्र (18 वर्ष हुए) वोटरों के समावेश का वादा है, यदि उनकी प्रविष्टि सही तरीके से हो जाती है तो यह भविष्य में राजनीतिक रुझानों को प्रभावित करेगा। परन्तु यदि दस्तावेज़ी बाधाएँ हों (जैसे जन्म प्रमाण पत्र का अभाव) तो युवा वर्ग का हिस्सा बाहर रह सकता है, जो विपक्ष का चिंता-बिंदु है।

शहरी प्रवासन के कारण शहरी क्षेत्रों में सूची अपडेट जरूरी था पर ग्रामीण-क्षेत्रों में जन्म-मृत्यु के रिकॉर्ड और दस्तावेज़ीकरण में कमी के कारण वहाँ अधिक नाम हटने का जोखिम रहता है। इस तरह के स्थानिक असन्तुलन चुनावी नतीजों को प्रभावित कर सकते हैं।

गरीब, अनपढ़, दस्तावेज रहित कामगार और अल्पसंख्यक समुदायों को विशेष गहन पुनरीक्षण की बढ़ी हुई कड़ी प्रक्रियाओं से परेशानी हो सकती है और विपक्ष यही संभावना सामने रख रहा है कि यही समूह सर्वाधिक प्रभावित होंगे।

कई याचिकाएँ दायर हुईं और सुप्रीम कोर्ट ने विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पर नजर रखी, अदालत ने ड्राफ्ट सूची के प्रकाशन को रोकने का आदेश नहीं दिया पर चुनाव आयोग को आधार/मतदाता पहचान पत्र जैसे दस्तावेज़ों पर विचार करने के निर्देश दिए और कहा कि यदि कोई गैरकानूनी/अनियमित कदम पाया गया तो कोर्ट कदम उठाएगा। यह संकेत देता है कि कानूनी लड़ाई जारी रहेगी और निर्णयों का असर चुनाव के निकटकालीन माहौल पर पड़ेगा। चुनाव आयोग की ओर से दिए गए कई दस्तावेज़ी मानदंड और उनके बचाव/औपचारिक दलीलों पर अदालतों की टिप्पणियाँ आगे चलकर यह तय कर सकती हैं कि किन दस्तावेज़ों को मान्य मानना संवैधानिक रूप से उचित है, और यह नियम पूरे देश में प्रासंगिक हो सकता है। सर्वोच्च न्यायालय ने तो ये कह कर कि आधार नागरिकता को सिद्ध नहीं करता है, चुनाव आयोग के उस मुद्दे को सही माना कि नागरिक ही प्रजातंत्र का आधार है।

चुनाव आयोग ने सारे राजनीतिक दलों को इसमें शामिल होने की अपील की और उनके क्क्रबहुत जगह पर क्क्रह्व की मदद भी कर रहें हैं।

सभी पार्टियाँ बूथ-स्तर पर अपने कार्यकर्ताओं को तैनात कराएँगी ताकि समर्थकों के नाम बने रहें, दावा-आपत्ति प्रक्रियाओं में भागीदारी, दस्तावेज जमा कराना, और बीएलओ से संपर्क करना प्राथमिक अभियान बिंदु बनेगा।

पार्टियाँ और सिविल सोसाइटी मिलकर कैंप/क्लीनिक चलाएँगे जहाँ निशुल्क दस्तावेज बनवाने/प्रतिलिपि दिलवाने की मदद मिले, खासकर जाति-प्रमाण-पत्र, जन्म-प्रमाण पत्र इत्यादि के लिए।

विपक्ष 'वोटर-छिन और 'वोटर-अधिकार जैसे भावनात्मक विषय उठा कर राष्ट्रीय समर्थन जुटाने की कोशिश कर रहा है, वहीं सत्ता पक्ष इसे 'जाति/धर्म नहीं, बल्कि 'शुद्धि व पारदर्शिता का मामला बताकर टालने का प्रयास कर रहा है।

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि मताधिकार से वंचित करने के आरोप ÷अधिकांशतः विश्वास की कमी का मामला प्रतीत होते हैं, और कुछ नहीं÷ तथा यदि मतदाताओं को बड़े पैमाने पर बहिष्कृत करने की बात साबित हो जाती है तो न्यायालय ÷तुरंत कदम उठाएगा÷।

विपक्षी आरोप उनके बड़े प्रदर्शन, बैरिकेडिंग, चुनावी बहिष्कार की धमकियाँ राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक माहौल विषम होगा। बिहार में तो सरकर गरीब लोगों को पारिवारिक सूची भी अपलोड करा रही है ताकि उन्हें अपने मताधिकार से वंचित किसी भी कीमत पर नहीं होना पड़े। मेरी राय में सरकार के इस कदम को सकारात्मक रूप से लेना चाहिए और विपक्षी दलों को भी इस कार्य में जुट जना चाहिए।

हटायी गई सूचियों का गहन अध्ययन कर बहुजन वापस आ सकेंगे, विपक्ष का रोष कम होगा और प्रक्रिया पर सार्वजनिक भरोसा बढ़ेगा। सभी राजनीतिक दलों को कुछ समय के लिए चुनाव से उपर उठकर देश हित में सोचने की भी जरुरत है। ऐसे कई उदहारण हैं जब देश के अंदर ही देश विरोधी ताकतें सक्रिय हो जाती है ऐसे में चुनाव आयोग का शुद्धीकरण अभियान सराहनीय और देशहित में है।

बेहतर चुनावी प्रक्रियात्मक वैधता, लेकिन राजनीतिक तनाव पूरी तरह शांत नहीं होगा, क्योंकि नैरेटिव पहले ही बन चुका होगा। चुनाव-समय रेखा प्रभावित हो सकती है, पुनः प्रकाशन व पुनरावृत्ति आवश्यक हो सकती है।

विशेष गहन पुनरीक्षण केवल तकनीकी या प्रशासकीय व्यायाम नहीं है, यह राजनीतिक-प्रतिक्रियाओं, सामाजिक-समावेशन और चुनावी रणनीतियों को सीधे प्रभावित करने वाला बड़ा कदम है। अगर प्रक्रिया पारदर्शी, समावेशी और संवैधानिक रूप से संवेदनशील तरीके से लागू की जाए, तो विशेष गहन पुनरीक्षण लोकतंत्र के हित में हो सकती है, अन्यथा यह वोटर-वंचना और राजनैतिक ध्रुवीकरण को जन्म दे सकती है। वर्तमान समय में विशेष गहन पुनरीक्षण ने पहले ही राष्ट्रीय राजनीतिक चर्चा को सक्रिय कर दिया है और अदालतों तथा सड़कों पर यह लड़ाई जारी है।

**(लेखक बिहार के स्वास्थ्य तथा विधि मंत्रीके निजी सहायक हैं और ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# गिरिडीह सिख समाज महिलाओं द्वारा प्रतिदिन पूरे सावन महीने तक चले शबद् कीर्तन कार्यक्रम का समारोह पूर्वक हुआ समापन

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिख समाज महिला सत्संग द्वारा पवित्र सावन महीने को लेकर प्रतिदिन शाम को गिरिडीह के पंजाबी मुहलला स्थित गुरुद्वारा द्वारा में शब्द कीर्तन का आयोजन किया गया ।जिसमें प्रत्येक दिन शाम 4:00 बजे से लेकर 6:00 बजे तक सिख समाज की महिलाओं द्वारा शब्द कीर्तन किया गया ।वहीं प्रतिदिन शाम को भजन कीर्तन के उपरांत बारी-बारी से श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद की सेवा की गई। पूरे एक महीने तक चलने वाले इस आयोजन का समापन 15 अगस्त को किया गया जिसमें हर एक दिन की तरह शाम 5:00 बजे से लेकर रात्रि 8:00 बजे तक लगातार भजन कीर्तन किया गया इसके उपरांत लंगर की भी व्यवस्था की गई जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लेकर प्रसाद ग्रहण किया ।यहां बताते चलें कि पिछले कई वर्षों से प्रत्येक सावन के महीने में इस तरह का आयोजन सिख समाज की महिलाओं द्वारा किया जाता रहा है ।वहीं इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में रणजीत कौर, जगजीत कौर ,जसविंदर कौर ,,गुरमीत कौर ,चरणजीत कौर परमजीत कौर प्रभजोत कौर सलूजा ,प्रीत कौर ,अश्मित कौर, रविंदर कौर गुरप्रीत कौर डॉली सलूजा ,बेबी कौर



खालसा, सरदार भूपेंद्र सिंह दुआ सरदार परमजीत सिंह दुआ ,ज्ञानी देवेंद्र सिंह , शैंकी टुटेजा,जसकीरत सिंह ,गुरमान सिंह चावला ,हरप्रीत सिंह,आदित्य सिंह फ्रैंकी कालरा शहित श्री गुरु सिंह सभा गिरिडीह के कई गणमान्यो का सराहनीय सहयोग रहा।

# जिला साउंड यूनियन के रक्तदान शिविर में 23 यूनिट रक्त संग्रह



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गिरिडीह जिला साउंड यूनियन की ओर से आज होटल संगम गार्डन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। इस शिविर में अजय शिवानी, सिकंदर पंडित, अमर कुमार, सन्नी कुमार समेत 23 लोगों ने रक्तदान किया। इसमें से कई लोग पहली बार रक्तदान कर काफी खुश नजर आए। यूनियन के जिलाध्यक्ष रामजी प्रसाद यादव ने बताया कि साउंड यूनियन के सदस्य सामाजिक दायित्वों को लेकर गंभीर हैं। यूनियन की ओर से हर वर्ष रक्तदान शिविर लगाया जाता है ताकि जरूरतमंद लोगों की सहायता हो सके। उन्होंने कहा कि नवंबर में वृहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। मौके पर मौजूद रेड क्रॉस के चेयरमेन सह ब्लड बैंक के सचिव अरविंद कुमार ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां संग्रहित रक्त से कई जरूरतमंद लोगों को राहत मिल पायेगा। उन्होंने स्वस्थ्य लोगों से रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की। शिविर को सफल बनाने में उपाध्यक्ष इरफान अंसारी, सुरेश प्रसाद, अमित कुमार, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ शोहेल अख्तर, संत कुमार, शोहेल, रंजीत कुमार, सुधीर कुमार, विनिता मरांडी, योगेंद्र पासवान आदि ने अहम भूमिका निभाई।

# बाल शिक्षा मंदिर स्कूल में जन्माष्टमी बड़े ही धूम धाम से मनी



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर बाल शिक्षा मंदिर स्कूल के बच्चो ने बड़े ही धूम धाम से मनाया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने पहले रैंप वॉक किया फिर डांस किया मटकी फोड़ी और खूब मस्ती की। इस कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा २ तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मौके पर स्कूल के शिक्षिका संगीता सिन्हा ने बच्चों को जन्माष्टमी का महत्व और उनकी कहानियाँ भी सुनाई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के प्रिंसिपल श्री प्रभाकर घोष और सभी टीचर्स का विशेष योगदान रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### रोटरी गिरिडीह द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रोटरी गिरिडीह द्वारा आज सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक रोटरी नेत्र चिकित्सालय में एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में मशीन द्वारा बीएमडी एवं न्यूरोपैथी जांच किया गया इस शिविर कुल 60 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। इस शिविर के सफल आयोजन में रोटरी गिरिडीह अध्यक्ष पियूष मुसद्दी,सचिव रोहित जैन,शिविर संयोजक डॉ मोहम्मद आजाद, डॉ सज्जन डोकानिया,बिजय सिंह,देवेंद्र सिंह,नन्दन दारुका,अमित गुप्ता,मनीष तर्वे,आशीष तर्वे,प्रशांत बगड़िया,अभिषेक जैन,शंभु जैन,रवि बगड़िया,अमित अग्रवाल,सारंग केडिया, तरनजीत सिंह,चरणजीत सिंह,अमित डे,सारंग केडिया,अंशुल जैन सहित रोटरी नेत्र चिकित्सालय कर्मियों का अहम योगदान रहा।

### प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश रजक ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।**सदर प्रखंड कार्यालय परिसर में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम पूरे धूमधाम और हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया ।इस मौके पर प्रमुख पूनम देवी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके उपरांत उपस्थित सभी गण मान्यो ने राष्ट्रीय गान गाया गिरिडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश रजक तथा अंचलाधिकारी गिरिडीह ने मौके पर उपस्थित सभी अतिथियों तथा कार्यालय पदाधिकारी और कर्मियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। इससे पूर्व प्रमुख पूनम देवी गिरिडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचलाधिकारी तथा अन्य गणमाणयों द्वारा वहां पर स्थापित स्तंभ की विधि संवत तरीके से पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर उपस्थित तमाम अतिथि गणमान्य उपस्थित स्कूल के बच्चों तथा कर्मियों के बीच अल्पाहार के पैकेट भी बांटे गए।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अंचल कार्यालय तथा प्रखंड कार्यालय के कर्मियों का सराहनीय सहयोग रहा।

### पतंजलि योग केंद्र में किया गया ध्वजारोहण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आजादी के इस मौके पर बुधनी हटिया स्थित पतंजलि योग केंद्र में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया । पतंजलि योग केंद्र के प्रभारी अशोक गुप्ता ने झंडा फहराकर देशवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस पर वीर शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उनको नमन किया । इस मौके पर विजय रजक, रामेश्वर कुमार, गुरु चरण सिंह, विजय श्रीवास्तव, राकेश वर्मा, ज्ञान्ती मौर्या, वंदना गुप्ता, डोमेन नोनिया, प्रवीण कुमार, विवेकानंद, सीमा देवी, कबूतरी देवी, अरविंद कुमार, सचिन कुमार, केशव कुमार सिंह सभी उपस्थित थे ।

### ग्लोबल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूम धाम से मना

**गोबिंदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ग्लोबल स्कूल ऑफ इंडिया ,गोविंदपुर में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजन धूम धाम से मनाया गया।इस स्वतंत्रता दिवस आयोजन का थीम" लव फॉर द नेशन " रखा गया था। मुख्य अतिथि ,विद्यालय के निदेशक डॉ.एस. खालिद ने झंडोत्ततोलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की,तथा अपने मधुर वचनों द्वारा छात्र_छात्राओं को देश के प्रति जिम्मेदार और कर्तव्यनिष्ठ होने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान चेयरपर्सन डॉ.निखत परवीन, विद्यालय मैनेजर डॉ.ममता सिन्हा समेत सभी शिक्षक शिक्षिका गण मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया गया। सामूहिक नृत्य,सामूहिक देशभक्ति गीत ,तथा भाषण के सुंदर प्रस्तुति के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया।पूरे विद्यालय में जश्न का माहौल रहा।

# लंगरटोली चौराहा पर डॉ. सुनील दूबे ने किया झंडोत्तोलन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रसिद्ध आयुवेर्दाचार्य, समाजसेवी एवं लंगरटोली स्थित दूबे क्लिनिक के निदेशक डॉ. सुनील कुमार दूबे ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लंगरटोली चौराहा, पटना-4 पर प्रातः 10.00 बजे झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रदेश एवं देशवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज उन वीर सपूतों को याद करने का दिन है, जिन्होंने देश की ब्रिटिश शासन से आजाद हुआ था। आज का दिन हमारे लिए उत्साह एवं गर्व का दिन है। हमारे महान नेताओं महात्मा गाँधी, जवाहरलाल नेहरू, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, सरदार पटेल एवं लाखों आजादी के मतवालों के प्रयास से स्वतंत्रता मिली । 15 अगस्त, 1947 को हमारे आजादी का सपना पूरा हो गया । लेकिन हमें आजादी के सही अर्थ को समझने की जरूरत है एवं महान नेताओं के पदचिन्हों पर चलने की जरूरत है। इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा



आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिया । उनका यह बलिदान रहती दुनिया तक याद रखा जायेगा । हर साल 15 अगस्त को हम आजादी का जश्न मनाते हैं। यह दिन हमारे देश के इतिहास का सबसे महत्त्वपूर्ण दिन है, क्योकि इसी दिन 15 अगस्त 1947 को हमारा देश शालू सुनील दूबे, धर्मवीर सिंह उर्फ काजू, संजय तिवारी, पवन पाण्डेय, रोहित कुमार, अंजन कुमार, लाल बाबू पासवान, सोनी मुंशी, पिंटू भारती, एस. बी. सिंह आदि विशेष रूप से मौजूद थे। अन्त में लोगों ने कुरकुरी एवं स्वादिष्ट जलेबी का आनंद लिया ।

# सरस्वती विद्या मंदिर सेक्टर तीन में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर 3सी में 15 अगस्त 2025 को 79वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह देशभक्ति के उत्साह और गरिमामय वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। भारत के इतिहास में 15 अगस्त का दिन स्वर्णाक्षरों में अंकित है। इसी दिन 1947 को भारत ने वर्षों की कठिन संघर्ष यात्रा और हजारों वीर सपूतों के बलिदान के बाद ब्रिटिश दासता की बेड़ियों को तोड़कर स्वतंत्रता प्राप्त की थी। यह दिन न केवल स्वतंत्रता की याद दिलाता है बल्कि हमें देश की अखंडता, एकता और प्रगति के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा भी देता है।



**कार्यक्रम का शुभारंभ एवं अतिथियों का आगमन**

समारोह का शुभारंभ भारत माता पूजन के साथ हुआ, जिसे माननीय अतिथियों द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में सिद्धेश नारायण दास सचिव, भारतीय संस्कृति ज्ञान मंदिर ट्रस्ट एवं सदस्य, विद्या विकास समिति, झारखं, स्वाति कोषाध्यक्ष, विद्या मंदिर तथा राजकुमार सचिव, विद्या मंदिर उनके साथ विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ एवं अभिभावकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**झंडोत्तोलन और देशभक्ति का माहौल**

भारत माता पूजन के पश्चात राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण हुआ। जैसे ही तिरंगा आकाश में लहराया, "जय हिंद" और "वंदे मातरम्" के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। राष्ट्रगान की गूंज ने वातावरण को और भी पवित्र एवं प्रेरणादायी बना दिया।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भव्यता**

झंडोत्तोलन के बाद विद्यालय के प्राचार्य श्री संजीव कुमार जी ने अतिथियों का औपचारिक परिचय कराया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत भाई-बहनों के सामूहिक हिंदी भाषण "है मेरे प्यारे वतन" से हुई, जिसने सभी के हृदय में देशभक्ति की लहर दौड़ा दी। कक्षा दशम की छात्रा सुष्मिता ने भावपूर्ण स्वर में "तेरी मिट्टी में मिल जाऊँ" गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कक्षा चतुर्थ के छात्रों ने संस्कृत भाषण और सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया, जो भारतीय संस्कृति की गहराई को दशार्ता था। कक्षा अष्टम और नवम के छात्रों ने प्रभावशाली अंग्रेजी भाषण देकर स्वतंत्रता दिवस के महत्व को वैश्विक दृष्टिकोण से समझाया।

एकल नृत्य की सुमधुर प्रस्तुति बहन प्रज्ञा झा ने दी, जबकि अन्य विद्यार्थियों ने कविताओं, नाटिकाओं और समूह नृत्यों के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान को जीवंत कर दिया। इन कार्यक्रमों ने न केवल मनोरंजन किया बल्कि सभी में राष्ट्रप्रेम और जिम्मेदारी की भावना भी जागृत की।

**समारोह का समापन**

कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों और शिक्षकों ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रेरणादायी संदेश दिए और उन्हें देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस प्रकार, सरस्वती विद्या मंदिर 3/उ में आयोजित 79वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्ण गरिमा, उल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन सभी उपस्थित लोगों के लिए अविस्मरणीय और प्रेरणादायक साबित हुआ।

# एसएनए छऊ केंद्र चन्दनकियारी ने उल्लास के साथ मनाया भारत पर्व

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की अधीनस्थ संस्था एसएनए छऊ केंद्र, चन्दनकियारी में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। संगीत नाटक अकादमी द्वारा चंदनकियारी में संचालित छऊ केंद्र में 79वें स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण उपरांत तिरंगा रैली निकाली गयी।

मुख्य अतिथि जाने-माने चित्रकार और मॉडर्न आर्ट गैलरी के पूर्व सदस्य सुनील कुमार मोदी ने झंडोतोलन किया। इस अवसर पर केंद्र के समन्वयक डॉ संजय भी उपस्थित रहे। उन्होंने सभा को संबोधित किया। स्वाधीनता दिवस के बारे में उन्होंने लोगों को बताया। मुख्य अतिथि सुनील मोदी झंडोतोलन के पश्चात बच्चों से मिले और लोगों से बातचीत की। उन्होंने सेल्फी भी लिया। सभी बच्चों को उन्होंने झंडा भी दिए।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में चन्दनकियारी के छऊ के कलाकार और विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आशुतोष कुमार, विजय कुमार, राखो बाउरी सहित अनेक लोगों का सहयोग प्राप्त हुआ। ज्ञातव्य है कि यह स्वाधीनता दिवस का कार्यक्रम पिछले दो अगस्त से ही प्रारंभ हो गया था जिसमें बच्चों के द्वारा रैली निकाली गई, सेल्फी लिए गए, वालंटियर सेल्फ वॉलिंटियर का फोटो लिया गया। जगह-जगह जाकर के झंडे के महत्व के बारे में एसएनए छऊ केंद्र के कर्मचारियों ने लोगों को बताया और उन्हें भी वॉलंटियर बनने के लिए प्रोत्साहित किया।

14 अगस्त 2025 को मध्य विद्यालय चंद्रा में बच्चों के बीच स्वाधीनता दिवस को लेकर के एक चित्रांकन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। उसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। आज रैली निकाली गई जिसमें गणमान्य लोगों के साथ ही स्थानीय नागरिकों ने भी भाग लिया।

# फरियादियों के आवेदन और उस पर हुई कार्रवाई को सार्वजनिक करें: अवधेश सिंह

**गिरिडीह/नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** फरियादीयों के साथ अमानवीय व्यवहार करने के विरोध में किसान जनता पार्टी ने मंगलवार को झंडा मैदान गिरिडीह में धरना दिए` धरना को संबोधित करते हुए किसान जनता पार्टी के केन्द्रीय कमिटी अध्यक्ष -सह- अधिवक्ता अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा विधि सम्मत कार्य नही किए जाने व आम जनता को कानून द्वारा प्रदत अधिकारी से वंचित करने का शिकायत साक्ष्य के साथ जब उपायुक्त श्री राम निवास यादव के समक्ष किया जाता है तो उन्हें इतनी मिर्ची लगती है कि वे अपने गरिमामय पद को भूल जाते है और क्रूर जमींदारों की तरह चीख चिल्लाकर डराने वाले अंदाज में फरियादीयों को धमकाने लगते हैं किसान जनता पार्टी के कार्यालय सचिव विजय कुमार ने कहा कि उपायुक्त यह चाहते हैं कि आम जनता का साधारण से साधारण काम भी गिरिडीह जिला का कोई अधिकारी कर्मचारी तभी करे जब उपायुक्त कार्यालय से संबंधित अधिकारी कर्मचारी को निर्देश मिले ताकि विवश होकर आम जनता को उपायुक्त के जनता दरबार में आना पड़े और उपायुक्त महोदय पीड़ित जनता को डांट फटकार के फरियादीयों पर अपना रौब झाड़ सके और भ्रष्ट अफसरों से अपनी वाहवाही करवा सके किसान जनता पार्टी के संयोजक दासो मुर्मू ने कहा कि गिरिडीह जिला के जन प्रतिनिधियों में अगर आम जनता के प्रति थोड़ा सा भी हमदर्दी है तो उपायुक्त श्री राम निवास यादव द्वारा लगाए जा रहे जनता दरबार का लाइव प्रसारण कराने का मांग सरकार से करें। अगर लाइव प्रसारण होने लगेगा तो पता चलेगा कि जनता का जो काम पंचायत स्तर और प्रखंड स्तर पर ही हो जाना चाहिए था उसके लिए उपायुक्त गिरिडीह जिला के आम जनता को किस तरह से बार-बार जिला मुख्यालय आने को मजबूर कर रहे हैं।

# डीवीसी चंद्रपुरा के परियोजना प्रधान ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर किया झंडोतोलन

**●कहा- देश और समाज के उत्थान में निरंतर सेवा दे रहा है डीवीसी**

**● चंद्रपुरा में 1600 मेगावाट का प्लांट स्थापना के लिए स्थानीय लोग करें सहयोग**

**चंद्रपुरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दामोदर घाटी निगम चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान विजया नन्द शर्मा ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर यहां के फुटबॉल मैदान में मुख्य आयोजित समारोह में राष्ट्रीय ध्वज रोहन कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी और परेड का निरीक्षण किया. इस अवसर पर आयोजित समारोह के संबोधन में श्री शर्मा ने कहा कि देश और समाज के उत्थान में डीवीसी निरंतर सेवा दे रहा है. बिजली उत्पादन और समाज कल्याण के कार्य में डीवीसी का समाज के प्रति अहम योगदान रहा है. उन्होंने कहा कि डीवीसी सामाजिक कार्यो में निरंतर तत्पर है. श्री शर्मा ने कहा कि बिजली के बिना लोगों का जीवन अधूरा है. झारखंड के चंद्रपुरा में अवस्थित स्विच यार्ड देश के पूर्वी क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण और प्रभावी है. नैगम सामाजिक दायित्व के तहत इस क्षेत्र का काफी विकास किया गया है. उन्होंने कहा की चंद्रपुरा का भविष्य आने वाले दिनों में काफी उज्जवल होगा. यहां 1600 मेगावाट का सुपर क्रिटिकल पावर प्लांट स्थापित होने के लिए प्रबंधन काफी प्रयास कर रहा है. यहां के स्थानीय लोगों से भी प्लांट स्थापना के लिए सहयोग अपेक्षित है. उन्होंने कहा कि दामोदर नदी को सुरक्षित, संरक्षित करना और अविरल प्रवाहित का ध्यान रखना डीवीसी का दायित्व है. इसी के तहत दामोदर नदी किनारे बने छाई डैम के बांध को मजबूतीकरण का कार्य किया जा रहा है. समारोह में चंद्रपुरा की प्रथम महिला नागरिक आराधना शर्मा, वरिष्ठ महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री डी सी पांडेय , वरिष्ठ महाप्रबंधक अविजीत घोष, विनोद कुमार राय, दिलीप कुमार, आर आर ओझा, दीपक कुमार, डॉक्टर पीके घोष, हरि मुकुंद प्रजापति, मोहम्मद इम्तियाज, राजकुमार चौधरी, परविंद कुमार,उप समादेष्टा मोहम्मद मेहरून इस्लाम लश्कर, अक्षय कुमार, उमेश कुमार शर्मा ,राकेश श्रीवास्तव, मोहम्मद साकिब रजा, लक्ष्मण प्रसाद, विनोद कुमार, रामकुमार दुबे, जयंतो सरकार, सत्येंद्र कुमार सिंह, सरयू रविदास, राम जी रजक, अमूल्य सिंह सरदार आदि उपस्थित थे . मुख्य समारोह के पूर्व यहां के वेलफेयर सेंटर में राजकुमार चौधरी, अतिथि गृह में उपेंद्र मंडल, अंबेडकर भवन में डॉक्टर डीसी पांडेय, सृजन पार्क में अविजीत घोष, नौलखा भवन में दिलीप कुमार और एसटीएम अस्पताल में डॉक्टर पीके घोष ने विभिन्न जगहों पर झंडोतोलन किया.

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मना

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9डी ,बोकारो में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। झंडोत्तोलन के पूर्व विद्यालय के अध्यक्ष अभय रंजन श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष निरंजन सिंह,, कृष्णा राय, सह सचिव गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह एवं प्राचार्य राजेंद्र कामत ने भारत माता पूजन एवं आरती किया।। विद्यालय के सह सचिव गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह ने झंडोत्तोलन किया। गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह ने उपस्थित भैया बहनों एवं अभिभावक वृंद को संबोधित करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी एवं भविष्य में विद्यालय की क्या योजना है इस पर भी प्रकाश डाला । विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कामत ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आज हर तरफ लोग अपने अधिकार की बात करते हैं सभी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान की दुहाई देकर अपने अधिकारों के विषय में बोलते हैं। परंतु बाबा साहब ने संविधान में हमारे लिए कुछ कर्तव्य



भी निर्धारित किए हैं।उन मौलिक कर्तव्यों पर ध्यान देते हुए हमारा देश किस प्रकार से उत्तरोत्तर विकास करे, इस पर भी विचार करने की आवश्यकता है। छोटी-छोटी बातें ही आगे चलकर बड़ी होती हैं । अतः बालको से लेकर अभिभावकों तक सभी को प्रयास करना होगा कि हमारा परिवार , समाज और देश किस प्रकार से एकजुट रहे इस पर ध्यान देना भी हमारा कर्तव्य है।साथ ही पर्यावरण की दृष्टि से भी हम सभी को ध्यान देना होगा क्योंकि शुद्ध वायु ही स्वस्थ शरीर का निर्माण कर सकता है । उन्होंने स्वतंत्रता दिवस पर लोगों को बताया कि जितनी कठिनाइयों के बाद यह स्वतंत्रता हमें प्राप्त हुई है , उतनी ही परिश्रम के साथ इससे अक्षुण्ण रखना भी हमारा कर्तव्य है । विद्यालय के भैया - बहनों के द्वारा घोष प्रदर्शन, योग ,डबल योग एवं अन्य मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए ।

ऑपरेशन सिंदूर पर नाटक ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया।जिससे उपस्थित सभी लोग मंत्रमुग्ध नजर आए। उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय द्वारा बालकों के अंदर इस प्रकार की प्रतिभा तराशने के लिए विद्यालय परिवार की प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के संरक्षक रामनाथ बैठा , प्रभा नायर,अभिभावक प्रतिनिधि विनोद प्रजापति, राम नारायण सिंह,अभिभावक गण , भैया - बहन आचार्य बंधु भगनी एवं कर्मचारी बंधु भगनी उपस्थित रहे। वंदेमातरम् के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# भारत ने अमेरिका पर लगाया टैक्स तो पीछे हट जाएंगे ट्रंप!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पहले योजना आयोग के प्रमुख मोंटेक एस. अहलूवालिया ने भारत को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि भारत को डोनाल्ड ट्रंप की चाल में नहीं फंसना चाहिए। ट्रंप ने भारत पर जो ऊंचे टैक्स लगाए हैं, भारत को भी बदले में वैसे ही टैक्स नहीं लगाने चाहिए। अहलूवालिया का कहना है कि सिर्फ इसलिए कि अमेरिका दादागिरी कर रहा है, हमें भी वैसा नहीं करना चाहिए। पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार कौशिक बसु और अन्य लोगों ने भी संरक्षणवाद की ओर बढ़ने के खिलाफ चेतावनी दी है। उन्होंने सुझाव दिया है कि ट्रंप के साथ टकराव करने के बजाय समझौता और तालमेल बिठाना चाहिए।

कुछ लोग खुले बाजार और कम टैक्स के पक्ष में हैं। लेकिन इस लेख में बदले की कार्रवाई का समर्थन किया गया है। यह एक उपयोगी तरीका हो सकता है



जिससे बाजार खुले रहें। इसका मतलब यह नहीं है कि यह नीति के तौर पर संरक्षणवाद है। हमें बदले की कार्रवाई (किसी गलत देश पर ऊंचे टैक्स) को संरक्षणवाद (सभी देशों पर ऊंचे टैक्स) के साथ नहीं मिलाना चाहिए।

**क्या किया चीन ने?-** अप्रैल में चीन ने ट्रंप के 145 प्रतिशत टैक्स लगाने के जवाब में अमेरिकी सामानों पर 125 प्रतिशत टैक्स लगाया। लेकिन चीन ने यह टैक्स किसी अन्य देश पर नहीं लगाया। यह संरक्षणवाद नहीं था। चीन ऊंचे टैक्स को आपसी सहमति से हटाने में सफल रहा। इसके बाद व्यापार पर बातचीत हुई। इसकी समय सीमा को दो बार बढ़ाया गया। इससे एक उचित और कम टैक्स वाला समझौता होने की उम्मीद है। भारत को भी चीन के रास्ते पर चलना चाहिए।

### ट्रंप ने तोड़े नियम

ट्रंप ने WTO के नियमों को तोड़ दिया है। वह मनमाने ढंग से जिस पर चाहे टैक्स लगा रहे हैं। भारत चाहता है कि अमेरिका विश्व व्यापार संगठन के नियमों का पालन करे। लेकिन याद रखें, नियमों में यह साफ तौर पर लिखा है कि अगर किसी देश पर मनमाने ढंग से टैक्स लगाया जाता है, तो वह भी बदले में कार्रवाई कर सकता है। इसमें ऊंचे टैक्स लगाना भी शामिल है। इसलिए, ट्रंप के खिलाफ बदले की कार्रवाई करना विश्व व्यापार संगठन के उन्हीं नियमों का इस्तेमाल करना है जिनका पालन भारत उनसे करवाना चाहता है।

### भारत मुकाबले के लिए कितना मजबूत?

कई जानकार कहते हैं कि चीन ट्रंप का मुकाबला करने के लिए काफी मजबूत है, लेकिन भारत नहीं। भारत की साल 2019 की प्रतिक्रिया दिखाती है कि यह सच नहीं है। भारत निश्चित रूप से चीन से कमजोर है, लेकिन उसे लाओस की तरह हार नहीं माननी चाहिए। लाओस ने सभी अमेरिकी सामानों पर टैक्स को घटाकर शून्य कर दिया था, लेकिन फिर भी उस पर 40% अमेरिकी टैक्स लगाया गया।

### भारत के पास और भी कई तरीके

बदले की कार्रवाई का मतलब सिर्फ टैक्स लगाना ही नहीं है। भारत यह भी कह सकता है कि अगर अमेरिका ऊंचे टैक्स लगाना जारी रखता है, तो इससे अमेरिकी युद्धक विमान खरीदने की हमारी योजना पर असर पड़ेगा। भारत के पास खेलने के लिए और भी कई तरीके हैं। समझदारी से इस्तेमाल किया जाए तो बदले की कार्रवाई एक तरीका है, रणनीति नहीं. इसे इस्तेमाल किए बिना भी धमकी दी जा सकती है। इसे बहुत विनम्रता से कहा जा सकता है, हमें बहुत दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि अगर अमेरिका ऊंचे टैक्स लगाना जारी रखता है, तो हमें भी बदले में कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। हम अपने व्यापार विवाद का जल्द समाधान चाहते हैं। इसे खुले तौर पर कहने की भी जरूरत नहीं है। यह सिर्फ एक बातचीत का तरीका हो सकता है।

### पीछे हटने में माहिर हैं ट्रंप

कई जानकार ट्रंप की बातचीत करने के तरीके को टीएसीओ कहते हैं। इसका मतलब है कि ट्रंप हमेशा पीछे हट जाते हैं। भारत को सख्त रहना चाहिए और ट्रंप को पीछे हटने का मौका देना चाहिए। किसी को यह नहीं सोचना चाहिए कि कोई अच्छा समझौता नहीं हो सकता है। रूस से तेल खरीदने पर ट्रंप ने भारत पर जो 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैक्स लगाया है, वह एक आश्चर्य की बात है। क्योंकि दोनों देश एक अंतरिम समझौते के बहुत करीब थे। कई लोग सोच रहे हैं कि क्या ट्रंप ने किसी वजह से भारत पर अपनी विदेश नीति पूरी तरह से बदल दी है। कुछ जानकार सोचते हैं कि वह भारत से दूर पाकिस्तान की ओर चले गए हैं। पाकिस्तान ने उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकित करके उनकी चापलूसी की है।

### भारत नहीं, रूस पर हमला!

हालांकि, यह इतना बड़ा बदलाव करने का कोई अच्छा कारण नहीं है। अपनी हालिया अपमानजनक टिप्पणियों के बावजूद, ट्रंप ने अक्सर कहा है कि भारत एक दोस्त है। ट्रंप के 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैक्स लगाने का सबसे संभावित कारण यह है कि यह भारत पर हमला नहीं है, बल्कि रूस पर एक अप्रत्यक्ष हमला है। वह पुतिन पर यूक्रेन के साथ शांति समझौता करने का दबाव डालना चाहते हैं। ऐसा न करने पर उन्होंने रूस को नए उपायों से धमकाया है। इसमें भारत को रूसी तेल खरीदने से रोकना भी शामिल है। दोनों नेताओं की अलास्का में हुई बैठक शांति समझौता कराने में विफल रही है।

### भारत को बताया था टैरिफ किंग

लोग भूल जाते हैं कि ट्रंप के पहले कार्यकाल (2016-20) में उन्होंने भारत को टैरिफ किंग कहा था। उन्होंने भारत से आने वाले स्टील और एल्यूमीनियम पर 25% टैक्स लगाया था। यह टैक्स अन्य सभी व्यापारिक साझेदारों पर भी लगाया गया था। भारत ने साल 2019 में 28 अमेरिकी उत्पादों पर टैक्स लगाकर जवाब दिया था। इसमें अमेरिकी सेब और बादाम शामिल थे। बाइडेन के कार्यकाल में दोनों तरफ से टैक्स हटा दिए गए थे। इसलिए, भारत इस बार बदले की कार्रवाई करके कोई नई या बड़ी बात नहीं करेगा।

### ...तो बदले की कार्रवाई जरूरी

भारत को घबराने या जल्दबाजी करने की जरूरत नहीं है। व्यापार पर बातचीत अभी भी जारी है। रूसी तेल खरीदने पर 25% अतिरिक्त टैक्स 27 अगस्त से लागू होने वाला है। हम इस समय सीमा को बढ़ाने के लिए बातचीत कर सकते हैं। यह काफी संभव होना चाहिए, क्योंकि उनका टीएसीओ व्यवहार है। भारत को नरम लेकिन दृढ़ रहना चाहिए। हमें उन्हें विनम्रता से याद दिलाना चाहिए कि अगर अमेरिका ऊंचे टैक्स लगाना जारी रखता है, तो हमें भी बदले में कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। हम लाओस नहीं हैं।

## वॉरेन बफे ने थके हुए शेयर में किया निवेश, पोर्टफोलियो में बड़े बदलाव से बाजार हुआ चौकन्ना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कई महीनों से कैश जमा कर रहे दुनिया के दिग्गज निवेशक वॉरेन बफे ने दूसरी तिमाही में अपने पोर्टफोलियो में बड़ा बदलाव किया है। बफे की कंपनी बर्कशायर हैथवे ने यूनाइटेडहेल्थ ग्रुप में 1.6 अरब डॉलर का निवेश किया है। हैथवे ने इस इंश्योरेंस कंपनी के 50 लाख शेयर खरीदे हैं। इस खबर के आने के बाद यूनाइटेडहेल्थ का शेयर करीब 12 फीसदी



उछल गया। हालांकि बफे के इस फैसले से बाजार ने हैरानी जताई है। इसकी वजह यह है कि कभी दुनिया की टॉप कंपनियों में शामिल रही यूनाइटेडहेल्थ का शेयर पिछले एक साल में ऑल टाइम हाई से 60 प्रतिशत गिर चुका है। पिछले कुछ समय से यूनाइटेडहेल्थ की इमेज कुछ समय से खराब चल रही है। जस्टिस डिपार्टमेंट कंपनी के खिलाफ मेडिकेयर बिलिंग की जांच कर रहा है। इसके अलावा कंपनी के सीईओ ने इस्तीफा दे दिया था और मुनाफे को लेकर भी कई चेतावनियां जारी की गई थीं। इन सबके बावजूद बफे ने इस कंपनी पर बड़ा दांव लगाया है। यूनाइटेडहेल्थ अब बफे को पोर्टफोलियो में शामिल 18वां बड़ा शेयर है। शुक्रवार को यूनाइटेडहेल्थ का शेयर 11.98 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ।

## सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया- 5 महीने में 78 प्रतिशत चढ़ा भाव




**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीते कुछ महीने के दौरान एक डिफेंस कंपनी ने शानदार रिटर्न दिया है। वह कंपनी सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड ( है। बीते 5 महीने के दौरान इस कंपनी के शेयरों का भाव 52 वीक लो लेवल से 78 प्रतिशत चढ़ गया है। 28 फरवरी को कंपनी के शेयरों का भाव 8479.30 रुपये के लेवल पर था। गुरुवार को कंपनी के शेयरों का भाव 15,104 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। इससे पहले 30 जून 2025 को सोलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड 17805 रुपये के रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गया था। क्या अब इस डिफेंस कंपनी पर दांव लगाना सही रहेगा?

**टेक्निकल पक्ष कितना मजबूत-** बिजनेस टुडे की रिपोर्ट के अनुसार सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया के शेयरों का रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स 51.1 है। जोकि दर्शाता है कि यह शेयर तो अधिक खरीदारी और ना ही अधिक बिकवाली का शिकार हुआ है। सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया के शेयर 5डे, 10डे, 20डे, 50डे, 100डे, 150डे और 200डे के मूविंग एवरेज से अधिक पर ट्रेड कर रहा था। इस डिफेंस स्टॉक पर नजर रखने वाले अधिकतर एक्सपर्ट्स बुलिश हैं।

**बीता एक साल कैसा रहा?-** पिछले एक साल के दौरान इस कंपनी के शेयरों की कीमतों में 48 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिला है। सोलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड का 52 वीक हाई 17805 रुपये और 52 वीक लो लेवल 8479.30 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 1.36 लाख करोड़ रुपये का है। यह डिफेंस कंपनी लगातार निवेशकों को डिविडेंड देती आ रही है।

# चीन का नहीं देखना पड़ेगा मुंह, भारत के हाथ लगा बड़ा खजाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले कुछ समय से कई चीजों में चीन आगे बना हुआ है। हमें भी कई बार कुछ खास चीजों के लिए चीन का मुंह देखना पड़ता है। और चीन है कि कई बार उन चीजों के लिए आंख दिखा देता है। जैसा इस समय रेयर अर्थ मेटल्स को लेकर हो रहा है। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। अब हमें न तो चीन का मुंह देखना होगा और न ही उससे मिन्नतें करनी होंगी। भारत के हाथ भी रेयर अर्थ मेटल्स का खजाना लग गया है।




अरुणाचल प्रदेश की पहाड़ियों में दो नदियां बहती हैं। इनके नाम पापुम और पारे हैं। ये नदियां अभी तक ज्यादा जानी नहीं जाती हैं। लेकिन, जल्द ही ये पूरे देश में चर्चा का विषय बन सकती हैं। दरअसल, पापुम पारे जिले में रेयर अर्थ मेटल्स का भंडार मिला है। इस जिले का नाम इन्हीं नदियों के नाम पर रखा गया है। इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार जून में खान मंत्रालय ने एक पुस्तिका जारी की। इस पुस्तिका में बताया गया है कि इस क्षेत्र में नियोडिमियम की मात्रा बहुत ज्यादा है। नियोडिमियम एक जरूरी तत्व है। यह इलेक्ट्रिक वाहनों और आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स में काम आता है। रेयर अर्थ मेटल्स का इस्तेमाल मैग्नेट आदि बनाने में होता है।

### बदल जाएगी तस्वीर

अगर पापुम पारे में भंडार निकाला जाता है, तो इससे गुड़गांव, पुणे और चेन्नई जैसे शहरों में इलेक्ट्रिक व्हीकल और ऑटोमोबाइल उद्योग को बढ़ावा मिल सकता है। और यह तो बस शुरुआत है। असम के कार्बी आंगलोंग में भी आरईईसे भरपूर मिट्टी मिली है। मेघालय की सुंग घाटी में बॉक्साइट-ऋश्चश्च बेल्ट का पता चला है। कोयला और खान मंत्री किशन रेड्डी ने पिछले महीने संसद को बताया कि मध्य प्रदेश के सिंगरौली कोयला क्षेत्र में भी आशाजनक आरईईके भंडार मिले हैं।

### कई हिस्से में मौजूद हैं ये मेटल्स

इन खोजों से पता चलता है कि भारत में रणनीतिक धातुएं सिर्फ समुद्र के किनारे की रेत, लाल रेत या आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे राज्यों की जलोढ़ मिट्टी तक ही सीमित नहीं हैं। ये भारत के अंदरूनी हिस्सों में भी मौजूद हैं। ये जंगल, पहाड़ और कोयला क्षेत्रों में भी पाई जाती हैं।

### चीन पर काफी निर्भरता

रेयर अर्थ मेटल्स की सप्लाई पर चीन ने भारत पर रोक लगा रखी है। इससे इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनियों को काफी परेशानी हो रही है। इसके बाद भारत ने इन नए स्थानों की पहचान की है। दरअसल, भारत रेयर अर्थ मैग्नेट के लिए चीन पर बहुत ज्यादा निर्भर है। इसका करीब 85 से 90% आयात चीन से ही होता है। रेयर अर्थ मैग्नेट का निर्माण रेयर अर्थ मेटल्स से किया जाता है।

### कहां आ रही रुकावट?

भारत दुर्लभ पृथ्वी के भंडार के मामले में दुनिया में तीसरे स्थान पर है। पहले दो स्थान चीन और ब्राजील के हैं। लेकिन, जब उत्पादन और शोधन की बात आती है तो आंकड़े कुछ और ही कहानी बताते हैं। साल 2024 तक चीन दुनिया के लगभग 70% दुर्लभ पृथ्वी का खनन करता है। इसके साथ ही 90% शोधन क्षमता पर उसका नियंत्रण है। यह जानकारी अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के आंकड़ों से मिली है। भारत का उत्पादन हिस्सा 1% से भी कम है।

# अगले हफ्ते आईपीओ से पैसा कमाने का मौका! 8 इश्यू खुलेंगे, 7 की होगी लिस्टिंग




**नई दिल्ली, एजेंसी।** सावन का महीना बेशक खत्म हो गया हो, लेकिन शेयर मार्केट में आईपीओ की बारिश जारी है। अगले हफ्ते आईपीओ का बाजार फिर से गुलजार रहने वाला है। 8 नई कंपनियां आईपीओ लेकर आ रही हैं। साथ ही 7 कंपनियां शेयर बाजार में लिस्ट होंगी। ऐसे में अगले हफ्ते निवेशकों के पास आईपीओ से पैसे कमाने के कई मौके आने वाले हैं। जिन कंपनियों के नए आईपीओ आएंगे, उनमें 5 मेनबोर्ड से और 3 एसएमई सेगमेंट से हैं। एसएमई का मतलब है छोटी और मध्यम आकार की कंपनियां। मेनबोर्ड से ये 5 आईपीओ खुलेंगे-

**श्रीजी शिपिंग ग्लोबल -** यह आईपीओ 19 अगस्त को खुलेगा और 21 अगस्त को बंद होगा। कंपनी 410.71 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। इसके लिए 1.63 करोड़ नए शेयर जारी किए जाएंगे। इस आईपीओ में ओएफएस के तहत एक भी शेयर जारी नहीं होगा। इसका प्राइस बैंड प्रति शेयर 240 से 252 रुपये तय किया गया है। एक लॉट में 58 शेयर होंगे। शेयरों का अलॉटमेंट 22 अगस्त को होने की उम्मीद है।

**विक्रम सोलर लिमिटेड-** यह अगले हफ्ते का सबसे बड़ा आईपीओ होगा। कंपनी 2,09.37 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। 4.52 करोड़ नए शेयर और 1.75 करोड़ ओएफएस के तहत शेयर जारी किए जाएंगे। यह आईपीओ 19 अगस्त को खुलेगा और 21 अगस्त को बंद होगा। प्राइस बैंड 315 से 332 रुपये प्रति शेयर है। विक्रम सोलर के शेयर 26 अगस्त को शेयर बाजार में लिस्ट हो सकते हैं।

### जेम एरोमैटिक्स लिमिटेड

जेम एरोमेटिक्स का आईपीओ 19 अगस्त को खुलेगा और 21 अगस्त को बंद होगा। यह 451 करोड़ रुपये का आईपीओ है। इसमें 54 लाख नए शेयर जारी किए जाएंगे और 85 लाख शेयर ओएफएस के जरिए बेचे जाएंगे। प्राइस बैंड 309 रुपये से 325 रुपये प्रति शेयर है। एक लॉट में 46 शेयर होंगे। शेयरों का अलॉटमेंट 22 अगस्त को हो सकता है।

### पटेल रिटेल लिमिटेड

पटेल रिटेल के आईपीओ का इश्यू साइज 242.76 करोड़ रुपये है। यह शेयर भी 19 अगस्त को खुलेगा और 21 अगस्त को बंद हो जाएगा। इसमें 85 लाख नए शेयर और 10 लाख ओएफएस के तहत शेयर जारी किए जाएंगे। इसका प्राइस बैंड 237 रुपये से 255 रुपये के बीच रखा गया है। एक लॉट में 58 शेयर हैं। कंपनी के शेयर 26 अगस्त को शेयर बाजार में लिस्ट हो सकते हैं।

### मंगल इलेक्ट्रिकल इंडस्ट्रीज

मंगल इलेक्ट्रिकल का आईपीओ 20 अगस्त को खुलेगा और 22 अगस्त को बंद होगा। यह 400 करोड़ रुपये का आईपीओ है। इसमें 71 लाख नए शेयर जारी किए जाएंगे। ओएफएस के तहत कोई शेयर जारी नहीं होगा। कंपनी ने शेयरों की कीमत 533 से 561 रुपये प्रति शेयर तय की है। एक लॉट में 26 शेयर होंगे। यह आईपीओ 28 अगस्त को शेयर मार्केट में लिस्ट हो सकता है।

### एसएमई सेगमेंट में ये आईपीओ खुलेंगे

अगले हफ्ते एसएमई सेगमेंट से 3 आईपीओ शेयर मार्केट में दस्तक देंगे स्टूडियो एलएसडी का आईपीओ 18 अगस्त को खुलेगा और 20 अगस्त को बंद हो जाएगा। एलजीटी बिजनेस कनेक्शंस लिमिटेड के आईपीओ में 19 अगस्त से 21 अगस्त के बीच बोली लगा सकेंगे। वहींक्लासिक इलेक्ट्रोड्स (इंडिया) लिमिटेड का आईपीओ 22 अगस्त को खुलेगा। इसमें 26 अगस्त तक बोली लगाने का मौका मिलेगा।

### इन आईपीओ की होगी लिस्टिंग

अगले हफ्ते नए आईपीओ के अलावा 7 इश्यू की लिस्टिंग भी होगी। इनमें मेनबोर्ड और एसएमई सेगमेंट, दोनों के आईपीओ शामिल हैं।

# लेमन ट्री होटल्स लिमिटेड को मिला दिल्ली में 5 स्टार होटल बनाने का काम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हॉस्पिटैलिटी बिजनेस ऑपरेट करने वाली कंपनी लेमन ट्री होटल्स लिमिटेड की सब्सिडियरीफेलूर होटल्स लिमिटेड को एक बड़ा ऑर्डर मिला है। इस कंपनी को यह ऑर्डर दिल्ली डेलपमेंट अथॉरिटी से मिला है। कंपनी को नेहरू पैलेस में 5 स्टार होटल बनाना है। बता दें, एक्सचेंज को दी जानकारी में कंपनी ने कहा है कि इस होटल का निर्माण 2.256 एकड़ पर बनाना है।

**500 कमरों का होटल बनाने का मिला काम-** कंपनी को 5 स्टार होटल बनाने और ऑपरेट करने का काम मिला है। इस प्रॉपर्टी का नाम औरिका, नेहरू प्लेस होगा। कंपनी को 12 महीने के लिए यह ऑर्डर मिलेगा। इस होटल में कुल 500 कमरे होंगे। औरिका, नेहरू प्लेस में रुकने की प्रीमियम व्यवस्था होगी। सिग्नेचर डाइनिंग आदि की सुविधाएं भी मिलेगी। इस होटल के निर्माण पूरा होने के बाद यह दिल्ली के सबसे बड़े होटल में से एक हो जाएगा।

**शेयर बाजार में लेमन ट्री का प्रदर्शन कैसा?-** गुरुवार को लेमन ट्री होटल्स लिमिटेड के शेयर 1.32 प्रतिशत की गिरावट के बाद 145.25 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। बीते 6 महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 11.73 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। इस पीरियड में संसेक्स इंडेक्स में 6.13 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है। 1 साल में लेमन ट्री होटल्स लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में 25 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। बता दें, कंपनी का 52 वीक हाई 162.25 रुपये और 52 वीक लो लेवल 110.55 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 11507.38 करोड़ रुपये का है। 5 साल में लेमन ट्री होटल्स के शेयरों की कीमतों में 373 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। बता दें, जून 2025 तक की शेयरहोल्डिंग के अनुसार कंपनी में प्रमोटर की हिस्सेदारी 22.28 प्रतिशत और पब्लिक की हिस्सेदारी 77.67 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

# 21 साल की उम्र में पहुंचे थे अमेरिका, आज हैं गौतम अडानी से बड़े रईस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के टॉप रईसों की लिस्ट में अमेरिका के थॉमस पीटरफी 21वें नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 22.6 अरब डॉलर की तेजी आई है। वह कुल 75.8 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ भारत के गौतम अडानी से आगे निकल चुके हैं। अडानी ने इस साल 3.79 अरब डॉलर गंवाए हैं और वह 74.9 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 22वें नंबर पर हैं।

पीटरफी का जन्म सेकेंड वर्ल्ड वॉर के दौरान साल 1944 में पूर्वी यूरोपीय देश हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट हुआ था। साल 1965 में उन्होंने हंगरी छोड़ दिया जो उस समय सोवियत संघ के अधीन था। सोवियत संघ ने 1956 के विद्रोह के बाद हंगरी पर कब्जा कर लिया था। पीटरफी ने कम उम्र में ही समझ लिया था कि हंगरी में उनका कोई भविष्य नहीं है। वह 1965 में 21 साल की उम्र में अमेरिका चले गए। तब उनके पास कोई पैसा नहीं था और उन्हें अंग्रेजी बोलनी भी नहीं आती थी। इसके बावजूद उन्होंने स्टॉक्स, ऑप्शंस और फ्यूचर्स के लिए दुनिया की पहली ऑटोमेटेड



मार्केट मेकिंग फर्म बनाई और फिर फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

**ट्रंप से करीबी-** पीटरफी ने साल 1995 में अरन्यी एसोसिएट्स की शुरुआत की जो व्यक्तिगत निवेशकों के लिए इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग की सुविधा देती है। साल 2007 में उन्होंने इस कंपनी को पब्लिक कर दिया। 90 साल के हो चुके पीटरफी अब फ्लोरिडा के पाम बीच में रहते हैं। उनकी कंपनी का हेडक्वार्टर ग्रीनविच में है।

### अंग्रेजी में हाथ तंग

कुल साल पहले एक मैगजीन को दिए इंटरव्यू में पीटरफी ने कहा था कि अमेरिका आने के बाद उन्हें न्यूयॉर्क में एक इंजीनियरिंग फर्म में नौकरी मिली। उन्होंने कंप्यूटर प्रोग्रामिंग सीखने के लिए स्वेच्छा से काम किया। उन्हें लगा कि यह काम अंग्रेजी सीखने से आसान था। पीटरफी का वॉल स्ट्रीट से पहला परिचय अरन्यी एसोसिएट्स में एक कंप्यूटर कंसल्टेंट के रूप में हुआ। यह कंपनी स्टॉक और बॉन्ड वैल्यूएशन प्रोग्रामिंग पर काम करता थी।

साल 1977 में पीटरफी ने अपना खुद का काम शुरू करने का फैसला किया। उस साल उन्होंने ऑप्शंस ट्रेडिंग के लिए अमेरिकन स्टॉक एक्सचेंज में एक सीट खरीदी। एक साल के भीतर उन्होंने कॉन्ट्रैक्ट्स पर प्रॉफिटेबल बोली लगाने की संभावना को बेहतर बनाने के लिए ऑटोमेशन पर काम करना शुरू कर दिया। साल 1982 में उन्होंने टिम्बर हिल नामक एक मार्केट मेकिंग कंपनी बनाई जिसमें ट्रेड्स को ट्रैक और कैलकुलेट करने के लिए हैंड हेल्ड कंप्यूटर्स यूज किया गया। ये कंप्यूटर पीटरफी ने ही बनाए थे। इसके बाद उन्होंने दूसरे बाजारों में भी विस्तार किया।



# अमिताभ बच्चन ने अभिषेक की तारीफ की



अमिताभ बच्चन ने अपने बेटे अभिषेक बच्चन की तारीफ की है और उनके लिए एक लंबा नोट लिखा है। अमिताभ ने अभिषेक की इसलिए तारीफ की है क्योंकि उन्होंने इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में फिल्म आई वांट टू टॉक के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का खिताब जीता है। ऐसे में अमिताभ ने अपने ब्लॉग पर अभिषेक की तारीफ की

### अमिताभ ने की अभिषेक की तारीफ

अमिताभ बच्चन ने खुद को दुनिया का सबसे खुश पिता बताया। उन्होंने एक मैगजीन के कवर पेज पर अभिषेक बच्चन की तस्वीर भी शेयर की। अभिषेक की तस्वीर शेयर करते हुए अमिताभ ने लिखा मैं पूरे ब्रह्मांड में सबसे खुश पिता हूं। अभिषेक, आप परिवार का गौरव और सम्मान हैं।

### अभिषेक ने मेलबर्न में अवॉर्ड जीता

अमिताभ बच्चन ने आगे लिखा आप उस झंडे को फहराते हैं जिसे दादाजी ने स्थापित किया था, और इसे बहादुरी और कड़ी मेहनत के साथ आगे बढ़ाया है। इसमें समय लगा, लेकिन आपने हार नहीं मानी। आपने अपनी योग्यता के आधार पर दुनिया को दिखाया है। आपको मेलबर्न में पहला कलाकार घोषित किया गया है। एक पिता के लिए इससे बड़ा कोई उपहार नहीं हो सकता।

### अमिताभ ने अभिषेक का हौसला बढ़ाया

अमिताभ ने आगे कहा कुछ साल पहले मैं आपकी एक उत्कृष्ट फिल्म और आपके अभिनय को लेकर बेहद उत्साहित था। इस पर कुछ लोगों ने मेरा और मेरे दिखावे का मजाक उड़ाया था। लोग मुझ पर हंसे थे। उस तिरस्कार भरी हंसी को तालियों और प्रशंसा ने दबा दिया है। अमिताभ ने लिखा जीतना कई बंधनों और जंजीरों का अंतिम जवाब है..! जीत की कीमत बहुत अधिक है। अभिषेक, आपने यह साबित कर दिया है। शांत रहें और अपनी मर्जी के हिसाब से चलें।



# कृति सेनन ने खरीदा सपनों का आशियाना

## मुंबई के पॉश इलाके में लिया पेंटहाउस

**बॉलीवुड की खूबसूरत और टैलेंटेड अदाकारा कृति सेनन ने रियल एस्टेट की दुनिया में एक बड़ा निवेश किया है। उन्होंने मुंबई के सबसे पॉश इलाकों में शुमार पाली हिल, बांद्रा में एक सी-फेसिंग लग्जरी डुप्लेक्स पेंटहाउस खरीदा है जिसकी कीमत 78.20 करोड़ से भी ज्यादा बताई जा रही है। ये डील मुंबई की रिहायशी संपत्तियों में अब तक की सबसे महंगी डील्स में गिनी जा रही है।**

### पाली हिल में कृति ने खरीदा पेंटहाउस

कृति का नया आशियाना सुप्रीम प्राणा नाम की एक लग्जरी रेसिडेंशियल बिल्डिंग में स्थित है, जो पाली हिल के हाई-प्रोफाइल माहौल का हिस्सा है। ये डुप्लेक्स पेंटहाउस 7,302 वर्ग फुट में फैला हुआ है और इसकी दो मंजिलें 14वीं और 15वीं समुद्र के विहंगम सीन के साथ आती हैं। इस घर के साथ उन्हें छह कार पार्किंग स्लॉट्स भी मिले हैं। इस प्रॉपर्टी की कीमत प्रति वर्ग फुट लगभग 1.18 लाख बताई गई है, जो इसे उपनगरीय मुंबई में एक बेहद हाई-एंड निवेश बनाता है।

### स्टांप ड्यूटी और रजिस्ट्रेशन में मिली छूट

इस प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री 14 अगस्त 2025 को की गई और कृति ने इस पर 3.91 करोड़ की स्टांप ड्यूटी और 30,000 का रजिस्ट्रेशन शुल्क अदा किया। महिला खरीदार होने के नाते, उन्हें स्टांप ड्यूटी में छूट भी प्राप्त हुई। हालांकि कृति सेनन की ओर से इस डील को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन प्रॉपर्टी दस्तावेज इस खरीदारी की पुष्टि करते हैं।

### अलीबाग में भी है उनका एक खूबसूरत रिट्रीट

इससे पहले, जुलाई 2024 में कृति ने अलीबाग में भी एक प्रीमियम प्लॉट खरीदा था, जिसकी कीमत 2 करोड़ से अधिक थी। हरियाली से भरपूर इस 2000 वर्ग फुट के प्लॉट से समुद्र का नजारा देखने को मिलता है। ये प्लॉट 'द हाउस ऑफ अभिनंदन लोधा' प्रोजेक्ट का हिस्सा है, जहां अमिताभ बच्चन जैसे सितारे भी निवेश कर चुके हैं।

### वर्कफ्रंट पर कृति सेनन

हाल ही में कृति सेनन के फिल्म कॉकटेल 2 में काम करने की खबर सामने आई है। इसके अलावा अभिनेत्री की झोली में फिलहाल कई फिल्में हैं। वो धनुष के साथ फिल्म 'तेरे इश्क में' और रणवीर सिंह के साथ 'डॉन 3' जैसी बड़ी फिल्मों में भी काम कर रही हैं।



# इस खास शख्स के बिना अधूरी हैं टीना दत्ता

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों को लेकर फैसला सुनाया था, जिसके बाद से डॉग लवर्स की प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं। इसी कड़ी में टीवी अभिनेत्री टीना दत्ता ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो अपने पेट डॉग संग दिख रही हैं। साझा की गई तस्वीरों में एक्ट्रेस व्हाइट कलर की ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। इस तस्वीर में एक्ट्रेस हाथ जोड़े हुए दिख रही हैं और जमीन पर उनका डॉग लेटा हुआ है। तस्वीरों को शेयर करते हुए अभिनेत्री ने डॉग के लिए कैप्शन दिया है। उन्होंने लिखा, 'तुम हो तो सब कुछ अच्छा है, तुम हो तो मेरी दुनिया हसीन है, तुम हो तो मैं हूं, तुम हो तो सब अच्छा लगता है।' इसके आगे उन्होंने कहा, 'तुम मेरी पूरी दुनिया हो, तुम बिना शर्त प्यार सिखाते हो, तुम कितने सुंदर हो, मैं तुमसे बहुत प्यार करती हूं।' टीना दत्ता इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनके 4.6 मिलियन फॉलोअर्स हैं।



# हनुमान फेम तेजा सज्जा की फिल्म से जुड़े करण जौहर

सुपरहिट फिल्म हनुमान के बाद, तेजा सज्जा अगली फिल्म मिराई में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म को कार्तिक घट्टामनेनी ने निर्देशित किया है, जिसे पीपल मीडिया फैक्ट्री ने बनाया है। फिल्म का प्रचार जोरों पर है और दर्शकों में उत्साह बढ़ रहा है। ताजा जानकारी के अनुसार, अब मिराई के हिंदी में भी रिलीज किया जाएगा।

### कब रिलीज होगी फिल्म

मिराई के निर्माताओं ने पुष्टि की है तेजा सज्जा की इस फिल्म मिराई को 5 सितंबर, 2025 को कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। खास बात यह है कि करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शंस हिंदी बाजार में इस फिल्म को रिलीज करेगी, जिससे फिल्म को ज्यादा दर्शक और स्क्रीन्स मिलने की उम्मीद है।

### फिल्म मिराई के बारे में

फिल्म हनुमान ने तेजा सज्जा को पैन इंडिया स्टार बना दिया। उनकी फिल्म मिराई का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। यह एक एक्शन-एडवेंचर फिल्म है। कार्तिक घट्टमनेनी के निर्देशन में बनी इस तमिल फिल्म को टीजी विश्व प्रसाद और कृति प्रसाद प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म मिराई की रिलीज नजदीक आने के साथ अब उत्तर भारत में प्रचार तेज हो रहा है। इस फिल्म में मंचू मनोज खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे, जबकि जगपति बाबू, रितिका नायक और अन्य कलाकार भी अहम किरदार निभा रहे हैं। फिल्म का संगीत गौरा हरि ने दिया है।



# वर्सटाइल एक्टर बनकर बड़े पर्दे पर छा गए सैफ अली खान

32 साल के एक्टिंग करियर में सैफ अली खान की जर्नी काफी अलग किस्म की रही है। वह रोमांटिक हीरो बनकर इंडस्ट्री में आए, फिर सपोर्टिंग रोल्स में दर्शकों का दिल जीतने की कोशिश की। सैफ अली खान पिछले कुछ वर्षों में नेगेटिव या विलेन के रोल में धाक जमा चुके हैं। इस तरह देखा जाए तो अब के करियर में वह हर जॉनर की फिल्मों में अभिनय के रंग दिखा चुके हैं। सैफ अली खान खुद ही अभिनय की दुनिया में सक्रिय नहीं हैं, उनके परिवार के कई सदस्य फिल्मी दुनिया से नाता रखते हैं।

### सैफ अली खान के एक्टिंग करियर में वक्त के साथ आए बदलाव

रोमांटिक हीरो बनकर की शुरुआत- सैफ अली खान ने साल 1993 में फिल्म 'परंपरा' से बॉलीवुड में कदम रखा था। सैफ को बेस्ट मेल डेब्यू का फिल्मफेयर अवॉर्ड तक मिला। रोमांटिक हीरो के तौर पर वह 'आशिक आवारा' में भी दिखे।लेकिन इन किरदारों में वह दर्शकों पर गहरा असर नहीं छोड़ सके। आगे चलकर सपोर्टिंग रोल में दिखे- जब सैफ अली खान को रोमांटिक फिल्मों में सफलता नहीं मिली तो वह सेकेंड हीरो, सपोर्टिंग रोल करने लगे। अक्षय कुमार के साथ फिल्म 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी' में अभिनय करते नजर आए। इस फिल्म में बॉक्स ऑफि पर जमकर कमाई की और सैफ के करियर ग्राफ को भी नीचे जाने से बचा लिया। आगे भी वह 'कच्चे धागे', 'हम साथ साथ हैं', 'क्या कहना', 'दिल चाहता है' और 'कल हो ना हो' जैसी चर्चित फिल्मों में सपोर्टिंग एक्टर के रोल में ही नजर आए। इसी के साथ वह 'परिणीता' और 'हम तुम' जैसी रोमांटिक फिल्मों का भी हिस्सा बने। नेगेटिव रोल में छा गए सैफ अली खान- साल 2004 में सैफ अली खान ने 'एक हसीना थी' जैसी फिल्म की, इसमें एक ग्रे शेड रोल किया। फिर आया साल 2006, इस साल सैफ अली खान विशाल भारद्वाज निर्देशित फिल्म 'ओमकारा' में लगड़ा त्यागी के नेगेटिव रोल में दिखे। इस किरदार में सैफ अली खान को देखकर दर्शक, क्रिटिक्स सभी हैरान रह गए। फिर 'रेस' में भी उन्होंने ग्रे शेड रोल किया। फिल्म 'ताण्हा जी', 'देवरा' और 'आदिपुरुष' जैसी फिल्मों में भी वह विलेन के रोल में नजर आए। नेगेटिव किरदारों में ही सैफ अली खान ने दर्शकों को सबसे ज्यादा इंप्रेस किया है।

### नवाबों के खानदान से नाता, परिवार के सदस्य फिल्मी दुनिया का हिस्सा

दिल्ली में जन्मे और मुंबई में पले-बढ़े सैफ अली खान एक नवाब परिवार ने नाता रखते हैं। साथ ही बॉलीवुड से भी उनके परिवार का रिश्ता पहले से बना हुआ था। सैफ अली खान की मां शर्मिला टैगोर अपने समय की मशहूर एक्ट्रेस रहीं, वहीं पिता मंसूर अली खान पटौदी एक नवाब और फेमस क्रिकेटर थे। सैफ अली खान की पहली पत्नी अमृत सिंह भी एक्ट्रेस रही हैं। अमृता से सैफ अली खान को दो बच्चे हुए, सारा अली खान और इब्राहिम अली खान, दोनों ही इन दिनों फिल्मों में अभिनय कर रहे हैं। अमृता सिंह से तलाक के कई साल बाद सैफ अली खान ने एक्ट्रेस करीना कपूर से शादी की। करीना कपूर से भी सैफ के दो बेटे हैं, जो अभी काफी छोटे हैं। सैफ अली खान की दो बहनें हैं, सबा और सोहा अली खान। सोहा बॉलीवुड में एक्टिंग करती हैं, वहीं सबा अली खान एक ज्वेलरी डिजाइनर हैं। सोहा अली खान के पति कुणाल खेमू भी बॉलीवुड एक्टर हैं। इस तरह सैफ अली खान के परिवार के कई सदस्य फिल्मी दुनिया का हिस्सा हैं।



# रजनीकांत से लेकर श्रुति हासन तक, साउथ के इन कलाकारों ने बॉलीवुड में जमाई धाक

बॉलीवुड इंडस्ट्री में कभी हॉलीवुड तो कभी साउथ के कलाकारों ने काम किया है। साउथ के कई कलाकारों ने साउथ की फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी की तो उन्होंने बॉलीवुड में भी खूब नाम कमाया है। आज हम साउथ के उन कलाकारों के बारे में जानेंगे जिन्हें बॉलीवुड के दर्शकों ने खूब प्यार दिया।

### राजनीकांत

साउथ के जिस अभिनेता को बॉलीवुड में सबसे ज्यादा प्यार मिला वह रजनीकांत हैं। साउथ में उन्हें भगवान की तरह माना जाता है। हालांकि बॉलीवुड में भी उनका योगदान कुछ कम नहीं है। उन्होंने बॉलीवुड में गिरफ्तार, चालबाज, हम और बुलंदी जैसी फिल्में कीं। इसके लिए उनकी खूब सराहना हुई।



### कमल हासन

कमल हासन साउथ के दिग्गज कलाकार हैं। उन्होंने बॉलीवुड में सदमा, सागर और चाची 420 में अभिनय किया है। बॉलीवुड में उनके अभिनय को खूब सराहा गया है। बॉलीवुड में शोहरत के मामले में वह रजनीकांत से कम नहीं हैं। उन्होंने 4 नेशनल अवॉर्ड और 19 फिल्मफेयर अवॉर्ड जीते हैं।



### तमन्ना भाटिया

तमन्ना भाटिया साउथ की मशहूर अभिनेत्री हैं। उन्होंने बाहुबली से खूब नाम कमाया। बॉलीवुड में उनकी एंट्री बहुत खास नहीं रही। उन्होंने चांद सा रौशन चेहरा और हिम्मतवाला में अभिनय किया। बॉलीवुड में उनके आइटम गानों आज की रात और नशा को खूब पसंद किया गया।



### आर माधवन

आर माधवन ने न सिर्फ अलग-अलग भाषाओं की फिल्मों में काम किया बल्कि वह हर किरदार में आसानी से ढल गए। फिल्म रहना है तेरे दिल में से उन्हें बॉलीवुड में पहचान मिली। साला खड़ूस में उनके अभिनय की काफी तारीफ हुई। बॉलीवुड में उन्होंने रंग दे बसंती, 3 इडियट्स और तनु वेड्स मनु में अच्छा काम किया है।

### असिन

बॉलीवुड में आने से पहले ही असिन साउथ में काफी मशहूर हो चुकी थीं। उन्होंने तमिल और तेलुगु में कई कामयाब फिल्में कीं। उन्होंने बॉलीवुड में आमिर खान के साथ फिल्म गजनी में काम किया। इसके बाद उन्होंने सलमान खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन के साथ काम किया।

### सिद्धार्थ

सिद्धार्थ ने बॉलीवुड में ज्यादा फिल्में नहीं कीं हैं लेकिन फिल्म रंग दे बसंती में उन्होंने बेहतरीन किरदार निभाया है। बताया जाता है कि उन्हें बॉलीवुड से कई ऑफर मिले लेकिन उन्होंने कई ऑफर स्वीकार नहीं किए। अभिनेत्री अदिति राव हैदरी के साथ शादी को लेकर वह सुर्खियों में रहे।

### श्रुति हासन



पिता कमल हासन की तरह श्रुति हासन ने साउथ में खूब नाम कमाया है। बॉलीवुड में कई बेहतरीन फिल्मों से उन्होंने अपनी अदाकारी की छाप छोड़ी है। उन्होंने रमैया वस्तावैया में बेहतरीन अदाकारी की। इसके अलावा अक्षय कुमार के साथ गब्बर फिल्म की। बॉलीवुड के दर्शकों को उनकी अगली फिल्म का इंतजार है।

# जसप्रीत बुमराह एशिया कप में खेलेंगे या नहीं?

## सेलेक्टर्स से कह दी अपने मन की बात



नई दिल्ली, एजेंसी। एशिया कप 2025 की शुरुआत में अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है. इस बार एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट संयुक्त अरब अमीरात के दो शहरों दुबई और अबू धाबी में खेला जाएगा. टूर्नामेंट का पहला मुकाबला 9 सितंबर को होगा, जबकि खिताबी मुकाबला 28 सितंबर को निर्धारित है. एशिया कप से पहले भारतीय टीम को बड़ा बूस्ट मिला है. स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने खुद को इस टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध बताया है. इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक बुमराह ने अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति को सूचित किया है कि वो पूरी तरह से फिट हैं और टी20 फॉर्मेट में होने जा रहे इस टूर्नामेंट में खेलने के लिए उत्सुक हैं. एशिया कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा 19 अगस्त को हो सकती है, इसके लिए मुंबई में चयनकर्ताओं की बैठक होगी. एक सूत्र ने इस अंग्रेजी अखबार से कहा, जसप्रीत बुमराह ने चयनकर्ताओं को सूचित किया है कि वो एशिया कप में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे. चयन समिति अगले हफ्ते बैठक करके इस पर चर्चा करेगी.

## तीनों फॉर्मेट में होगा एक कप्तान!

# गौतम गंभीर ने तैयार कर लिया भविष्य का रोडमैप; यहां समझें क्या है प्लान




नई दिल्ली, एजेंसी। गौतम गंभीर अच्छे हेड कोच साबित हुए हैं या नहीं? व्हाइट बॉल मैचों की बात करें तो हां, गंभीर की रणनीतियां टीम इंडिया के पक्ष में रही हैं. वहीं टेस्ट फॉर्मेट में उनके अंडर भारतीय टीम का प्रदर्शन मिला जुला रहा है. इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज ड्रॉ करवाने के बाद गौतम गंभीर का चेहरा आत्मविश्वास से भरा हुआ नजर आया था. बताते चलें कि गंभीर 2027 ओडीआई वर्ल्ड कप तक भारतीय कोच बने रहेंगे और बतौर कोच पहले ही साल में उन्होंने कुछ कड़े फैसले लिए हैं. अगले 2 साल में आने वाले बड़े टूर्नामेंट्स की बात करें तो सबसे पहले एशिया कप 2025 की चुनौती होगी. उसके बाद फोकस 2026 टी20 वर्ल्ड कप पर शिफ्ट हो जाएगा, लेकिन इसी दौरान टीम इंडिया को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025–27 की पॉइंट्स टेबल में अच्छी स्थिति बरकरार रखनी होगी. उसके बाद 2027 ओडीआई वर्ल्ड कप के लिए भी गंभीर को सख्त फैसले लेंगे होंगे, खासतौर पर अभी तक विराट कोहली और रोहित शर्मा पर कुछ साफ नहीं है. यहां जानिए बतौर कोच गौतम गंभीर भारतीय टीम के भविष्य के लिए कैसा रोडमैप तैयार कर रहे हैं?

### तीनों फॉर्मेट में हो एक कप्तान

इसी साल गौतम गंभीर ने कहा था कि वो तीनों फॉर्मेट में एक कप्तान के साथ काम करना चाहते हैं, क्योंकि एक ही कप्तान के साथ काम करना आसान हो जाता है. साथ ही उन्होंने इसकी जटिलता को भी उजागर किया. गंभीर का कहना था कि टीम इंडिया साल में काफी ज्यादा क्रिकेट खेलती है, ऐसे में ऐसा कप्तान ढूंढ निकालना बहुत मुश्किल होगा, जो तीनों फॉर्मेट खेलता हो. इन दिनों चर्चा है कि भारतीय टीम को तीनों फॉर्मेट में एक ही कप्तान दिया जा सकता है. इसके लिए शुभमन गिल का नाम सामने आया है, जिन्होंने बतौर कप्तान इंग्लैंड में जाकर अपनी पहली टेस्ट ड्रॉ करवाई है. अनुभव के साथ गिल बतौर टेस्ट कप्तान और भी अधिक परिपक्व होते जाएंगे।

# चोट से वापसी के बाद चमके लियोनल मेसी




## इंटर मियामी की जीत में दिया योगदान; दागा एक गोल

**फोर्ट लॉडरडेल, एजेंसी।** मेसी चोटिल होने के कारण पिछले दो मैच में नहीं खेल पाए थे। लेकिन उन्होंने इस मैच से वापसी की। मेसी को दो अगस्त को नेकाक्सा के खिलाफ लीग कप मैच में हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी। अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी ने चोट से वापसी पर चमक बिखेरी और इंटर मियामी की जीत में योगदान दिया। दर्शकों के भारी समर्थन के बीच मेसी ने भी अपने प्रदर्शन से फैंस को निराश नहीं किया। स्टेडियम में लगातार मेसी... मेसी के नारे गूंजते रहे। मेसी ने मैच में एक गोल किया, जबकि एक गोल करने में मदद की जिससे इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) फुटबॉल टूर्नामेंट में एलए गैलेक्सी पर 3-1 से जीत दर्ज की।

### चोट के कारण दो मैच नहीं खेल सके थे मेसी

मेसी चोटिल होने के कारण पिछले दो मैच में नहीं खेल पाए थे। लेकिन उन्होंने इस मैच से वापसी की। मेसी को दो अगस्त को नेकाक्सा के खिलाफ लीग कप मैच में हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी। इंटर मियामी उनके बिना लीग कप क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया, लेकिन एमएलएस मुकाबले में उसे अपने राज्य के प्रतिद्वंद्वी ऑरलैंडो सिटी से 4–1 से हार का सामना करना पड़ा।

### एशिया कपः

# टी20 फॉर्मेट में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने वाला बल्लेबाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप-2025 की शुरुआत 9 सितंबर से होने जा रही है। इस बार यह टूर्नामेंट टी20 फॉर्मेट में खेला जाना है। यूं तो टी20 फॉर्मेट चौके और छक्कों की बरसात के लिए जाना जाता है, लेकिन हम उस खिलाड़ी के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसके नाम एशिया कप (टी20 फॉर्मेट) में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने का अनचाहा रिकॉर्ड है। यह खिलाड़ी बांग्लादेश के मशरफे मुर्तजा हैं, जो तीन बार शून्य पर अपना विकेट गंवा चुके। दिलचस्प बात यह है कि मुर्तजा तीनों बार एक ही संस्करण में बगैर खाता खोले पवेलियन लौटे हैं।




मशरफे मुर्तजा ने एशिया कप-2016 में पांच मुकाबले खेले थे, जिसमें 22.80 की औसत के साथ कुल पांच विकेट अपने नाम किए। भले ही गेंदबाजी में इस खिलाड़ी का प्रदर्शन संतोषजनक रहा, लेकिन बल्लेबाजी में यह क्रिकेटर कुछ खास नहीं कर सका। मशरफे मुर्तजा पांचों पारियों में बल्लेबाजी के लिए उतरे और 3.50 की औसत के साथ महज 14 रन ही बना सके। इस दौरान उनके बल्ले से सिर्फ दो ही चौके देखने को मिले। टी20 फॉर्मेट के एशिया कप में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने के मामले में चरिथ असलंका, आसिफ अली, किंचित शाह, कुसल मेंडिस, हार्दिक पांड्या और दासुन शनाका संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर मौजूद हैं। यह खिलाड़ी दो-दो बार बगैर खाता खोले पवेलियन लौटे हैं।

एशिया कप 2025 में भारतीय टीम 10 सितंबर से अपने अभियान की शुरुआत करेगी। टीम इंडिया का पहला मैच यूएई से होगा, जिसके बाद 14 सितंबर को भारत-पाकिस्तान के बीच हाईवोल्टेज मैच खेला जाना है। टीम इंडिया ग्रुप चरण का अपना तीसरा मैच 19 सितंबर को ओमान के खिलाफ खेलेगी। ग्रुप-ए में भारत के अलावा पाकिस्तान, ओमान और यूएई की टीमें हैं, जबकि ग्रुप-बी में बांग्लादेश, श्रीलंका, हांगकांग-चाइना और अफगानिस्तान की टीमें शामिल हैं।

# नया कोच आते ही सुनील छेत्री पर गिरी गाज

## नेशंस कप के लिए भारत के 35 संभावित खिलाड़ियों में नाम नहीं



नई दिल्ली, एजेंसी। काफा नेशंस कप के लिए भारतीय टीम में सुनील तो हैं, लेकिन वह छेत्री नहीं हैं। भारतीय फुटबॉल टीम का मुख्य कोच बनने के बाद पहली टीम का चयन करते हुए खालिद जमील ने कुछ नए चेहरों पर दांव लगाया है। इनमें सेना के डिफेंडर सुनील बेंचमिन भी शामिल हैं, जिन्होंने डूरंड कप के दौरान ध्यान खींचा। खालिद जमील की टीम से बड़ा नाम गायब है। यह बड़ा नाम सुनील छेत्री हैं, जो 2024 में संन्यास ले चुके थे। इस साल संन्यास से वापस लौटे। वह अब 29 अगस्त से ताजिकिस्तान के हिसोर में होने वाले मध्य एशियाई टूर्नामेंट के लिए भारत 35 खिलाड़ियों की संभावित सूची में भी शामिल नहीं हैं।

### छेत्री को बाहर रखने का कारण नहीं आया सामने

इस बात का कोई स्पष्टीकरण नहीं आया है कि छेत्री को टीम में क्यों नहीं शामिल किया गया है। न तो खिलाड़ी की ओर से और न ही महासंघ की ओर से कुछ कहा गया है। महासंघ ने कहा कि 'चयन संबंधी सवाल मुख्य कोच से पूछे जाने चाहिए।' जमील ने भी कोई बयान नहीं दिया।

### छेत्री के क्लब ने सैलरी रोकी

छेत्री को ऐसे समय पर नजरअंदाज किया गया है जब उनके क्लब बेंगलुरु एफसी ने हाल ही में इंडियन सुपर लीग को लेकर अनिश्चितता के कारण पहली टीम और कर्मचारियों के वेतन रोक दिए हैं। फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (लीग का संचालन करने वाली संस्था) और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के बीच समझौते के विस्तार को लेकर गतिरोध और सुप्रीम कोर्ट में लंबित एक मामले के कारण आईएसएल का भविष्य अधर में है।

### बेंगलुरु के इन खिलाड़ियों को मिला मौका

जमील की टीम में बेंगलुरु के अन्य खिलाड़ी हैं, जिनमें गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू, डिफेंडर चिंगलेनसाना सिंह, राहुल भेके, रोशन सिंह नाओरेम और मिडफील्डर सुरेश सिंह शामिल हैं। पूर्व कोच मनोलो मार्केज द्वारा संन्यास से वापसी के लिए मजबूर किए जाने के बाद छेत्री के टीम में न चुने जाने से उनके भविष्य पर सवाल खड़े होते हैं।

### छेत्री मार्च में संन्यास से लौटे

41 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल जून में कुवैत के खिलाफ मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल संन्यास ले लिया था। हालांकि, मार्केज के अशांत कार्यकाल में भारत के गोल करने और मैच जीतने में संघर्ष करने के बाद छेत्री मार्च में मालदीव के खिलाफ मैच में संन्यास से लौटे।

# झारखंड की बेटियों ने चमकाया नाम

## भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम में सात खिलाड़ियों का चयन



रांची, एजेंसी। भारतीय टीम के कोच अनवारूल हक ने कहा कि खिलाड़ियों का चयन उनकी मेहनत, लगन और अनुशासन का परिणाम है। हमें विश्वास है कि ये बेटियां भूटान में शानदार प्रदर्शन कर देश और झारखंड का नाम रोशन करेंगी। भारतीय अंडर–17 महिला फुटबॉल टीम में झारखंड की सात प्रतिभाशाली बेटियों का चयन हुआ है। यह टीम 20 से 31 अगस्त तक भूटान में आयोजित होने वाली विश्व फुटबॉल चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

### गुमला की पांच, रांची और हजारीबाग की एक–एक खिलाड़ी का चयन

चयनित खिलाड़ियों में गुमला जिले से सूरज मुनि, एलिजाबेथ लाकड़ा, अनीता, विनीता और शिवानी शामिल हैं। इसके अलावा रांची (ओरमांझी) की दिव्यानी लिंडा और हजारीबाग की अनुष्का कुमारी को भी भारतीय टीम में जगह मिली है। इन सातों खिलाड़ियों के चयन से उनके परिवारों और जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है।

### 'मेहनत और अनुशासन का नतीजा है चयन'

भारतीय टीम के कोच अनवारूल हक ने कहा कि झारखंड की ये सातों खिलाड़ी बेहद मेहनती और अनुशासित हैं। उनके अनुसार, खिलाड़ियों का चयन उनकी मेहनत, लगन और अनुशासन का परिणाम है। हमें विश्वास है कि ये बेटियां भूटान में शानदार प्रदर्शन कर देश और झारखंड का नाम रोशन करेंगी।

### झारखंड में जश्न का माहौल

खिलाड़ियों के चयन की खबर फैलते ही गुमला, रांची और हजारीबाग में खेल प्रेमियों में उत्साह देखा गया। स्थानीय लोग और खेल प्रेमी इन बेटियों से बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद जता रहे हैं। लोग मानते हैं कि झारखंड की ये खिलाड़ी न सिर्फ टीम का मनोबल बढ़ाएंगी, बल्कि अपने दमदार खेल से जीत में अहम भूमिका निभाएंगी।

### सिनसिनाटी ओपनः

# एक बार फिर आमने-सामने होंगे कार्लोस अल्कारेज और सिनर

## सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में भिड़ेंगे



सिनसिनाटी, एजेंसी। सिनसिनाटी ओपन का फाइनल सोमवार को खेला जाएगा। यह लगातार चौथा मौका होगा जब अल्कारेज और सिनर किसी टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में एक दूसरे का सामना करेंगे। सिनर ने हाल ही में विंबलडन के फाइनल में अल्कारेज को हराया था। स्पेन के कार्लोस अल्कारेज और दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर एक बार फिर आमने–सामने होंगे। अल्कारेज और सिनर ने अपने–अपने सेमीफाइनल मुकाबलों में जीत दर्ज की और अब ये दोनों शीर्ष खिलाड़ी सिनसिनाटी ओपन के खिताबी मुकाबले में एक दूसरे का सामना करेंगे। सिनर ने फ्रांस के टेरेंस एटमाने को 7–6, 6–2 से हराया। सिनर की हार्ड कोर्ट में यह लगातार 26वीं जीत है। दूसरी ओर, अल्कारेज में एलेक्सजेंडर ज्वेरेव को हराकर टूर स्तर के लगातार सातवें फाइनल में जगह बनाई। अल्कारेज ने ज्वेरेव को 6–4, 6–3 से हराया और खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया। सिनसिनाटी ओपन का फाइनल सोमवार को खेला जाएगा। यह लगातार चौथा मौका होगा जब अल्कारेज और सिनर किसी टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में एक दूसरे का सामना करेंगे। सिनर ने हाल ही में विंबलडन के फाइनल में अल्कारेज को हराया था।

# आईएसएल के 11 क्लबों ने एआईएफएफ को पत्र लिखकर दी चेतावनी, गतिरोध का हल नहीं निकलने पर जताई चिंता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे को लिखे एक पत्र में क्लबों ने कहा कि राष्ट्रीय महासंघ और आईएसएल के आयोजक एफएसडीएल के बीच मास्टर राइट्स एग्रीमेंट (एमआरए) का नवीनीकरण नहीं होने के कारण उत्पन्न हुए संकट ने भारत में पेशेवर फुटबॉल को पंगु बना दिया है।



इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के 11 क्लबों ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को चेतावनी दी है कि अगर इस शीर्ष-स्तरीय घरेलू प्रतियोगिता के भविष्य को लेकर चल रहे गतिरोध का जल्द ही हल नहीं किया गया तो क्लबों के पूरी तरह से बंद होने का वास्तविक संकट बना रहेगा। आईएसएल का गतिरोध खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है जिस कारण चिंता बनी हुई है। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे को लिखे एक पत्र में क्लबों ने कहा कि राष्ट्रीय महासंघ और आईएसएल के आयोजक एफएसडीएल के बीच मास्टर राइट्स एग्रीमेंट (एमआरए) का नवीनीकरण नहीं होने के कारण उत्पन्न हुए संकट ने भारत में पेशेवर फुटबॉल को पंगु बना दिया है। क्लबों ने पत्र में कहा, पिछले 11 वर्षों में निरंतर निवेश और लगातार प्रयास के माध्यम से क्लबों ने युवा विकास प्रणालियां, प्रशिक्षण अवसंरचना, सामुदायिक पहुंच कार्यक्रम और पेशेवर टीमें बनाई हैं। इन टीमों ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की फुटबॉल साख को बढ़ाया है। यह प्रगति अब पतन की ओर बढ़ने लगी है।

### अनिश्चितकाल के लिए रुका है आईएसएल का सत्र

एफएसडीएल ने एमआरए पर हस्ताक्षर नहीं होने का हवाला देते हुए 2025–26 सत्र को 11 जुलाई को अनिश्चितकाल के लिए रोकने की घोषणा की थी जिसके बाद मौजूदा स्थिति उत्पन्न हुई है। इसके बाद कम से कम तीन क्लबों ने अपनी मुख्य टीम के संचालन को रोक दिया है या खिलाड़ियों और कर्मचारियों के वेतन को निलंबित कर दिया है। क्लबों ने लिखा, यह केवल प्रशासनिक गतिरोध नहीं है, बल्कि भारतीय फुटबॉल के लिए एक अस्तित्व का संकट है। हम आपको सबसे गंभीर परिस्थितियों में लिख रहे हैं। लीग की अनिश्चितता के कारण पिछले एक दशक से प्रशंसकों, प्रायोजकों, निवेशकों और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल निकायों के साथ बड़ी मेहनत से बनाया गया विश्वास पर खतरा मंडरा रहा है।

# सूर्यकुमार यादव ने फिटनेस टेस्ट पास किया

## एशिया कप में भारत की कप्तानी करेंगे, 19 अगस्त को टीम सिलेक्शन में होंगे शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टी-20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। अब वे 9 सितंबर से शुरू हो रहे एशिया कप में भारतीय टी-20 टीम की कप्तानी करेंगे। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, 34 साल के सूर्यकुमार 19 अगस्त को मुंबई में चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर के साथ मिलकर 15 सदस्यों वाली भारतीय टीम का सिलेक्शन करेंगे।



- **स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी के बाद वापसी** –सूर्यकुमार यादव ने जून 2025 में जर्मनी के म्यूनिख में स्पोर्ट्स हर्निया (लोअर-राइट एब्डॉमेन) की सर्जरी करवाई थी। इसके बाद उन्होंने बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपना रिहैब प्रोग्राम पूरा किया और अब उन्हें पूरी तरह फिट घोषित कर दिया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 सीजन खत्म होने के बाद वे विशेषज्ञ से सलाह लेने के लिए यूनाइटेड किंगडम भी गए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्नी की हत्या कर थाना पहुंचा पति, सीलमपुर में 24 वर्षीय महिला के मर्डर से सनसनी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के सीलमपुर से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां के सीलमपुर की झुग्गी में रहने वाले एक व्यक्ति ने तड़के सुबह थाना पहुंचकर बताया कि उसने अपनी पत्नी की हत्या की है। इस पर पुलिस ने तुरंत एक्शन लिया और एक टीम को शख्स द्वारा बताई जगह भेजा। घटनास्थल से पुलिस को लगभग 24 वर्षीय एक महिला का शव फर्श पर पड़ा मिला। सीलमपुर थाना पुलिस को आज रविवार सुबह करीब पांच बजे एक शख्स ने आकर जानकारी दी कि उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है। हत्या की अभ वजह सामने नहीं आई है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस को 24 साल की एक महिला की लाश मिली, जिसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। अपराध और एफएसएल टीमों ने घटनास्थल की जाँच और सबूत जुटाना शुरू कर दिया है। इधर आरोपी के खिलाफ थाना सीलमपुर में धारा बीएनएस की धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के साथ ही पूछताछ और आगे की छानबीन जारी है।

### छह पत्रकारों को भारतीय और ओडिशा पत्रकारिता पुरस्कार मिलेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पल्लीबानी मिशन ने इस साल के भारतीय पत्रकारिता पुरस्कारों के लिए तीन प्रतिष्ठित और प्रतिभाशाली पत्रकारों को नामित किया है। यह संगठन साहित्य, संस्कृति और पत्रकारिता के क्षेत्र में काम करता है। यह पुरस्कार आजतक के कार्यकारी संपादक संजीव पालीवाल, हिंदुस्तान (हिंदी) अखबार के प्रबंध संपादक प्रताप सोमवंशी और द लल्लनटॉप के संस्थापक संपादक सौरभ द्विवेदी को दिया जाएगा। इसी तरह ओडिशा पत्रकारिता पुरस्कारों के आठवें संस्करण से आर्गस न्यूज डिजिटल संपादक संग्राम केशरी सदांगी, द हिंदू के विशेष संवाददाता सत्य सुंदर बारिक और संबलपुर के जिला संवाददाता रत्नाकर भोई को सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार समारोह छह सितंबर को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया जाएगा। पल्लीबानी मिशन के अध्यक्ष रामचंद्र नाथ ने बताया कि पुरस्कार समारोह में मुख्यातिथि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पतंजलि आयुर्वेद और योग पीठ के संस्थापक स्वामी रामदेव विशेष अतिथि और द न्यू इंडियन एक्सप्रेस ग्रुप की संपादक सांत्वना भट्टाचार्य मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### उपराष्ट्रपति एन्क्लेव से निकलने के बाद कहां रहेंगे धनखड़? सरकार इस इलाके में ढूंढ रही ठिकाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे के बाद उनके ठिकाने को लेकर विपक्षी दलों की तरफ से लगातार सवाल उठाए जा रहे थे। हाल ही में इसको लेकर भी जानकारी सामने आ गई। वह फिलहाल उपराष्ट्रपति के आधिकारिक आवास उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में ही रह रहे हैं, लेकिन जल्द ही उन्हें नए आवास में शिफ्ट किया जाएगा। केंद्र सरकार ने उनके लिए बंगला ढूंढने की प्रक्रिया तेज कर दी है। इतना तय है कि उन्हें दिल्ली के लूटियंस जोन में ही कोई बड़ा सा बंगला दिया जाएगा। 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए धनखड़ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उसी दिन उन्होंने राज्यसभा की कार्यवाही की अध्यक्षता भी की थी। इस्फ़ेफ़े के बाद से न तो उन्होंने सार्वजनिक रूप से कोई बयान दिया है और न ही उन्हें किसी कार्यक्रम में देखा गया। हाल ही में राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने सरकार और खासकर गृह मंत्री अमित शाह से जददीप धनखड़ का पता पूछा था। हाल ही में जह इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को लेकर कांग्रेस से साल किया गया तो उसने धनखड़ का पता पूछ दिया था। पवन खेड़ा ने कहा था।

# 'अगर मुझे पता चल जाता तो; शारदा यूनिवर्सिटी के बीटेक के छात्र के सुसाइड पर क्या बोले पिता

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
ग्रेटर नोएडा की शारदा यूनिवर्सिटी के एक और स्टूडेंट ने खुदकुशी कर ली। मृतक छात्र बिहार के पूर्णिया का रहने वाला था, जो यहां रहकर बीटेक की पढ़ाई कर रहा था। छात्र के पिता का कहना है कि बेटे को इंजीनियर बनाने के लिए ग्रेटर नोएडा भेजा था, लेकिन उन्हें नहीं पता था कि वह यहां उसे खो देंगे। बेटे ने पढ़ाई छोड़ दी है अगर यह बात उन्हें पता चल जाती तो वह उसे दुनिया से नहीं जाने देते। बता दें कि, बीते एक महीने में शारदा यूनिवर्सिटी के किसी छात्र द्वारा खुदकुशी का यह दूसरा मामला है। जानकारी के अनुसार, शारदा यूनिवर्सिटी में बीटेक की पढ़ाई करने वाले एक छात्र ने शुक्रवार की रात नॉलेज पार्क स्थित निजी छात्रावास में पंखे से लटककर खुदकुशी कर ली। पुलिस को कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें छात्र ने अपनी मौत के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। परिजनों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस परिजनों की शिकायत पर इस मामले की जांच कर रही है। बिहार के पूर्णिया में रहने वाले कार्तिक चंद डे का 24 वर्षीय बेटा शिवम डे शारदा यूनिवर्सिटी से बीटेक की पढ़ाई कर रहा था। एक निजी हॉस्टल में रहता था। शुक्रवार की रात करीब 8:30 बजे शिवम ने हॉस्टल के कमरे में पंखे से लटककर खुदकुशी कर ली। हॉस्टल के कर्मचारियों ने शिवम को नजदीक के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टरों ने शिवम को मृत घोषित कर दिया। पुलिस को मृतक के कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। पुलिस को छात्र के कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है। डायरी के पेज पर अंग्रेजी में लिखे सुसाइड नोट में छात्र ने अपनी मौत के लिए खुद को जिम्मेदार ठहराया। डायरी में लिखा है कि आत्महत्या करना मेरा अपना फैसला है। इसमें कोई भी व्यक्ति शामिल नहीं है। मैं पिछले एक साल से इसकी योजना बना रहा था। यह दुनिया मेरे लिए नहीं है या शायद मैं इसके लिए नहीं हूं। मैं सिर्फ बेकार हूं। पुलिस से अनुरोध है कि मेरी मौत के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाए। यूनिवर्सिटी से अनुरोध है कि मेरे परिजनों को फीस वापस कर दे। शायद मैं इस शिक्षा के लायक नहीं था। अगर यह देश महान बनना है तो शिक्षा प्रणाली में बदलाव करने की शुरुआत करनी होगी। मेरा अंग किसी लायक हो तो उन्हें दान करना चाहता हूं। अंत में लिखा कि बाबा माफ करना मैं आपका सहारा नहीं बन सका। छात्र के पिता कार्तिक चंद डे ने बताया कि वह लोन लेकर फीस जमा कर रहे थे। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने शिवम के गैरहाजिर रहने की जानकारी नहीं दी, जबकि फीस व अन्य के संबंध में मैसेज और मेल भेजते रहते थे। शिवम 2023 के बाद यूनिवर्सिटी नहीं गया था तो फीस किस लिए ली गई। रैगिंग की शिकायत की थी : परिजनों ने बताया कि फर्स्ट ईयर में यूनिवर्सिटी में शिवम के साथ रैगिंग की गई थी। यह बात शिवम ने अपने परिवार को बताई थी। उन्होंने उसे समझाया था कि कुछ नहीं है, सब कुछ ठीक हो जाएगा। शिवम के पिता कार्तिक चंद डे ने बताया कि इंजीनियर बनाने के लिए ग्रेटर नोएडा भेजा था, लेकिन उन्हें नहीं पता था कि वह यहां अपने बेटे को खो देंगे। पिता कार्तिक चंद डे ने यूनिवर्सिटी प्रशासन पर आरोप लगाया कि उन्होंने कभी नहीं बताया कि शिवम यूनिवर्सिटी नहीं आता है और उसने पढ़ाई छोड़ दी है, यदि यह बात उन्हें पता चल जाती तो वह अपने जिगर के टुकड़े को इस दुनिया से नहीं जाने देते।



## केवल आंसुओं से दहेज उत्पीड़न साबित नहीं होता, दिल्ली हाईकोर्ट का अहम फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली हाईकोर्ट ने कथित दहेज उत्पीड़न के मामले में एक बेहद अहम फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने मृतक विवाहित महिला के पिता की याचिका खारिज करते हुए उसके पति व ससुरालवालों को आरोपों से बरी कर दिया। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि महज पीड़िता के आंसुओं के आधार पर किसी विवाहिता की मौत को दहेज हत्या व क्रूरता नहीं कहा जा सकता। हाईकोर्ट ने इस मामले में मृतका के पति व उसके परिवार के सदस्यों को आरोपमुक्त किए जाने के निर्णय को बरकरार रखा है।

जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की बेंच ने कहा कि मृतका के रोने की गवाही देकर किसी अपराध को साबित नहीं किया जा सकता। मृतका की बहन का बयान सीआरपीसी की धारा 161 के तहत दर्ज किया गया था। इसमें उसने कहा था कि होली के अवसर पर उसने अपनी बहन को फोन किया था। उसे रोते हुए पाया था। बेंच ने कहा कि केवल इसलिए कि मृतका रो रही थी, दहेज उत्पीड़न का कोई मामला नहीं बनाया जा सकता।




बेंच ने मृतका के पिता द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया। इस याचिका में दहेज हत्या व क्रूरता के अपराधों के लिए पति व उसके माता-पिता को बरी करने को चुनौती दी गई थी।

याचिका में आरोप लगाया गया था कि शादी के बाद उनकी बेटी के पति और ससुरालवालों द्वारा अतिरिक्त दहेज लाने की मांग की गई। आरोप लगाया गया था कि जब मांगें पूरी नहीं हुईं, तो उनकी बेटी को अपमानित और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया, जिसके कारण उसकी मृत्यु हो गई। हाईकोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि मृतका की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में कहा गया है कि उसकी मृत्यु निमोनिया के कारण हुई थी।

## दिल्ली में कभी भी आ सकती है बाढ़! खतरे के निशान के करीब पहुंची यमुना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के पुराने रेलवे पुल पर यमुना नदी का जलस्तर शनिवार सुबह करीब नौ बजे 205.22 मीटर तक पहुंच गया, जो खतरे के निशान 205.33 मीटर से कुछ ही कम है। ऐसे में आशंका है कि दिल्ली के यमुना के किनारे पर स्थित इलाकों में बाढ़ कभी भी आ सकती है। दिल्ली में यमुना का पानी तेजी से बढ़ने के पीछे की वजह भी सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार, दो बैराज का पानी छोड़ने के कारण यमुना का जलस्तर बढ़ गया है।



दिल्ली में यमुना के जलस्तर के बारे में जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि, जलस्तर की स्थिति पर नजर रखी जा रही है और जलस्तर में वृद्धि के पूर्वानुमान को देखते हुए सभी संबंधित एजेंसियों को बाढ़ जैसी स्थिति से निपटने के लिए एहतियाती कदम उठाने को कहा गया है। केंद्रीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष के एक अधिकारी ने कहा कि जलस्तर में वृद्धि का मुख्य कारण वजीराबाद और हथिनीकुंड बैराज से हर घंटे छोड़े जा रहे पानी की अधिक मात्रा है। ऐसे में पानी की भारी मात्रा छोड़े जाने के बाद दिल्ली के कई इलाकों पर बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। पानी अगर इसी तरह बढ़ता रहा तो जल्दी ही यमुना के किनारे वाले इलाकों में बाढ़ आ जाएगी और लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। बाढ़ नियंत्रण विभाग के अनुसार, हर घंटे हथिनीकुंड बैराज से लगभग 38,897 क्यूसेक पानी और वजीराबाद बैराज से 45,620 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। शहर के लिए चेतावनी का स्तर 204.50 मीटर है, जबकि खतरे का निशान 205.33 मीटर है और जलस्तर 206 मीटर पहुंचते ही निचले इलाकों से लोगों की निकासी शुरू कर दी जाती है। बैराज से छोड़े गए पानी को दिल्ली पहुंचने में आमतौर पर 48 से 50 घंटे लगते हैं। ऐसे में आने वाले एक-दो दिन में बैराज से छोड़ा गया पानी दिल्ली पहुंच जाता है।

## दिल्ली में जन्माष्टमी पर इस्कॉन मंदिर की सुरक्षा में चूक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर दिल्ली के इस्कॉन मंदिर की सुरक्षा में लापरवाही बरतने पर शनिवार को वहां तैनात आठ पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया। दरअसल दिल्ली पुलिस के आयुक्त एसबीके सिंह सुरक्षा उपायों की समीक्षा करने के लिए मंदिर के दौरे पर गए थे, इसी दौरान वहां उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था में चूक पाई, जिसके बाद उन्होंने लापरवाही बरतने वाले इंस्पेक्टर और सब-इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारियों सहित आठ पुलिसवालों को निलंबित करने का आदेश जारी कर दिया। सिंह ने कहा है कि सुरक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही, खासकर बड़े त्योहारों के दौरान, बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जन्माष्टमी पर्व पर हर साल की तरह इस बार भी मंदिरों व धार्मिक स्थलों पर बड़ी संख्या में लोगों के आने की संभावना को देखते हुए शहर भर में कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। अधिकारी ने कहा, अपने निरीक्षण के दौरान, आयुक्त ने पाया कि मंदिर परिसर के एक महत्वपूर्ण स्थान पर कोई सुरक्षाकर्मी तैनात नहीं था। इससे ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों की समग्र तैयारियों और सतर्कता को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा हो गईं।

जिसके बाद पुलिस प्रमुख ने तुरंत कड़ी कार्रवाई का निर्देश देते हुए कर्तव्य में लापरवाही बरतने के लिए आठ पुलिसकर्मियों को निलंबित करने का आदेश जारी दिया। साथ ही उन्होंने शाहबाद डेयरी थाने के थाना प्रभारी को भी कड़ी चेतावनी दी, जिनके अधिकार क्षेत्र में तैनाती का कुछ हिस्सा था।



अधिकारियों ने बताया कि निलंबित किए गए पुलिसकर्मियों में इंस्पेक्टर और सब-इंस्पेक्टर शामिल हैं, जिन्हें मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी का जिम्मा सौंपा गया था। निर्धारित स्थानों से उनकी अनुपस्थिति को गंभीर चूक माना गया, खासकर जन्माष्टमी के लिए कड़ी सुरक्षा सलाह को देखते हुए।

वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि पुलिस आयुक्त ने सभी जिला पुलिस आयुक्तों को संवेदनशील धार्मिक स्थलों की व्यवस्थाओं की व्यक्तिगत रूप से निगरानी करने और यह सुनिश्चित करने को कहा है कि पुलिसकर्मी सतर्क और सक्रिय रहें। पिछले हफ्तेभर से दिल्ली पुलिस राजधानी भर में हाई अलर्ट पर है और त्योहारों के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए मंदिरों, बाजारों, परिवहन केंद्रों और अन्य भीड़-भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

इस बीच, इस्कॉन मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है और वरिष्ठ अधिकारी जमीनी स्तर पर स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।

## भारत की तरफ दोस्ती का हाथ और पाकिस्तान को पनडुब्बी... चीन के डबल गेम का पर्दाफाश!

**बीजिंग एजेंसी।**
चीन की ओर से पाकिस्तान की सैन्य ताकत को लगातार मजबूत बनाने की कोशिश की जा रही है। चीन ने एलान किया है कि पाकिस्तान को आठ हंगोर-श्रेणी की पनडुब्बियां देना वाला है। आठ में से तीन पनडुब्बियां चीन ने पाकिस्तान को सौंप दिया है। ड्रैगन लगातार पाकिस्तान नौसेनिक ताकत बढ़ा रहा है।

इससे पहले पाकिस्तान के लिए बनाई जा रही आठ पनडुब्बियों में से दूसरी पनडुब्बी इस वर्ष मार्च में सौंपी गई थी। इन पनडुब्बियों को पाकिस्तान ने बलूचिस्तान में ग्वादर बंदरगाह के साथ-साथ हिंद महासागर में तैनात किया है।

पाकिस्तान के उप नौसेना प्रमुख परियोजना-2 वाइस एडमिरल अब्दुल समद ने कहा कि हंगोर श्रेणी की पनडुब्बी के अत्याधुनिक हथियार और उन्नत सेंसर क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को बनाए रखने और समुद्री स्थिरता सुनिश्चित करने में सहायक होंगे।



स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, चीन ने पाकिस्तान के 81 प्रतिशत से ज्यादा सैन्य उपकरणों की आपूर्ति की।

पिछले पांच वर्षों में पाकिस्तान के कुछ प्रमुख ऑर्डरों में देश का पहला जासूसी जहाज, रिजवान; 600 से ज्यादा ड्ड्ड्र-4 युद्धक टैंक और 36 छ्व-10ष्टश्व 4.5-पीढ़ी के लड़ाकू विमान शामिल हैं। चीन ने 2022 में पाकिस्तानी वायु सेना को बहुउद्देशीय छ्व-10ष्टश्व लड़ाकू विमानों की पहली खेप भेजी थी। बता दें कि जल्द ही चीनी विदेश मंत्री वांग यी, सोमवार को भारत पहुंच रहे हैं। बता दें कि ट्रंप द्वारा भारत और चीन पर टैरिफ लगाए जाने के बाद दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्तों में गरमाहट बढ़ चुकी है।

## नागरिक की पहचान के लिए भारत में आधार कार्ड तो पाकिस्तान में चलता है पहचान पत्र नादरा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** भारत में जिस तरह आधार कार्ड हर नागरिक की पहचान बन चुका है वैसे ही पाकिस्तान में भी एक ऐसा ही जरूरी पहचान पत्र है। इस कार्ड को नादरा कार्ड या कंप्यूटराइज्ड नेशनल आइडेंटिटी कार्ड कहा जाता है। आइए जानते हैं कि भारत के आधार कार्ड और पाकिस्तान के सीएनआईसी में क्या समानताएं हैं और क्या फर्क है। पाकिस्तान में नेशनल डाटाबेस एंड रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी नागरिकों को पहचान पत्र जारी करती है। यह कार्ड हर पाकिस्तानी नागरिक के लिए ज़रूरी है। भारत के आधार कार्ड की तरह इसमें भी फोटो, फिंगरप्रिंट्स, आइरिस स्कैन और पूरा बायोमेट्रिक डाटा होता है। जहां आधार में 12 डिजिट का नंबर होता है वहीं सीएनआईसी में 13 अंकों का यूनिक नंबर होता है। इस कार्ड में एक बायोमेट्रिक चिप भी लगी होती है जिससे सरकार को एक क्लिक में नागरिक की सारी जानकारी मिल जाती है। उम्र की सीमा- भारत में बच्चों का भी आधार कार्ड बन सकता है जबकि पाकिस्तान में सीएनआईसी कार्ड केवल 18 साल से ऊपर के नागरिकों को ही जारी किया जाता है। भारत का आधार कार्ड टेक्नोलॉजी और इंटीग्रेशन के मामले में सीएनआईसी से काफी एडवांस माना जाता है। आधार के जरिए यह पता चल सकता है कि किसी व्यक्ति ने कौन-सी सरकारी योजनाओं का लाभ लिया है उसका बैंक अकाउंट कहां है और उसका पैन कार्ड कहां है। यही वजह है कि भारत सरकार ने आधार को कई ज़रूरी कामों के लिए अनिवार्य कर दिया है।

### पश्चिम विहार में लिफ्ट के दरवाजे में फंसा सिर, बिहार के युवक की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के पश्चिम विहार इलाके में एक दर्दनाक हादसा हो गया। पुलिस ने शनिवार को बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स के एक गोदाम में माल उठाने वाली लिफ्ट के दरवाजे में सिर फंसने से एक 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक शिव कुमार बिहार के चंपारण जिले का मूल निवासी था। वह काम की तलाश में 5 दिन पहले ही दिल्ली आया था। शिव कुमार गोदाम में 12 हजार रुपये मासिक की सेलरी पर कार्यरत था। पुलिस के अनुसार, यह घटना गुरुवार शाम को तब हुई जब शिव कुमार लिफ्ट में सवार था। बताया जाता है कि उसका सिर लिफ्ट के दरवाजे में फंस गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में लापरवाही से हुई मौत का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटना की विस्तृत जांच कर रही है। लिफ्ट को सील कर दिया गया है। खामियों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए गए हैं। पुलिस ने बताया कि मृतक का बड़ा भाई रोहित शुक्रवार को दिल्ली पहुंचा और पोस्टमार्टम के बाद डेड बॉडी को प्राप्त किया।

## डॉक्टर ने किया दांतों के एक्सरे, बच्ची की रिपोर्ट देख मां के उड़े होश

**सामने आया चौंकाने वाला सच!**

**वॉशिंगटन , एजेंसी।**
अमेरिका के वॉशिंगटन स्टेट में एक आम डेंटल चेकअप ने एक मां और उसकी 13 साल की बेटी के लिए एक हैरान कर देने वाला अनुभव दे दिया। बेटी ब्रेसेज के लिए ऑर्थोडॉन्टिस्ट के पास गई थी लेकिन एक्स-रे ने एक चौंकाने वाला सच उजागर किया। उसकी साइनस में धातु का एक छोटा-सा टुकड़ा फंसा हुआ था। यह घटना मेडिकल मिस्ट्री की तरह सामने आई और सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई।

रिपोर्ट के अनुसार ओफीलिया (बदला हुआ नाम) अपनी 13 साल की बेटी को ब्रेसेज की प्रक्रिया शुरू करवाने के लिए डॉक्टर के पास ले गई थीं। जब डॉक्टर ने एक्स-रे देखा तो



सब दंग रह गए। ओफीलिया ने बताया, एक्स-रे स्क्रीन पर बेटी के साइनस में धातु का एक छोटा टुकड़ा साफ दिख रहा था। हम समझ ही नहीं पा रहे थे कि ये क्या है।

यह कहानी छह महीने पुरानी थी। ओफीलिया की बेटी को ष्ठ॥ष्ठ (अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर) है जिसके कारण उसमें आवेग को नियंत्रित करने की क्षमता कम थी। मां के मना करने के बावजूद उसने कान की बाली से अपनी नाक खुद ही छेदने की कोशिश की। ओफीलिया के मुताबिक उसने इयररिंग को नाक के अंदर से धकेलने की कोशिश की। शायद छींक आने या किसी और वजह से वह टुकड़ा साइनस में फंस गया। बेटी ने यह बात अपनी मां से डर के मारे छिपा ली थी। जब इस घटना का खुलासा हुआ तो ओफीलिया ने अपनी हैरानी को ऋद्गस्त्रस्रद्बह्ल पर शेयर किया। उनकी पोस्ट वायरल हो गई और इसे 73,000 से ज़्यादा लोगों ने पसंद किया। अच्छी बात यह है कि इस घटना का अंत सुरक्षित और दर्द रहित रहा। एक श्वह्लञ्ज (कान, नाक, गला) विशेषज्ञ ने लंबी मेडिकल चिमटी से उस धातु के टुकड़े को आसानी से निकाल दिया। ओफीलिया ने बताया कि उनकी बेटी को ज़रा भी दर्द नहीं हुआ।

इस घटना के बाद मां का नजरिया भी बदल गया है। पहले वह नोज पियर्सिंग के सख्त खिलाफ थीं लेकिन अब उन्होंने हंसते हुए कहा कि शायद इस साल वह अपनी बेटी को नाक छिदवाने की इजाजत दे देंगी।

## इंडोनेशिया के सुलावेसी में 5.7 तीव्रता का भूकंप आया

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया के सुलावेसी में रविवार को 5.7 तीव्रता का भूकंप आया। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज (जीएफजेड) ने बताया कि भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर (6.2 मील) की गहराई पर था। किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। अधिकारी स्थिति पर नजर रख रहे हैं। इससे पहले मंगलवार को इंडोनेशिया के पूर्वी पापुआ क्षेत्र में 6.3 तीव्रता का भूकंप आया था। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, इसका केंद्र पापुआ के अबेपुरा शहर से लगभग 193 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित था। यह द्वीपसमूह प्रशांत महासागर के रिंग ऑफ फायर का हिस्सा है, यहां टेक्टोनिक प्लेटों के टकराने से अक्सर भूकंपीय गतिविधियां होती रहती हैं। अफगानिस्तान में शनिवार देर रात 4.9 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप का केंद्र जमीन के 10 किलोमीटर उथली गहराई में रहा। 13 अगस्त को 10 किलोमीटर की गहराई पर 4.2 तीव्रता का और आठ अगस्त को 10 किमी की गहराई पर 4.3 तीव्रता का भूकंप आया था। एनसीएस के अनुसार, उथले भूकंप आमतौर पर गहरे भूकंपों की तुलना में ज्यादा खतरनाक होते हैं। ऐसा इसलिए है।

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन की अस्थियां रजरप्पा स्थित दामोदर नदी में विसर्जित

**मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रीति-रिवाज एवं परंपरा के अनुरूप 'गुरुजी' की अस्थियां दामोदर नदी के घाट पर विसर्जित की**



**रामगढ़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के अस्थि-कलश को लेकर पैतृक गांव नेमरा से रजरप्पा स्थित दामोदर नदी घाट पहुंचे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने यहां पूरे पारम्परिक विधि-विधान से स्मृति शेष-"गुरुजी" की अस्थियों को दामोदर नदी में विसर्जित किया। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के साथ उनके छोटे भाई विधायक श्री बसंत सोरेन सहित अन्य पारिवारिक सदस्य तथा नेमरा ग्रामवासी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने नम आंखों से स्मृति शेष-दिशोम गुरु शिबू सोरेन की अस्थियां विसर्जित की।रजरप्पा स्थित दामोदर नदी के घाट पर स्थानीय पाहन द्वारा सभी विधिवत रीति-रिवाज का अनुपालन कराते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के हाथों से स्मृति शेष-दिशोम गुरु शिबू सोरेन की अस्थियां विसर्जित कराई गई। अस्थियां प्रवाहित करते समय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के आंखों में अपने पिता को खोने की पीड़ा साफ झलक रही थी।

## 26वीं वाहिनी ने चलाया नशीली दवाओं के विरुद्ध जागरुकता अभियान

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आईटीआई मोड़, चास, बोकारो स्थित 26 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा दिनांक 16/08/2025 को श्री राजीव रंजन, कमाण्डेंट 26वीं वाहिनी के दिशा-निर्देश में राष्ट्रव्यापी नशीली दवाओं के विरूद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो, महानिदेशालय, नई दिल्ली द्वारा दिये गये निर्देशोंनुसार चलाया गया। इस अभियान के अन्तर्गत 26वीं वाहिनी के अधिकारियों एवं जवानों द्वारा चास, बोकारो स्थित बाल सुधार गृह के बच्चों को नशीली दवाओं के नियंत्रण एवं उसके रोकथाम के बारे में शिक्षित व जागरूक किया गया। इसके अलावा साईकिल रैली का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों को नशीली दवाओं के दुरूपयोग के दुष्प्रभावों, उसका नियंत्रण एवं रोकथाम के बारे जागरूक एवं प्रेरित किया गया।

# उपायुक्त ने किया टुंडी एवं गोविंदपुर स्थित कृषक पाठशाला का निरीक्षण



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने टुंडी प्रखंड एवम गोविंदपुर प्रखंड स्थित कृषक पाठशाला का निरीक्षण किया। उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि कृषक पाठशाला माननीय मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना है। इसके तहत स्थानीय किसानों को अपने पैरों पर खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं। परंतु अगर कृषक पाठशाला की स्थिति अच्छी नहीं होगी तो हम किसानों को बेहतर प्रशिक्षण नहीं दे पाएंगे। राज्य सरकार के इस योजना के तहत जो फार्म चल रहे है उसको उन्नत किस्म का बनाने के लिए जिला प्रशासन प्रयासरत है। इसके तहत दो फार्म का भ्रमण किया गया। दोनों में जो कमियां एवं अच्छाइयां थी उन्हें देखा गया है। कहीं कहीं मेजर कमियां मिली है साथ ही कुछ स्थानीय अतिक्रमण भी समस्या है। उन्होंने कहा की जो गुणवत्तापूर्ण कार्य होने थे उसमें भी कमियां पाई गई है। साथ ही कार्य की प्रगति काफी धीमी है। उपायुक्त ने दोनो फार्म के एजेंसी को 1 महीने का अंतिम समय देते हुए निर्देशित किया की शेष कार्य अविलंब सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने कहा कि कुछ ऐसे कार्य जो आवश्यक है परंतु कृषक पाठशाला के योजना के अंतर्गत नहीं है, जैसे तालाब का जीर्णोद्धार, अतिक्रमण मुक्त, बाउंड्री, दरवाजा, सुरक्षा व्यवस्था, सड़क आदि उसे जिला द्वारा सुनिश्चित कराया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि फार्म अपने आप में इकोनामी हब की तरह खड़ा हो, फॉर्म को किसी एफपीओ को हैंडोवर हो सके, वह अपना व्यापार कर सके फॉर्म से यही उद्देश्य है। साथ ही किसानों को लाभ मिले उनका एक्सपोजर अच्छा हो। फॉर्म को एक आइडियल इंटीग्रेटेड फार्म के तहत विकसित किया जा सके यही हमारी प्राथमिकता है।मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी अभिषेक मिश्रा, टुंडी प्रखंड विकास पदाधिकारी विशाल पांडेय समेत अन्य पदाधिकारी तथा कर्मी मौजूद रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक की गला दबाकर हत्या, प्रेमिका के पिता, माँ, भाई, दादा गिरफ्तार

**डालटनगंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के सुआ के 30 वर्षीय युवक अमरेंद्र सिंह उर्फ बबलू की हत्या मामले में उसकी प्रेमिका के पिता, माँ, दादा भाई को गिरफ्तार किया गया है। शादी के बाद भी युवक का प्रेमिका से अवैध संबंध बना हुआ था। विरोध के बाद ही दोनों का मिलना जुलना होता था। 15 अगस्त को दोनों एक स्कूल में मिले थे और रात में दोबारा प्रेमिका के घर पर मिलने की तैयारी थी। इसी बीच युवक को पड़कर उसे कमरे में बंद कर रखा गया और फिर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी गई। रेलवे ट्रैक पर डेड बॉडी फेंक दिया गया ताकि दुर्घटना साबित हो जाए। 16 अगस्त की सुबह डालटनगंज रेलवे स्टेशन से सटे जोगियाही रेल पटरी से शव क्षत विक्षत बरामद किया गया था। परिजनों के बयान और अनुसंधान के क्रम में मामले का उद्देदन कुछ ही घंटे में कर लिया गया और प्रेमिका के पिता, मां, दादा और भाई को गिरफ्तार किया गया। घटना में इस्तेमाल रस्सी, गमछा, मोबाइल फोन, और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। जिले की एसपी रिष्मा रमेशन ने रविवार दोपहर 12 बजे उदभेदन की पूरी जानकारी दी।

### ठाकुर कुल्ही दुर्गा पूजा समिति ने मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ठाकुर कुल्ही दुर्गा मंदिर में श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों व स्थानीय लोगों ने हर्षोल्लास के साथ जन्माष्टमी महोत्सव मनाया। भजन कीर्तन के साथ कृष्ण जन्मोत्सव प्रारंभ



हुआ। गायक सुरेश श्रीवास्तव, जय शंकर ठाकुर, सुमन कुमार गिरी, संतोष कुमार मिश्रा, तापस सिकदर, शैलेश श्रीवास्तव, शारदा सिंह ने एक से बढ़कर एक गीतों से कान्हा का गुणगान किया। जय श्री कृष्ण के जयकारे से मंदिर प्रांगण गुंजायमान हो उठा, जिस पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। जन्माष्टमी महोत्सव को सफल बनाने में दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष मदन मोहन सिंह, सचिव विकास राय, जगन्नाथ पाठक, प्रद्युत कुमार राय, विमल कुमार, ओम शंकर ठाकुर, प्रसून पांडे, शशिकांत पांडे, रंजीत जायसवाल, संजय मिश्रा,नीरज मिश्रा, राजकुमार शर्मा, जयंत मिश्रा, बबलू सिंह, सुशील मिश्रा, भोला नाथ पांडे, संतोष रजक, मनीष मिश्रा, मनीष पाठक, सुमित पाठक, मिथिलेश ठाकुर,अप्पू चौरसिया, सुनील चौरसिया आदि सदस्यों का योगदान रहा।

### सूर्य मंदिर में तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव संपन्न

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जमशेदपुर के सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर में तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का समापन धूमधाम से हुआ। अंतिम दिन बिरसा मुंडा टाउन हॉल में बाल राधा-कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता और सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता का फाइनल आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। नन्हे बाल गोपाल और राधा रानी के मनमोहक रूप ने सभी को आकर्षित किया, वहीं सामाजिक एवं पर्यावरणीय विषयों पर आधारित सामूहिक नृत्य प्रस्तुतियों ने संदेश के साथ मनोरंजन भी किया। कार्यक्रम में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने झारखंडवासियों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवा पीढ़ी को संस्कृति और परंपराओं से जोड़ते हैं और समाज में एकता एवं प्रेम की भावना को सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम के आयोजन समितिके सदस्य भूपेंद्र सिंह ने बताया कि दो दिनों से प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसका आज समापन हुआ और इसके साथ साथ कृष्ण मंदिर में कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन भी किया जा रहा है।

# आठ बाइकों के साथ पांच चोर गिरफ्तार






**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। डीएसपी नवल किशोर सिंह की अगुवाई में बनाई गई एसआईटी टीम ने बाइक चोर गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने 5 अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें दो नाबालिक अपराधी भी शामिल है। पुलिस ने उनके पास से आठ बाइक बरामद किया है जो दुग्दा,चंद्रपुर धनबाद इलाके से चोरी की गई थी। इसकी जानकारी बोकारो एसपी हरविंदर सिंह ने दुग्दा थाने में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान दी।

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार बाइक चोर का सरगना आकाश यादव है जो चंद्रपुरा थान क्षेत्र का रहने वाला है जो ऑनलाइन जुआ का आदी है। वह अन्य युवकों को भी अपने झांसे में लेकर चोरी का काम करवाता था। सभी चोरी के बाइक को धनबाद में बेचने का काम किया जाता था। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि लगातार चोरी की घटना होने के कारण जांच अभियान को तेज किया गया था। इसी दौरान दुग्दा थाना क्षेत्र में एक चोरी की बाइक के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। उसी के निशानदेही पर सभी बाइक और चोरों को गिरफ्तार किया गया है।

## ओबीसी को नजरअंदाज करने वाले का होगा बहिष्कार

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय ओबीसी विचार मंच द्वारा बाराद्वारी विश्वकर्मा भवन में आज विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जमशेदपुर के सारे ओबीसी जातियां को मिलाकर बैठक की गई। मीडिया से बात करते हुए भारतीय ओबीसी विचार मंच के कार्यकारी अध्यक्ष विजय यादव ने बताया कि भारतीय संविधान ने हमें जो अधिकार दिया है, वह हमें नहीं मिल पा रहा है। हमें शिक्षा, नियोजन आदि क्षेत्र में समुचित आरक्षण नहीं मिल रहा है। कोई भी पार्टी की सरकार हो, जो ओबीसी को नजर अंदाज करेंगे, उसका हम लोग बहिष्कार करेंगे। वहीं भारतीय ओबीसी विचार मंच के महासचिव सुजीत कुमार शर्मा ने कहा कि हम लोग पहली बार पार्टी और दलगत भावना से ऊपर उठकर सभी ओबीसी जातियों को एक साथ, एक मंच के नीचे ले कर आए हैं।

# स्वतंत्रता सेनानी जगबंधु भट्टाचार्य के नाम पौधारोपण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 'स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान' द्वारा आयोजित 'स्वतंत्रता सेनानी स्मृति-वृक्ष रोपण समारोह' में बोकारो के पर्यावरण-मित्र चौक स्थित पर्यावरण-मित्र वाटिका में निर्मित 'स्वतंत्रता सेनानी स्मृति उद्यान' में वृक्षारोपण किया गया। पूर्व विधायक किया तथा 'स्वतंत्रता सेनानी स्मृति उद्यान' के निर्माण को एक अनूठा कार्य बताया । आज से ये पौधा 'अमर स्वतंत्रता सेनानी जगबंधु भट्टाचार्य लाल चंदन' के नाम से जाना जाएगा । संस्थान ने यह निर्णय लिया है कि झारखंड के निवासी सभी स्वतंत्रता सेनानियों के घर जाकर उनके जन्म



बिरंची नारायण ने चास प्रखंड के सतनपुर ग्राम निवासी प्रख्यात अमर स्वतंत्रता सेनानी श्रद्धेय जगबंधु भट्टाचार्य के नाम पर दिव्य वृक्ष लाल चंदन का एक पौधे लगाया। स्वतंत्रता सेनानी जगबंधु भट्टाचार्य के जन्म स्थल से लाई गई पवित्र मिट्टी को गढ्ढा खोदकर डाला गया फिर उस मिट्टी पर ही पौधा रोपण कर देश की आजादी में इनके योगदान और संघर्ष को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। बिरंची नारायण ने इस अवसर पर कहा कि उनका सौभाग्य है जो संस्थान ने उनके द्वारा अमर स्वतंत्रता सेनानी जगबंधु भट्टाचार्य के नाम वृक्ष लगाने का सुअवसर उन्हें प्रदान किया। संस्थान द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा और प्रकृति रक्षा हेतु किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा

स्थल से पवित्र मिट्टी लाकर उन स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर इस स्वतंत्रता सेनानी स्मृति उद्यान में वृक्षों को रोपित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी । अनेकों स्वतंत्रता सेनानियों के जन्म स्थलों से पवित्र मिट्टी लाकर उनके नाम से वृक्ष भी रोपित किए जा चुके हैं। 'स्वतंत्रता सेनानी स्मृति-वृक्ष रोपण समारोह' में शशि भूषण ओझा 'मुकुल', अखिलेश ओझा, बबलू पांडेय, लक्ष्मण शर्मा, विजय त्रिपाठी, नीरज सिंहा, अनुराग मिश्र, सोनू सिंह, मनीष झा, अर्जुन पांडेय, वीरेंद्र मिश्र, सुशील त्रिपाठी, विजय कुमार, नरोत्तम, उज्ज्वल, जीतू, प्रीतम, कुणाल, सचिन, शिवम्, बिट्टू, हिमांशु सहित कई पर्यावरण प्रहरी सह राष्ट्र प्रेमी उपस्थित रहे ।

## बाबा बैद्यनाथ को दही हांडी की अर्पित

**देवघर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बाबा मंदिर से जुड़ी प्राचीन परंपरा के अनुरूप आज दोपहर पट बंद होते ही बाबा बैद्यनाथ को पुरोहितों ने दही हांडी अर्पित किया। अनुष्ठान के कारण दोपहर 2 बजे के बाद ही पट बंद कर दिया गया। इसके बाद जलार्पण नहीं हुआ क्योंकि परंपरा के मुताबिक जब बाबा को दही अर्पित हो जाता है, उसके बाद पट बंद हो जाता है। शाम में श्रृंगार के वक्त ही पट खुलता है। दही हांडी का यह अनुष्ठान सभी 22 मंदिरों में किया जाता है। बाबा बैद्यनाथ की विशेष पूजा करते हुए दही चढ़ाया गया। जन्माष्टमी के बाद बाबा को दही चढ़ाकर विशेष पूजा की जाती है।

# शहीद मनिंद्र नाथ मंडल की जयंती मनाई गई



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हर वर्ष की भांति शहीद मनिन्द्र नाथ मंडल की 76 वां जयंती समारोह का आयोजन शहीद मैदान ( समाधि स्थल ) में मनाया गया। इस अवसर पर जिले के विधायक गण ,प्रमुख गणमान्य लोगों, समाज सेवी,जन प्रमुखों, महिला,युवा छात्रों द्वारा माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। सभी ने शहीद मणिन्द्र नाथ मंडल के जीवन गाथा संघर्ष गाथा समाज में अमुल परिवर्तन , विस्थापितो, अधिकार पर संघर्ष, पर किये गये कार्यो पर प्रकाश डाला। श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से विधायक राज सिन्हा, अरूप चटर्जी, विधायक जयराम महतो, पुर्व विधायक फुलचंद मंडल, तारा देवी,रेखा मंडल झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष लखि सोरेन, जिला सचिव मन्ना आलम, जग्गू महतो, मागा प्रसाद महतो। हिरेन मंडल मथुरा प्रसाद महतो ऐनुल हक प्रेम मंडल विधापतिदास तपन मंडल दिलीप मंडल प्रशांत मंडल, डा.माधव मंडल, अबुज मंडल, गणपत महतो,राजु पांडे, संतलाल प्रमाणिक,शैलेन मंडल, मणिन्द्र मंडल, गौऊर मंडल, धनंजय मंडल, महादेव मंडल, राहुल मंडल, राजकुमार मंडल, सुमित मंडल, संतोष मंडल,समीर मंडल, गणेश मंडल,सोनाली मंडल, विकाश मंडल, नाबिक मंडल, अनिल मंडल, परमेश्वर मंडल,लाली महतो, सत्यजीत मंडल, शम्भु मंडल, सुनील मंडल, बाबलु मंडल के अलावा सैकड़ो लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई जन्माष्टमी, बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालु

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इस बार जन्माष्टमी का त्यौहार पूरे धूमधाम और हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया. इस अवसर पर सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग मंदिर पहुंचे तथा विधि संवत तरीके से भगवान श्रीकृष्ण तथा मां राधा की पूजा अर्चना की तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया ।वंही इस मौके पर गिरिडीह के महत्वपूर्ण मंदिर मकतपुर स्थित शांति भवन में अद्भुत



नजारा देखने को मिला.यहां हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे मंदिर परिसर को काफी आकर्षक तरीके से सजाया गया था. खास तौर पर शाम को बड़ी संख्या में श्रद्धालु शांति भवन मंदिर पहुंचे तथा विधि संवत तरीके से पूजा अर्चना की. इस मौके पर वहां पर लगातार भजन कीर्तन का दौर चलता रहा, जिसका लोगों ने भरपूर आनंद उठाया. इस मौके पर खास तौर से महिलाएं अपने बच्चों के साथ वहां पर पहुंची.हमेशा की तरह इस बार भी मौके पर सभी बच्चे बाल गोपाल का रूप लिए हुए वहां पर सज धज के पहुंचे, जो की सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहे. इस दौरान लोग अपने बच्चों की फोटो और सेल्फी लेते हुए दिखे. वहीं श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा भी अच्छी व्यवस्था की गई थी ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी ना हो. इस पूरे जन्माष्टमी के समारोह को सफल बनाने में शांति भवन तथा उससे जुड़े भक्त जनों का सराहनीय सहयोग रहा.

## स्वामी सहजानंद सरस्वती शिक्षण संस्थान में झंडोतोलन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वामी सहजानंद सरस्वती शिक्षण संस्थान मे स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर, संस्थान के अध्यक्ष सुषमा देवी ने झंडोतोलन किया।इस अवसर पर वक्ताओं ने काफी प्रसन्नता ब्यक्त किया। यह परिसर सात साल से अवैध लोगों की गुलामी से 3/3/25 को मुक्त हुआ।आज यह परिसर अपनी स्वतंत्रता का झंडोतोलन भी कर रहा है । यह संस्थान स्मारक समिति पटना के जमीन पर अवस्थित है एवं स्वामी सहजानंद सरस्वती सेवा समाज के नियमावली से संचालित है । यह परिसर 25 स्थाई सदस्यों के निवेशित राशी से निर्मित है।अब संस्थान अपने नियमावली से संचालित हो रहा है। कुछ अधुरे कार्य यथाशीध्र संपादित करने का संकल्प लिया गया।इस अवसर पर उमा शंकर प्रसाद सिंह सेवा समाज के महा सचिव, रामा कान्त शर्मा संस्थान के सचिव, बैधनाथ ठाकुर उपकोषाध्यक्ष, जय शंकर सदस्य के साथ अन्य गणमान्य सदस्यों और अध्यपकों ने स्वतंत्रता के महत्व पर प्रकाश डाला।

# व्यवसाई वर्ग देश को आत्मनिर्भर बनाने की राह पर चल पड़ा है : संजय सेठ

**रांची/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर झारखंड का व्यावसायि वर्ग 'स्वदेशी अपनाएं आत्मनिर्भर भारत बनाएं' की राह पर चल पड़ा है। लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को जो आह्वान किया था उस दिशा में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने अपना पहला कदम बढ़ाया है।

चेंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी और अन्य प्रतिनिधियों ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान राज्यसभा के पूर्व सांसद महेश पोद्दार भी मौजूद रहे। बाद में पत्रकारों से बातचीत में रक्षा राज्य मंत्री ने बताया कि आगामी 27 अगस्त से गणपति उत्सव के मौके पर झारखंड में 'स्वदेशी अपनाएं आत्मनिर्भर भारत बनाएं अभियान' की शुरूआत होगी। उन्होंने कहा कि 'कम दाम ठोस सामान' अभियान की शुरूआत जब राजधानी रांची से शुरू होगी तब इसकी गूंज झारखंड के गांव और कस्बों तक पहुंचेगी।

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि एक समय था जब रक्षा उत्पादों के आयातक के रूप में भारत की पहचान थी आज आत्मनिर्भर भारत ने रक्षा उपकरणों के निर्यातक देश के रूप में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि खिलौने के क्षेत्र में भी भारत में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि कोरोना काल को भारत ने आपदा को अवसर के रूप में लिया।

# बीमा कर्मचारी संघ बोकारो की बैठक में कई निर्णय

**एकताबद्ध संघर्ष ही एक मात्र रास्ता है अपने हक को पाने का : हेमंत मिश्रा**






**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल के बोकारो इकाई के सदस्यों का एक दिवसीय बैठक संगठन के अध्यक्ष साथी सुशील कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल के महासचिव जगदीश चन्द्र मित्तल एवं सचिवालय के साथी एवं हजारीबाग मंडल के सभी शाखाओं के डेलीगेट की उपस्थिति रही, जिसमें बड़ी संख्या में महिला सदस्य भी शामिल हुई। अतिथियों तथा विभिन्न शाखाओं से आए डेलीगेट का स्वागत संयुक्त सचिव साथी दिलीप कुमार झा के द्वारा किया गया। सचिव द्वारा प्रतिवेदन तथा कोषाध्यक्ष द्वारा आय व्यय का लेखा जोखा सभा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस पर लगभग 22 वक्ताओं ने हिस्सा लिया और ध्वनि मत से इसे पारित किया गया। बैठक में अध्यक्ष साथी हेमंत कुमार मिश्र ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आज तक मजदूरों को अपना कोई भी हक बिना संघर्ष किया प्राप्त नहीं हो पाया है। और आज फिर से ऐसी स्थिति उत्पन्न की जा रही है, जहां हमें अपना अस्तित्व को बचाने के साथ-साथ इंडस्ट्री को भी बचाने के लिए तथा इसे जनोंन्मुख बनाए रखने के लिए संघर्ष हेतु खड़ा होना पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि इसके लिए मानसिक रूप से पूर्णरूपेण संगठित होकर संगठन के नेतृत्व में सतत संघर्ष करना होगा, कारण संगठन का कोई विकल्प नहीं है। महासचिव जगदीश चन्द्र मित्तल ने कहा कि कर्मचारियों पर काम का दबाव होना इस सब के पीछे कर्मचारी संवर्ग में बहाली नहीं होने के साथ-साथ हमारे आम सदस्यों में अपने हितार्थ ज्ञान एवं समझदारी का अभाव भी एक बड़ा कारण है। उन्होंने आगे बताया की अनेकों विषम परिस्थितियों के बावजूद संगठन लगातार अपने सदस्यों से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयासरत रहता है। सदस्यों को विदित ही है कि संगठन के सतत प्रयास और एकताबद्ध संघर्ष से अपने हक प्राप्त करने की दिशा में सफलता पाते है। सदस्यो को संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा द्वारा 9 जुलाई 2025 को आहूत एक दिवसीय हड़ताल को सफल करने के लिए बधाई दिया। अध्यक्ष साथी सुशील कुमार सिंह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा क बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल के साथी को उनके आंदोलन के लिए क्रांतिकारी अभिनंदन किया।धनवाद से सांगठनिक सचिव अमित कुमार, गिरिडीह से धर्म प्रकाश साव, अनुराग मुर्मू, हजारीबाग से शंकर कुमार, विजय कुमार चौबे आदि ने अपना विचार रखा। दिलीप कुमार झा, सुशील कुमार सिंह,संत कुमार मेहता शाखा सचिव बने। बैठक को सफल करने वालों में प्रमुख रूप से सांगठनिक सचिव राकेश चन्द्र शर्मा, अजय कुमार, विनोद कुमार दास,निताई बनर्जी,राज कुमार, रणजीत कुमार, जवाहर रविदास, कुंदन कुमार, अनिल कुमार दास,संत कुमार मेहता सहित बोकारो के सभी साथियों ने इस सम्मेलन को सफल बनाने में योगदान दिया। धन्यवाद ज्ञापन साथी राकेश चन्द्र शर्मा ने दिया।

## घर के आगे से आवारा कुत्ते को भगाने के कारण मारपीट

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** घर के आगे से आवारा कुत्तों को भागने को लेकर मारपीट का एक मामला सामने आया है। घटना चास में घटी है। पिटाई का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में रामचंद्र गुप्ता और उसके पुत्र शुभम गुप्ता के द्वारा विभूति गुप्ता को लाठी डंडे और रॉड से पिटाई कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। इस मामले की शिकायत चास पुलिस से की गई है। चास थाना पुलिस ने इस मामले में अभी तक कोई कार्रवाई शुरू नहीं की है। घायल विभूति गुप्ता ने बताया कि रात के वक्त घर के बाहर आवारा कुत्तों को भगाकर गेट बंद कर रहा था। इसी दौरान रामचंद्र गुप्ता और सुभम गुप्ता ने इसका विरोध करते हुए लाठी डंडे से पिटाई शुरू कर दी। शुभम गुप्ता आवारा कुत्तों को घर के बाहर बुलाकर साथ में घूमने का काम करता है और दुकान के बाहर शौच कर देता है। इसकी इस हरकत से दुकानदार भी परेशान है और विरोध करने पर झगड़ा करता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com